राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 68
लखनऊ, बुधवार 18 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आग लगने से झोपड़ियां जलकर राख 10

विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी: एके शर्मा 03

पीएम मोदी ने समुद्री सुरक्षा, साइबर अपराध पर चार नई पहल का रखा प्रस्ताव

समुद्र साझा समृद्धि की हैं जीवनरेखा



एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा दौर में दुनिया को सबसे अधिक शांति, स्थिरता और पूर्वानुमेयता की आवश्यकता है तथा वैश्विक चुनौतियों का समाधान संवाद, आपसी सम्मान और सहयोग से ही संभव है। उन्होंने समुद्री सुरक्षा, साइबर अपराध से निपटने, साझा समुद्री विरासत और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के मंच पर चार नई पहलों का प्रस्ताव रखा।

मोदी ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर शांति, स्थिरता और पूर्वानुमेयता लाने में योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से दुनिया लगातार एक के बाद एक संकटों का सामना कर रही है। विभिन्न संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर दबाव बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने शांतिप्रिय समाजों के लिए आतंकवाद से उत्पन्न खतरों का भी उल्लेख किया। मोदी ने समुद्री सुरक्षा के लिए नाविक सुरक्षा पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत संयुक्त प्रशिक्षण और आपातकालीन प्रतिक्रिया के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्र साझा समृद्धि की जीवनरेखा हैं और नौवहन की स्वतंत्रता तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है। डिजिटल सुरक्षा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन साइबर अपराध सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध जैसे सीमा पार के नए खतरों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाना है।

मोदी ने कहा कि आसियान की एकता और केंद्रीय भूमिका भारत की एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है। भारत क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि के लिए आसियान के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने दक्षिण-पूर्व एशिया की मैत्री और सहयोग संधि (ट्रीटी ऑफ एमिटी एंड कोऑपरेशन) की 50वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि पांच दशक पहले इस क्षेत्र ने शांति, संप्रभुता के सम्मान और संवाद का महत्वपूर्ण संदेश दिया था।

मजबूत ऊर्जा भविष्य बनाने को प्रतिबद्ध है भारतः मिसरी



नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को कहा कि भारत एशिया के लिए सुरक्षित और मजबूत ऊर्जा भविष्य बनाने के वास्ते समान विचारधारा वाले देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर जोर दिया। मिसरी ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित चौथी एशिया जीरो-एमिशन कम्युनिटी (एजेडईसी) नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस बैठक का आयोजन जापान और फिलीपींस ने संयुक्त रूप से किया था।

मोदी ने थाईलैंड के पीएम से विभिन्न क्षेत्रों मे गति देने पर की चर्चा



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने मंगलवार को मनीला में थाईलैंड के पीएम अनुतिन चर्नविराकुल से मुलाकात की और उन्हें पदभार संभालने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने भारत और थाईलैंड के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापार, रक्षा एवं सुरक्षा, संपर्क और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई गति देने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि भारत और थाईलैंड समुद्री पड़ोसी हैं और सदियों पुराने साझा इतिहास, संस्कृति तथा आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े हुए हैं।

मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मनीला में 23वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। इस रोडमैप को सितंबर 2025 में प्रधानमंत्री वोंग की भारत यात्रा के दौरान अपनाया गया था। उन्होंने आठ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आगे की राह पर चर्चा की। इनमें आर्थिक सहयोग, कौशल विकास, डिजिटलीकरण, स्थिरता, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा, रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हैं।

पीएम 21 को करेंगे 'नीतीश सेतु' का लोकार्पण

उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच बढ़ेगी कनेक्टिविटी, घटेगा यातायात का दबाव

एजेंसी, पटना।



बिहार की आधारभूत संरचना को मजबूती देने वाली महत्वाकांक्षी कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना पूरी हो गई है। अब यह पुल नीतीश सेतु के नाम से जाना जाएगा। आगामी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री इस पुल का लोकार्पण कर इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

इस परियोजना से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन सुगम होने के साथ राज्य की आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। इसके शुरू होने से पटना और वैशाली के बिदुपुर के बीच सीधा संपर्क मजबूत होगा। साथ ही उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच दशकों से चली आ रही आवागमन संबंधी चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का दबाव भी कम होने की उम्मीद है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना वर्ष 2012 में राज्य की तत्कालीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने की थी। उसी वर्ष सितंबर में आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आईडीए) ने इसे सैद्धांतिक मंजूरी दी। इसके बाद फरवरी 2013 में ट्रांजैक्शन एडवाइजर की नियुक्ति की गई और कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड को परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया।

यीडा क्षेत्र में निवेश का नया रिकॉर्ड, 37 हजार करोड़ की परियोजनाएं तैयार

लखनऊ। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को बड़ी सफलता मिल रही है। प्रदेश सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों, पारदर्शी निवेश प्रक्रिया, बेहतर कनेक्टिविटी और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का परिणाम है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5.0 के लिए तैयार परियोजनाओं का निवेश निर्धारित लक्ष्य से कहीं आगे निकल गया है। जीबीसी-5.0 के लिए निर्धारित 30,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 36,867.42 करोड़ रुपये की परियोजनाएं तैयार हो चुकी हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 53,032 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार संग किए श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन



मथुरा,एजेंसी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को परिवार के साथ भगवान श्री कृष्ण की पावन जन्मभूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर ठाकुर जी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। इससे पहले सोमवार को उन्होंने वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी जी के दर्शन किए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान में वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से पूजन कर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनका पूरा परिवार भी साथ था। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद, उनकी पत्नी सविता कोविंद व पुत्री स्वाति कोविंद के श्री कृष्ण जन्मस्थान आगमन को लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। उनके आगमन पर निर्धारित वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की गईं।

ट्रम्प ने की मोदी की तारीफ बोले, वे टफ इंसान

ईरान पर बोले- वह पागल देश, उसे परमाणु हथियार नहीं करने देंगे हासिल

एजेंसी, मनीला।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मंगलवार को फिलीपींस में मुलाकात हुई। दोनों लीडर राजधानी मनीला में हो रही क्वाड मीटिंग में शामिल हुए। ट्रम्प ने मोदी की तारीफ की और कहा कि वे टफ इंसान हैं। क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज शामिल हुए हैं।

ट्रम्प ने बैठक के दौरान ईरान पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान पागल देश है। इसी वजह से उसे परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जा सकता। ट्रम्प की पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऐसी मुलाकात हो पाएगी या नहीं, लेकिन अगर मौका मिला तो वे जरूर मिलेंगे। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन चीन जा रहे हैं और वे भी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मेहमान होंगे। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि किम भी वहां आना चाहेंगे, लेकिन देखते हैं कि आगे क्या होता है। क्वाड देशों की बैठक के दौरान ट्रम्प ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर कई अहम समझौतों का ऐलान किया।

ट्रम्प ने कहा कि इन समझौतों का मकसद चारों देशों की सप्लाई चेन को सुरक्षित करना और किसी एक विदेशी सप्लायर पर निर्भरता कम करना है। इससे किसी एक देश को दूसरे देशों पर आर्थिक दबाव बनाने का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से चारों देशों की ताकत बढ़ेगी और उनकी सुरक्षा मजबूत होगी। ट्रम्प ने ईरान की ओर से अमेरिका पर हमले से जुड़े सवाल पर सख्त चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि अगर ईरान की ओर से ऐसा कोई खतरा है, तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रम्प ने कहा, अगर ऐसा कोई खतरा है, तो उन्हें ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी, जैसी किसी देश ने आज तक नहीं चुकाई होगी। मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं है, लेकिन हम इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

धनशोधन मामले में भारत लाया गया यूक्रेनी नागरिक



नई दिल्ली,एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में वांछित यूक्रेनी नागरिक ओलेक्सांद्र जपिचेंको को रोमानिया से प्रत्यर्पित कर मंगलवार को भारत लाया गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और ईडी के समन्वय से यह कार्रवाई की। आरोपी को मुंबई लाया गया है। सीबीआई के अनुसार, जपिचेंको के खिलाफ ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था।

35 सोलर प्लांट व एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और औद्योगिक इकाइयों की ऊर्जा लागत कम करने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत योगी सरकार ने प्रदेश के 25 जिलों में 35 सोलर प्लांट स्थापित करने एवं एक हजार करोड़ रुपये के 18 निवेश प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इससे जहां एक ओर कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण प्रदेश में ही होगा, वहीं दूसरी ओर किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दिल्ली मेट्रो में बड़ी सेंध! संदिग्ध ने काटी केबल

नई दिल्ली,एजेंसी। मेट्रो की सुरक्षा में सेंध लगाकर यात्रियों की जान खतरे में डालने का गंभीर मामला सामने आया है। शहीद स्थल और वेलकम स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर सिग्नलिंग की तीन क्वाड केबल अलग-अलग जगहों से काट दी गईं। इससे 15 ट्रैक सर्किट ड्रॉप हो गए। डीएमआरसी कर्मचारियों ने किसी तरह आपातकालीन व्यवस्था कर ट्रैफिक को सामान्य कराया। इस संबंध में नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएमआरसी के जेई/एसटी पद पर तैनात कर्मचारी ओमपाल ने नंदग्राम थाने में शिकायत देकर बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का प्रमुख पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

नितिन नवीन आज जालंधर से शुरू करेंगे 'समरसता संकल्प यात्रा'



एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार को पंजाब के जालंधर से भाजपा की 16 दिवसीय 'समरसता संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अपने एक दिवसीय जालंधर प्रवास के दौरान वे डेरा सचखंड बल्लां में पूजा-अर्चना करेंगे, जनसभा को संबोधित करेंगे और संत समाज के साथ सहभोज एवं संवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नितिन नवीन दोपहर 1:10 बजे जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:35 बजे जालंधर-पठानकोट जीटी रोड पर डेरा सचखंड बल्लां के समीप ग्राम रायपुर में समरसता संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। दोपहर 2:55 बजे वे ग्राम रायपुर में संत समाज के साथ सहभोज और संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को वर्षभर चलने वाले राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मना रही है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर काशी से हुई थी। अभियान के तहत अब तक देशभर में लगभग 29 हजार 'कलश वंदना यात्राएं' निकाली जा चुकी हैं। इसके अलावा 30 हजार से अधिक संतों से संपर्क किया गया है।

ओएनजीसी के गैस कुएं से रिसाव, तीन घंटे बाद प्रवाह नियंत्रित



एजेंसी, हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनसीमा जिले में मंगलवार को ओएनजीसी के एक गैस ड्रिलिंग कुएं से भारी मात्रा में गैस का रिसाव होने से आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। हालांकि, लगातार चलाए गए वेल-कंट्रोल अभियान के बाद दोपहर तीन बजे गैस के प्रवाह को नियंत्रित कर लिया गया। ओएनजीसी ने घटना में किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना से इनकार किया है। यह रिसाव ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के रिग से मामिदिकुदुरु मंडल के गेद्दाद गांव के पास हुआ। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हुआ। इससे स्थानीय निवासियों और राष्ट्रीय राजमार्ग-216 से गुजरने वाले यात्रियों में हड़कंप मच गया। आसपास के गांवों के लोगों ने गैस की तेज गंध आने की शिकायत की। रिसाव की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और राजमार्ग से गुजर रहे वाहन चालक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

'राधे-राधे कमल खिला दे' बीजेपी ने तीसरी बार दिया सरकार बनाने का नारा

समृद्धि न्यूज, मथुरा।



आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को धार देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो अनुसंधान केंद्र में दो दिवसीय योजना बैठक (16-17 नवंबर) का आयोजन किया। इस चिंतन बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की रणनीति पर मंथन किया। मंगलवार को बैठक के दूसरे दिन पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी के नए चुनावी नारे और संकल्प की जानकारी दी। पंकज चौधरी के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में सुबह की बैठक की शुरुआत सभी प्रतिनिधियों ने ÷राधे-राधे, कमल खिला दे÷ के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के ढाई करोड़ से ज्यादा सदस्य और दो करोड़ से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ता हैं। चौधरी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (एसपी), बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) को सफलता नहीं मिलेगी और भाजपा 2017 के ऐतिहासिक प्रदर्शन को दोहराते हुए तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। बैठक के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शिरकत की और प्रतिनिधियों को आगामी चुनावों के लिए मार्गदर्शन दिया। परखम पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सबसे पहले अंत्योदय के प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा और दिवंगत विश्व हिंदू परिषद नेता अशोक सिंघल के चित्र (पुण्यतिथि के अवसर पर) पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी तथा हरीश द्विवेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक मनीष दीक्षित के मुताबिक, 16 नवंबर से शुरू हुई।

तीन बांग्लादेशी नागरिक संग मददगार गिरफ्तार



एजेंसी, अररिया। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी 56वीं वाहिनी) की एफ समवाय जोगबनी की टीम (भारत-नेपाल सीमा) की बीआईटी ड्यूटी में तैनात जवानों ने नेपाल से भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों के साथ भारत में प्रवेश कराने में मदद पहुंचाने वाले एक भारतीय मददगार को गिरफ्तार किया है। जोगबनी बीसीपी गेट सीमा स्तंभ संख्या 180 के पास, भारत-नेपाल सीमा से लगभग 5 मीटर भारतीय सीमा के अंदर पर तैनात बीआईटी ड्यूटी दल द्वारा नेपाल से आ रहे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को रूटीन जांच के लिए रोका गया। कड़ाई से पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि उनमें से तीन व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो बिना वैध अनुमति के अवैध रास्तों से भारत में प्रवेश कर रहे थे।

पीएम ने सिख समुदाय को हमेशा दिया सम्मानः पुरी



एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मनीला स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारे के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद से ही विदेश यात्राओं के दौरान सिख समुदाय से जुड़ने और उनके धार्मिक स्थलों पर जाने को हमेशा प्राथमिकता दी है।

पुरी के मुताबिक 1947 के बाद किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के प्रति इतना सम्मान और जुड़ाव नहीं दिखाया। पुरी ने प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि अप्रैल 2015 में कनाडा दौरे में प्रधानमंत्री तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर के साथ वैंकूवर स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारा पहुंचे थे। इस यात्रा के साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद वहां जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इसी दौरे में उन्होंने कोमागाटा मारू संग्रहालय का भी दौरा किया था।

आजम को राहत, यूपी सरकार की अपील खारिज

हाईकोर्ट ने फर्जी प्रमाण पत्र मामले में सजा की थी सस्पेंड, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा बरकरार



समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।

सपा नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से आजम को जमानत दिए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। यूपी सरकार ने इस फैसले को चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 24 मई 2024 को आजम की सजा पर रोक लगा दी थी। 18 अक्टूबर 2023 को रामपुर की ट्रायल कोर्ट ने आजम, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की कैद की सजा सुनाई थी। इधर, ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली आजम की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट लंच के बाद फैसला सुनाएगा। इससे पहले, गिरफ्तारी के आधार बताने को लेकर ईडी और आजम के वकील में बहस हुई। सीनियर वकील इमरान उल्लाह ने कहा कि ईडी झूठ बोल रही है। आजम को गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया गया। श्वष्ठ के वकील जोबेर हुसैन ने जवाब दिया कि गिरफ्तारी का डॉक्यूमेंट लेने से इनकार की बात रिमांड अर्जी और पंचनामे में दर्ज है।

गिरफ्तारी का आधार बताने के लिए जब हमने आजम से अपने रिश्तेदारों की जानकारी देने के लिए कहा, तो उन्होंने कहा कि उनके सभी रिश्तेदार गुजर चुके हैं। हमने कोर्ट में इसकर वीडियो भी दिखाया है। आजम को 31 अक्टूबर 2026 को 2 पैन कार्ड मामले में जमानत मिली थी। इसके बाद उन्हें रामपुर जेल से रिहा किया गया। लेकिन, 1 नवंबर को जेल से बाहर निकलते ही ईडी ने जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गडकरी ने सूक्ष्म उद्यमियों को जेआरडी टाटा पुरस्कार से किया सम्मानित



एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित जेआरडी टाटा पुरस्कार 2026 समारोह में रोजगार सृजन और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले सूक्ष्म उद्यमियों को सम्मानित किया। इस वर्ष 14 उद्यमियों को पुरस्कार के लिए चुना गया था, इनमें पांच महिलाएं थीं। समारोह में उद्यमिता के क्षेत्र में काम करने वाले चार उद्यमियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की ओर से आयोजित इस समारोह में आंध्र प्रदेश से राज्यसभा सदस्य विजय चिंताकायाला और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस. महेंद्र देव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

बुलडोजर पर सवार होकर बारात लेकर पहुंचा दूल्हा

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले में एक दूल्हा बुलडोजर पर सवार होकर बारात लेकर निकला। रास्ते में लोग दूल्हे को देखने के लिए जुट गए। कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो और तस्वीर बनाई। रविवार को बलरामपुर में शादी की रस्म पूरी करने के बाद दूल्हा अपनी कार से दुल्हन को घर लेकर लौटा। इसका वीडियो मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे सामने आया है। मामला जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पयागपुर थाना क्षेत्र का है। अरकापुर निवासी लल्लू के बेटे अब्दुल कलाम की शादी रविवार को थी। वह अपनी बारात को कुछ अलग अंदाज में ले जाना चाहता था। ताकि शादी लंबे समय तक यादगार बनी रहे। इसी के चलते उसने परिजनों के सामने बुलडोजर पर बारात ले जाने की इच्छा जताई। परिजनों ने पहले उसे समझाया और ऐसा करने से मना किया। लेकिन वह अपनी ज़िद पर अड़ा रहा।आखिरकार परिवार के लोग उसकी इच्छा मान गए और बुलडोजर का इंतजाम किया। इसके बाद अब्दुल कलाम गाजे-बाजे के साथ बुलडोजर पर सवार होकर बारात लेकर बलरामपुर जिले के एकघरवा गांव स्थित अपनी ससुराल के लिए रवाना हुआ। रास्ते में बुलडोजर पर दूल्हे को देखकर लोग रुक गए। कई लोगों ने बारात की वीडियो बनाया और तस्वीरें भी खींची। शादी की सभी रस में पूरी होने के बाद अब्दुल कलाम अपनी दुल्हन के साथ कर से घर लौट मंगलवार को बारात का वीडियो सामने आने के बाद या अनोखी शादी चर्चा में आ गई।

पाँच वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर चमक रहा बहराइच का सितारा

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जनपद बहराइच के होनहार पैरा तैराक उत्कर्ष श्रीवास्तव ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया है। लगातार पाँच वर्षों से सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हुए पदक जीतने वाले उत्कर्ष ने अब सीनियर वर्ग में भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। भोपाल (मध्य प्रदेश) में आयोजित 26वीं सीनियर नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2026 में उत्कर्ष ने पुरुष SM-9 वर्ग की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में 03:27.24 के समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उत्कर्ष के राष्ट्रीय स्तर पर जीते गए पदकों की कुल संख्या 13 हो गई है। पाँच वर्षों तक सब-जूनियर और जूनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा साबित करने के बाद सीनियर वर्ग में पदक जीतना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उत्कर्ष की इस उपलब्धि से बहराइच जनपद का नाम राष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित हुआ है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।उत्कर्ष श्रीवास्तव की यह सफलता साबित करती है कि प्रतिभा, मेहनत और हौसले के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती।

उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा शासकीय कार्यहित में जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी सदर बहराइच अमन देओल को उप जिलाधिकारी कैसरगंज, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी को उप जिलाधिकारी सदर बहराइच, उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशान्त कुमार नायक को उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) के पद पर तैनात किया गया है। जबकि नवागंतुक उप जिलाधिकारी आकाश कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने व पेपर लीक रोकने को सौंपा ज्ञापन

बहराइच समृद्धि न्यूज़ गोपाष्टमी के पावन अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद और सर्वजन सनातन पार्टी (ससपा) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर स्थित मंदिरों में विशेष बैठक आयोजित कर भगवान को साक्षी मानकर सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान दोनों संगठनों ने गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौमाता की रक्षा करने तथा उन्हें राज्य माता या राष्ट्रमाता के रूप में प्रतिष्ठित करने की पुरजोर मांग उठाई। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए यूजीसी के काले कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने, सभी विद्यार्थियों के लिए निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा पेपर लीक घोटाले को जड़ से समाप्त करने का भी संकल्प लिया गया। इन जनहितकारी मांगों को लेकर नगर मजिस्ट्रेट बहराइच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित किया गया, ताकि गौ संरक्षण सुनिश्चित हो और युवाओं को न्याय मिल सके। इस मौके पर दोनों संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और कार्यालय व्यवस्था पर एएसपी ने दिए निर्देश



बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर का भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे कराने और निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जाएं।

इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, वाचक शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, जनशिकायत निस्तारण शाखा, पासपोर्ट शाखा, जनसूचना शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ और सामाजिक माध्यम प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हें अद्यतन और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों और लिपिकों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जिम्मेदारी से कार्य करने तथा कार्यालय आने वाले लोगों के साथ शिष्ट और सहयोगात्मक व्यवहार करने को कहा। जनशिकायत निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जनसुनवाई, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिकायतों के लंबित रहने से बचने के लिए प्रतिदिन समीक्षा करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कार्यालय के सभी अभिलेखों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने, फाइलों का उचित रखरखाव करने तथा कार्यालय परिसर और सभी शाखाओं में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय आने वाले लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने पर विशेष जोर दिया।

बेटी को तेंदुए के जबड़े से जिंदा बचा लाई मां

बच्ची को मच्छरदानी फाड़कर चारपाई से उठाकर भागा था तेंदुआ

समृद्धि न्यूज़





बहराइच एक मां अपनी 6 साल की बेटी को तेंदुए के जबड़े से छुड़ाने के लिए उससे भिड़ गई। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर के अंदर सो रही बच्ची को तेंदुए ने मच्छरदानी फाड़कर दबोच लिया। वह बच्ची को जबड़े में दबाकर घसीटते हुए भागने लगा। तभी बच्ची ने मां को आवाज़ लगाई। बेटी की चीज सुनते ही मां बिना एक पल गंवाए तेंदुए से भिड गई। एक तरफ तेंदुआ बच्ची को जबड़े में दबाकर अपनी ओर खींच रहा था दूसरी ओर मां पूरी ताकत लगाकर उसे छुड़ाने में जुटी थी। मां ने हार नहीं मानी आखिरकार उसने बच्ची को अपनी गोद में खींच लिया और तेंदुए के चंगुल से छुड़ा लिया। इस संघर्ष में बच्ची घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर सुजौली थाना क्षेत्र की है।

मोबाइल चार्ज करने के लिए उठी मां तो घुस आया तेंदुआ

सुजौली थाना क्षेत्र का टेपरा गांव जंगल से सटा है। यहां राजेश चौहान (35) अपने परिवार के साथ रहते हैं. परिवार में पत्नी बिन्द्रावती (33) व दो बेटियां अंशिका (11) दिव्या (6) और एक बेटा है। रात में दोनों बेटियां मां के साथ एक ही चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सोई थी। सुबह करीब 5 बजे बिन्द्रावती भैंस को चारा देने के लिए उठी। उनके साथ दिव्या की भी आंख खुल गई। दिव्या ने मां से मोबाइल चार्जिंग पर लगाने को कहा मां फोन चार्ज पर लगाने के लिए मूडी तभी पीछे से तेंदुआ घर में घुस आया। उसने मच्छरदानी फाडी और दिव्या को जबड़े में दबा लिया। इसके बाद वह बच्ची को घसीटते हुए बरामदे तक ले गया। दिव्या ने मां को आवाज लगु तो बिन्द्रावती पीछे से मुड़ी बेटी को तेंदुए के जबड़े से फंसा देख वह उसे बचाने के लिए भिड गई। उन्होंने पूरी ताकत लगाकर बच्ची को अपनी तरफ खींचा। शोर सुनकर पति राजेश और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने हाका लगाया तो तेंदुआ बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया।

मां बोली बच्ची की आवाज सुनकर दौड़ी

बिन्द्रावती ने बताया बच्ची मेरे पास सो रही थी। मैं सुबह भैंस को चारा डालने के लिए उठी थी भैंस बाहर बांधी थी तभी बेटी ने कहा मम्मी मोबाइल चार्ज पर लगा देना। मैं मोबाइल चार्ज करने लगी, तभी बच्ची चिल्लाई मम्मी मम्मी बघवा पकड़ लिया। मैं दौड़ कर गई तो देखा कि तेंदुआ बच्ची को अपनी तरफ खींच रहा था। मैं बच्ची को पकड़ कर अपनी तरफ खींचने लगी। तेंदुआ बच्ची को घसीट कर थोड़ी दूर बरामदे तक ले गया था। मैं बच्ची को गोद में पकड़ कर पूरी ताकत से अपनी तरफ खींचा और उसके चंगुल से छुड़ा लिया। बच्ची के पूरे शरीर पर खून फैल गया था। हम लोग उसे लेकर सुजौली गए। वहां टांके लगाए गए इसके बाद उसे मिहींपुरवा ब्लाक ले जाने को कहा गया। वहां से बच्ची को यहां भेज दिया गया।

हाथ पेट और गर्दन पर आई चोटे

तेंदुए के हमले में दिव्या के गर्दन, हाथ और पेट पर चोटे आई हैं मां को कोई चोट नहीं लगी है। परिजन घायल बच्ची को पहले नजदीकी सीएचसी पर ले गए। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल दिव्या का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर ईएमओ डॉक्टर आशीष वर्मा ने बताया कि बच्ची की गर्दन पर गंभीर चोट आई है। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटे हैं। उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

वन विभाग ने दी 5 हजार रुपए की मदद, इलाके में लगाया गया पिंजरा

डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। घटनास्थल के आसपास मिले फुटप्रिंट तेंदुए के होने की पुष्टि करते हैं। पीड़ित परिवार को तत्काल 5 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है। वन विभाग ने इलाके में पिंजरा भी लगाया है। साथ ही ग्रामीणों से रात में सतर्क रहने और घर के आसपास सावधानी बरतने की अपील की है। या पूरा इलाका जंगल से साटा है यहां अक्सर तेंदुए की मौजूदगी देखी जाती है।

गुटखा लेने घर से निकली किशोरी खेत में बदहवास मिली, तीन दिन बाद भी आरोपी फरार

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम गुटखा लेने घर से निकली 15 वर्षीय किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान किशोरी घर के सामने स्थित खेत में बदहवास अवस्था में मिली। घटनास्थल के पास एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद कर चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। परिजनों का कहना है कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

21 नवंबर को चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। चेक बाउंस से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 21 नवंबर 2026 (शनिवार) को जिला एवं सत्र न्यायालय, बलरामपुर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य चेक बाउंस के मामलों में लंबे समय से चल रही न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाकर पक्षकारों को शीघ्र राहत दिलाना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने बताया कि विशेष लोक अदालत में ऐसे लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा, जिनमें दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने के इच्छुक हों। समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण होने से वादकारियों को समय और धन की बचत होगी। साथ ही न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या कम करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे 21 नवंबर को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराएं और इस सुविधा का लाभ उठाएं। विशेष लोक अदालत का आयोजन 21 नवंबर 2026 को जिला एवं सत्र न्यायालय, बलरामपुर में होगा। इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत लंबित चेक बाउंस के मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाएगा।

ग्राम प्रहरियों को सतर्क रहने के निर्देश

- चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्राधिकारी ने की बैठक

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। थाना तुलसीपुर परिसर में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल की अध्यक्षता में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में हुई बैठक में गांवों, कस्बों और प्राथमिक विद्यालयों में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने तथा अपराधियों की धरपकड़ के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने सभी ग्राम प्रहरियों को अपने-अपने गांवों में विशेषकर रात के समय नियमित गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव के प्रमुख मार्गों, चौराहों, मंदिरों, प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सरकारी भवनों, बैंकों और सुनसान स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा। प्राथमिक विद्यालयों में हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए विद्यालयों में रखे इन्वर्टर, बैटरी, बर्तन, अनाज, पंखे सहित अन्य सामान की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। ग्राम प्रहरियों को प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में ताले, प्रकाश और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा रात में विद्यालयों के आसपास गश्त बढ़ाने को कहा गया। बैठक में गांवों में आने वाले बाहरी व्यक्तियों और संदिग्ध वाहनों पर नजर रखने के साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल थाना पुलिस, आपातकालीन सेवा 112 अथवा संबंधित बीट आरक्षी को देने के निर्देश दिए गए। ग्राम प्रहरियों से चोरी, लूट, अवैध शराब, जुआ, अवैध खनन सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना समय से पुलिस तक पहुंचाने को कहा गया। इसके अलावा पूर्व में चोरी जैसे अपराधों में शामिल रहे व्यक्तियों और जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस और ग्राम प्रहरियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए प्रत्येक ग्राम प्रहरी को अपने क्षेत्र के उपनिरीक्षक और बीट आरक्षी के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संपर्क किया जा सके।

दिव्यांग पेंशन की प्रक्रिया हुई आसान, दो औपचारिकताएं खत्म

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। दिव्यांगजनों को पेंशन का लाभ पाने के लिए अब ग्राम सभा के प्रस्ताव और खंड विकास अधिकारी की संस्तुति की आवश्यकता नहीं होगी। शासन ने दिव्यांग पेंशन योजना की आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए इन दोनों अनिवार्यताओं को समाप्त कर दिया है। इससे पात्र दिव्यांगजनों को आवेदन के लिए अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया कि नए निर्देशों के तहत पात्र दिव्यांगजन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो, आय प्रमाण-पत्र, जन्मतिथि दर्शाने वाला आयु प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अथवा विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक की कोर बैंकिंग सुविधा से जुड़ी पासबुक तथा आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियां अपलोड करनी होंगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित कार्यालय द्वारा सभी अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन पूरा होने के बाद पेंशन स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक पेंशन के लिए आवेदन नहीं किया है, वे नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवश्यक अभिलेखों सहित ऑनलाइन आवेदन करें।

आवेदन की छायाप्रति और सभी संबंधित अभिलेख एक सप्ताह के भीतर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, बलरामपुर में जमा करना अनिवार्य होगा।

लोक अदालत की सफलता के लिए डीजे ने बैठक क़र किया समीक्षा

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। विशेष लोक अदालतों एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायालय स्थित मीटिंग हॉल में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी दिनांक 21 नवम्बर को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अंतर्गत लंबित वादों के निस्तारण हेतु तथा दिनांक 28 नवम्बर को मोटर वाहन से संबंधित लंबित चालानों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालतों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा संबंधित न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विशेष लोक अदालतों में अधिकाधिक वादों एवं चालानों का निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए तथा संबंधित पक्षकारों को समय से सूचित करते हुए उन्हें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों एवं चालानों के निस्तारण हेतु प्रेरित किया जाए। साथ ही, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि विशेष लोक अदालतों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सफल आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त, आगामी दिनांक 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई।

जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों को अधिकाधिक वादों का पूर्व से चिन्हांकन एवं प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामलों को निस्तारण हेतु तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत की तुलना में अधिकाधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उक्त बैठक में श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत सहित जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे.

संविधान संवाद अभियान को सफल बनाने में जुटे न्यायिक अधिकारी

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 'संविधान संवाद' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किए जाने हेतु परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जनपद के एम0बी0 कॉलेज, बाराबंकी में श्रीमती नीलम कटियार, सिविल जज (जू0डि0), न्यायालय संख्या-14 एवं श्रीमती रंजना शर्मा, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल, बाराबंकी द्वारा विद्यार्थियों के मध्य संविधान विषयक परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी प्रकार सेन्ट्रल एकेडमी, आवास विकास, बाराबंकी में श्री सचिन राठौर, सिविल जज/एफटीसी एवं श्री तेज शंकर श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

मानव तस्करी और बाल अपराधों की रोकथाम पर बनी कार्ययोजना

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक एवं एएचटी/एसजेपीयू के नोडल अधिकारी विशाल पाण्डेय की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई और मानव तस्करी रोधी इकाई की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार, महिलाओं एवं बच्चों के उत्पीड़न, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और बाल विवाह की रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नशे के विरुद्ध अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

गोष्ठी में संबंधित विभागों और संस्थाओं के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा मानव तस्करी की रोकथाम से जुड़े प्रचलित कानूनों, नियमों, न्यायालय के निर्णयों और शासनादेशों की जानकारी दी गई। उनके प्रभावी अनुपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने मिशन शक्ति की टीमों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और शासन की ओर से उपलब्ध सहायता के बारे में जागरूक करें। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. जावेद अख्तर और डॉ. सिद्धार्थ कुमार गुप्ता, अभियोजन विभाग से विनय कुमार वर्मा, बाल कल्याण समिति की सदस्य ज्योत्सना कुमारी, सशस्त्र सीमा बल की 50वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट संजय तथा नौवीं वाहिनी के उपनिरीक्षक दीवान सिंह ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा बाल कल्याण समिति के सदस्य संतोष कुमार गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी, श्रम विभाग से रिजवान खान, समाज कल्याण विभाग से मंगल दीप, महिला कल्याण विभाग से शिवम गुप्ता एवं शुभम पाण्डेय, बाल सहायता सेवा से प्रिया श्रीवास्तव, महिला कल्याण विभाग के हरिश्चन्द्र गुप्ता तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक गोल्डी चतुर्वेदी मौजूद रहीं। गोष्ठी में देहात इंडिया संस्था के पवन कनौजिया, अजय कुमार एवं उमेश कुमार चौधरी, भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवता दीन पाण्डेय तथा एसोसिएट फॉर वालंट्री एक्शन राइट संस्था के सदस्य विशाल उनियाल ने भी सहभागिता की। इसके साथ ही महिला सेल की आरक्षी अनामिका वर्मा एवं सारिका पाण्डेय, मानव तस्करी रोधी थाना के थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, मुख्य आरक्षी राजकुमार गोड़, महिला आरक्षी अर्चना एवं गुड्डी सहित जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी और मिशन शक्ति के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हैदरगढ़ में दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत, चार गंभीर घायल; जिला अस्पताल रेफर

समृद्धि न्यूज़

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। गौरा मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस की मोटरसाइकिल पीआरवी (UP 32 DG 5054) की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, असंद्रा थाना क्षेत्र के मल्लाहन ताड़ निवासी सुमन (20) पुत्री जगदीश अपने भाई शिवा के साथ हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रौनी गांव स्थित गौतवन पुरवा में अपने नाना के घर रिश्तेदारी में जा रही थीं। इसी दौरान दुर्घटना स्थल पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरी बाइक पर डिप्टी लाल पुत्र छेदू निवासी रैसंडा, पंडरावा, सिद्धौर और अबरार पुत्र सिद्दीकी निवासी मुश्काबाद, सफदरगंज सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि सड़क हादसे की जानकारी मिली है। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

नियुक्ति की मांग पर अभ्यर्थियों ने केजीएमयू में प्रशासनिक भवन-घेरा

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। केजीएमयू में नियुक्ति की मांग को लेकर चयनित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रशासनिक भवन का घेराव किया। अभ्यर्थी वर्ष 2024 में नॉन-टीचिंग पदों पर निकली भर्ती में चयनित हुए थे। उनका आरोप है कि चयन और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के कई महीने बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। अभ्यर्थियों ने जल्द नियुक्ति पत्र जारी कर जॉइनिंग कराने की मांग की।

उनका कहना था कि प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान मौके पर पहुंचे चीफ प्रॉक्टर ने अभ्यर्थियों को शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अनुशासन बनाए रखने की नसीहत भी दी। मौके पर पहुंचे चीफ प्रॉक्टर ने छात्रों से कहा, आप लोग केजीएमयू में ही जॉइन कर रहे हैं न। इस तरह रास्ता ब्लॉक करना ठीक नहीं है। आपको यहीं जॉइन करना है। डिसिप्लिन भी तो जरूरी है।

साल 2024 में जारी भर्ती विज्ञापन संख्या 230,2024 के तहत 332 पदों पर सीधी भर्ती निकाली गई थी। इसे दो चरणों में पूरा किया गया। पहले चरण में 207 और दूसरे चरण में 125 पद शामिल थे। पहले चरण के कुछ पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं, जबकि दूसरे चरण के अभ्यर्थी करीब पांच महीने से नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं। दूसरे चरण में नौ तरह के पदों के लिए 3 अप्रैल 2026 को लिखित परीक्षा हुई थी। अभ्यर्थियों के अनुसार, 17 अप्रैल को इसका परिणाम जारी किया गया। इनमें टेक्निकल ऑफिसर मेडिकल परफ्यूजन, टेक्नीशियन रेडियोथेरेपी, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, जूनियर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, टेक्नीशियन न्यूक्लियर मेडिसिन, टेक्नीशियन ग्रेड-2 डेंटल, मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर ग्रेड-2, रिसेप्शनिस्ट और असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए 20 और 21 मई 2026 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख तय की गई थी।

यूपी में बढ़े करीब 19 लाख वोटर,मतदाताओं की संख्व्या पहुंची 13.58 करोड़-रिणवा

- अब भी ढाई करोड़ से ज्यादा वोटरों का नाम नदारद
- सीईओ बोले,एक महीने का मौका है,जुड़वा लें नाम

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। यूपी चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटे निर्वाचन आयोग ने बताया है कि सात महीने तक चली प्रक्रिया के बाद यूपी में करीब 19 लाख वोटर बढ़ गए हैं।मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण यानि एसएसआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची मंगलवार को जारी कर दी गई। एसआईआर से अब तक यानि सात महीने में करीब 19 लाख मतदाताओं का नाम सूची में जुड़ा है।पूरे प्रदेश में अब वोटरों की संख्व्या 13.59 करोड़ हो गई है। यूपी निर्वाचन आयोग ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट्ट प्रकाशित कर दी है। इसमें 13 करोड़ 58 लाख 68 हजार 905 वोटरों का नाम दर्ज है।मीडिया से मुखातिब मुख्व्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अप्रैल 2026 में मतदाताओं का आंकड़ा 13.39 करोड़ था जो अब बढ़ गया है। इस साल 10 अप्रैल की अंतिम सूची के मुकाबले वोटरों की संख्व्या में 18.84 लाख की बढ़ोत्तरी हुई है।यूपी सीईओ ने बताया कि डाफ्ट सूची में सात करोड़ 38 लाख 58 हजार 510 पुरुष और करोड़ 20 लाख 6 हजार 33 मतदाताओं का नाम शामिल है। 18 से 19 आयुवर्ग वाले 11.83 लाख वोटरों का नाम सूची में बढ़ा है।हालांकि जनसंख्या के अनुपात में अब भी 2.58 करोड़ वोटरों का नाम मतदाता सूची से गायब हैं। ऐसे में नाम जोडने का अभियान अगले एक महीने तक चलता रहेगा। सीईओ नवदीप रिणवा द्वारा आंकड़े जारी करने के साथ ही यह भी कहा कि अंतिम वोटर सूची जारी होने के बाद भी नाम जोडने की प्रक्रिया जारी रहेगी।नवदीप रिणवा ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट्ट प्रकाशित होने के बाद अब एक महीने तक दावे और आपत्तियों पर विचार किए जाएंगे। अपना नाम जुड़वाने के लिए लोगों के पास एक महीने का समय है। दावे और आपत्तियों का निस्त्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को फाइनल मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी।निर्वाचन आयोग ने बताया कि जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक करीब 2.58 करोड़ मतदाता घट गए हैं। 1.64 महिला वोटरों के नाम कम हुए हैं।

महिलाओं की भागीदारी में इजाफा,कम दिख रही 18 और 19 वर्ष की संख्या

यदि आंकड़ों के तुलनात्मक विश्लेषण करें तो स्थिति साफ है। 10 अप्रैल को जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर की अंतिम सूची में 13.39 करोड़ वोटर थे, जो पिछले सात महीनों में बढक़र 13.58 करोड़ हो गए हैं। इस अवधि में कुल 19 लाख नए मतदाता जुड़े हैं। राहत की बात यह है कि पुरुषों 7.87 लाख की वृद्धि की तुलना में महिला मतदाताओं 10.96 लाख की वृद्धि की संख्या अधिक बढ़ी है। इसके परिणामस्वरूप राज्य का जेंडर रेशियो 834 से बढक़र 840 और ईपिक रेशियो 55.17 से बढक़र 55.95 हो गया है।

विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी, 2047 तक साकार होगा राष्ट्र का सपना : मंत्री ए.के. शर्मा

समृद्धि न्यूज़



नई दिल्ली/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'लीडरशिप एज ए मिशन' राष्ट्रीय कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में 'विकसित भारत' की मजबूत नींव रखी जा चुकी है और वर्ष 2047 तक देश निश्चित रूप से विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

मंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2001 में ही प्रशासनिक व्यवस्था में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2003 में उनके निर्देश पर 'स्वागत' (SWAGAT) जैसी अभिनव जनशिकायत निवारण प्रणाली विकसित की गई, जिसने आम जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रगति' (PRAGATI) जैसी डिजिटल समीक्षा प्रणाली की शुरुआत कर बड़ी विकास परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक आधारित सुशासन और नवाचार के जरिए देश को विकास की एक नई दिशा दी है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, नवाचार और मिशन मोड नेतृत्व को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है। कार्यशाला में प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा, नीति आयोग के पूर्व सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम और आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर विशाल गुप्ता सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

68,500 शिक्षक अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री के आवास का किया घेराव

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती-2018 में हुई कथित आरक्षण विसंगति को दूर कर न्याय दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 78 दिनों से लगातार आंदोलनरत अभ्यर्थियों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। सुबह करीब 11 बजे प्रदेश के विभिन्न जिलों से राजधानी पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल के आवास पर पहुंचकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प

्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने आवास के बाहर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और अपनी लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने 'आशीष भैया बाहर आओ, पिछड़ों की हालत देख कर जाओ, आशीष भैया अपना वादा निभाओ', 'हक हमारा, आरक्षण हमारा' और 'आरक्षण लेकर रहेंगे' जैसे गगनभेदी नारे लगाए। अभ्यर्थियों का आरोप है कि 68,500 शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के साथ गंभीर आरक्षण विसंगति हुई है। इस प्रकरण पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग तथा विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति ने स्पष्ट आदेश दिया है कि ओबीसी अभ्यर्थियों को आरक्षित श्रेणी में शामिल करते हुए परिणाम संशोधित कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए और विसंगति के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इसके बावजूद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह ने बताया कि लगभग 10 दिन पहले भी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री आशीष पटेल से मुलाकात की थी, जिस पर उन्होंने दीपावली तक सकारात्मक परिणाम सामने आने का आश्वासन दिया था। हालांकि, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है। आंदोलन के सह-नेतृत्वकर्ता आशुतोष वर्मा ने कहा कि 10 सितंबर को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरक्षण विसंगति का मामला स्वीकार किया गया था और इसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री या कैबिनेट स्तर पर निर्णय होना है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धरना प्रभारी नवीन चौधरी ने कहा कि अभ्यर्थी 78 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं और इसी उम्मीद में दीपावली, भैयादूज तथा छठ जैसे प्रमुख त्योहार भी धरना स्थल पर ही मनाने को मजबूर हुए। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

अनियंत्रित होकर पलटी स्विफ्ट कार, दो घायल

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी के मडिय़ांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को आईआईएम रोड पर एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। जानकारी के मुताबिक, स्विफ्ट कार दुबग्गा से भिटौली की ओर जा रही थी। कार जब यादव चौराहे पर डेंटल कॉलेज के पास पहुंची, तभी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार चालक समेत दो लोग घायल हो गए। कार पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर मडिय़ांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आलोक राव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें आईआईएम रोड स्थित डेंटल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती चालक की हालत ठीक बताई जा रही है। दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सडक़ से हटवाकर किनारे कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। थाना प्रभारी आलोक राव के मुताबिक, कार अनियंत्रित होकर क्यों पलटी, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

मरीजों की सुरक्षा पर मंथन, गुणवत्ता सुधार का लिया संकल्प

- एसजीपीजीआई में विश्व गुणवत्ता माह पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार, देश-विदेश के विशेषज्ञों ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार पर रखे विचार

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। अस्पतालों में बेहतर इलाज सिर्फ आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों तक सीमित नहीं, बल्कि हर स्तर पर गुणवत्ता और जवाबदेही भी इसकी बुनियाद है। इसी सोच के साथ संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में मंगलवार को विश्व गुणवत्ता माह-2026 के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। 'क्वालिटीः पावरिंग परफॉर्मेंस' थीम पर हुए इस कार्यक्रम में मरीजों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, नवाचार और बेहतर चिकित्सकीय परिणामों पर चर्चा हुई। इसमें लखनऊ, दिल्ली, कोलकाता और संयुक्त अरब अमीरात के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन ने कहा कि गुणवत्ता किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी और स्वास्थ्यकर्मी के काम का अहम हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने मृत्यु एवं रुग्णता दर में कमी, प्रतिकूल घटनाओं की रोकथाम, जांच की विश्वसनीयता और मरीजों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार को चिकित्सा गुणवत्ता का प्रमुख पैमाना बताया। साथ ही स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को 'क्वालिटी एक्सीलेंस अवॉर्ड' देने की घोषणा की। इमरजेंसी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि संस्थान तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं से आगे बढ़कर क्वाटरनरी केयर की दिशा में काम कर रहा है। आयोजन सचिव डॉ. तन्मय घटक ने गुणवत्ता को प्रमाणपत्र और ऑडिट से आगे बढ़ाकर सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी बनाने पर जोर दिया। वैज्ञानिक सत्रों में विशेषज्ञों ने संक्रमण नियंत्रण, रेडिएशन सुरक्षा, एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण इस्तेमाल, दवा प्रतिरोध, आपातकालीन चिकित्सा, टेलीहेल्थ सेवाओं में जोखिम प्रबंधन और चिकित्सकीय जवाबदेही जैसे विषयों पर विचार रखे। देश-विदेश से जुड़े विशेषज्ञों ने मरीजों की सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में निरंतर सुधार को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की अनिवार्य जरूरत बताया।

बेरोजगारी पर सवाल, भाजपा की चिंतन बैठक को कांग्रेस ने घेरा

- शिक्षक भर्ती, पेपर लीक और एसआईआर से लेकर भाजपा की अंदरूनी राजनीति तक पर सुरेन्द्र राजपूत ने उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। भाजपा की प्रस्तावित चिंतन बैठक से पहले कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रक्रियाओं के मुद्दे पर घेरा है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि भाजपा और योगी सरकार को सबसे पहले प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए खून बेचने को मजबूर हैं, जबकि अभिभावक बच्चों की शिक्षा पर करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं।

राजपूत ने करीब 70 हजार शिक्षक अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने की बात कही। उन्होंने 68,500 और 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के आंदोलन तथा पेपर लीक की घटनाओं का हवाला देते हुए सरकार की रोजगार नीति पर सवाल उठाए। भाजपा की अंदरूनी राजनीति पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर वाली कथित सूची का जिक्र किया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के संगठन को सर्वोपरि बताने वाले बयान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह संदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के लिए था। उन्होंने गुजरात और लखनऊ के नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई का भी आरोप लगाया। अयोध्या में जमीन खरीद, राम मंदिर न्यास के चढ़ावे, मथुरा कॉरिडोर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान मंदिरों को हटाए जाने के मुद्दे पर भी सरकार से जवाब मांगा। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने-काटने को लेकर मुख्यमंत्री के कथित 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने संबंधी बयान पर सवाल उठाए। अमित शाह के तीन करोड़ घुसपैठियों को पकड़ने के दावे और पीलीभीत मॉडल को सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में लागू करने की

राष्ट्रवादी विचारधारा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता के प्रखर संवाहक थे श्रद्धेय अशोक सिंघल : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ/मथुरा। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मथुरा में श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के महानायक एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य श्रद्धेय स्वर्गीय अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर उनके स्मृति-चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल जी राष्ट्रवादी विचारधारा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता के प्रखर संवाहक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, धर्मनिष्ठा तथा भारतीय सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित कर दिया। उनका तपस्वी जीवन, सादगी, त्याग और समर्पण की भावना हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

श्री मौर्य ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन को राष्ट्रचेतना का विराट स्वर देने में अशोक सिंघल जी का अतुलनीय योगदान रहा। उनकी तपस्या, दूरदर्शी नेतृत्व और अदम्य साहस ने करोड़ों देशवासियों के हृदय में सांस्कृतिक आत्मगौरव एवं राष्ट्रीय चेतना का भाव जागृत किया।

उन्होंने धर्म, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल जी का व्यक्तित्व त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अद्वितीय उदाहरण है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए उनका आजीवन संघर्ष तथा समाज को एकजुट करने के उनके प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका जीवन दर्शन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

श्री मौर्य ने श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि मातृभूमि की सेवा, धर्म रक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किया गया योगदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। राष्ट्र उनके महान जीवन आदर्शों और अतुलनीय योगदान को युगों-युगों तक कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करता रहेगा।

यूपी के 5 लाख घरों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर संयंत्र

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत योगी सरकार ने प्रदेश के 5 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इसके लिए उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण मॉडल के अंतर्गत केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश में लगभग 750 मेगावाट अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता विकसित की जाएगी। इस प्रस्तावित योजना के तहत 5 लाख घरों में से 50 प्रतिशत घरों पर 1 किलोवाट तथा शेष 50 प्रतिशत घरों पर 2 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3,750 करोड़ है, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की वित्तीय सहायता प्रस्तावित है।

हिमालया बेबीकेयर ने शिशु के नहाने के समय के लिए पेश की खास मॉइस्चराइजिंग केयर

- हिमालया एक्स्ट्रा मॉइस्चराइजिंग बेबी सोप के साथ, हिमालया बेबीकेयर ने रूखी और नाज़ुक त्वचा के लिए कोमल सफाई और मॉइस्चराइजिंग देखभाल का संयोजन पेश किया

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। डॉक्टरों द्वारा सर्वाधिक अनुशंसित नंबर 1 ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपने एक्स्ट्रा मॉइस्चराइजिंग बेबी सोप के लिए एक नया कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन के ज़रिए शिशु की रोजमर्रा की नहाने की दिनचर्या में मॉइस्चराइजिंग केयर को शामिल करने के महत्व पर ज़ोर दिया गया है। नहाने का समय केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इस दौरान शिशु की रूखी और नाज़ुक त्वचा की देखभाल करना भी जरूरी है। यह कैंपेन शिशु की त्वचा की सफाई के साथ-साथ उसे आरामदायक और नमीयुक्त बनाए रखने के महत्व को सामने लाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य यह बताना है कि माता-पिता अपने शिशु की त्वचा की खास जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों को चुनकर रोजमर्रा के नहाने के समय को और अधिक सार्थक बना सकते हैं। हिमालया एक्स्ट्रा मॉइस्चराइजिंग बेबी सोप के जरिए ब्रांड ने नहाने की दिनचर्या में सफाई और नमी प्रदान करने वाली देखभाल को शामिल किया है। यह खासतौर पर रूखी त्वचा वाले शिशुओं के लिए सर्दियों के मौसम में एक सुविधाजनक विकल्प है।

हिमालया बेबीकेयर हमेशा से शिशुओं की खास जरूरतों को समझने और ऐसे उत्पाद तैयार करने पर ध्यान देता है, जिनमें प्रकृति के गुणों और शोध-आधारित देखभाल का मेल हों। ये उत्पाद शिशु देखभाल के आयुर्वेदिक विज्ञान से प्रेरित हैं। माता-पिता अपने बच्चों के लिए चुने जाने वाले उत्पादों को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं। ऐसे में हिमालया बेबीकेयर ऐसे उत्पाद तैयार कर रहा है जो कोमल और सुरक्षित हैं, और जिन्हें विशेष रूप से शिशु की रूखी और नाज़ुक त्वचा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह साबुन एलोवेरा और दूध के गुणों से समृद्ध है।

इसमें एलो-मिल्क मॉइस्चर कॉम्प्लेक्स शामिल है, जो नहाते समय शिशु की रूखी और नाज़ुक त्वचा को नमी देने में मदद करता है, खासकर सर्दियों में।

यह उत्पाद क्लिनिकली टेस्टेड है और इसमें सिंथेटिक कलर, पैराबेन्स और थैलेट्स नहीं हैं। इस तरह यह माता-पिता को शिशु की रोजमर्रा की नहाने की देखभाल के लिए एक कोमल और सोच-समझकर तैयार किया गया विकल्प उपलब्ध कराता है।

उत्पाद के बारे में बताते हुए हिमालया वेलनेस कंपनी के डायरेक्टर – बेबीकेयर, चक्रवर्ती एन. वी. ने कहा, "माता-पिता के लिए शिशु की रोज़मर्रा की देखभाल का मतलब है ऐसे सोच-समझकर फैसले लेना, जो शिशु के आराम और सेहत का ध्यान रखें। अपने एक्स्ट्रा मॉइस्चराइजिंग बेबी सोप के साथ हमारा उद्देश्य सिर्फ सफाई तक सीमित न रहकर शिशु की रोजमर्रा की नहाने की दिनचर्या में नमी प्रदान करने वाली देखभाल को भी शामिल करना है। हम ऐसे उत्पाद विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिन्हें शिशुओं की खास जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया हो और जो माता-पिता के लिए रोजमर्रा की देखभाल को आसान और निश्चिंत बनाएं।"

रोज़मर्रा की त्वचा की देखभाल के लिए अपने विशेष बेबीकेयर पोर्टफोलियो के ज़रिए हिमालया बेबीकेयर शिशुओं और माता-पिता की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए समाधानों पर लगातार ध्यान दे रहा है। हर्बल अनुसंधान की अपनी विरासत और सुरक्षित, सौम्य व भरोसेमंद देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ यह ब्रांड बच्चों की रोज़मर्रा की देखभाल में प्रकृति के गुणों को शामिल करने का प्रयास कर रहा है।

सपा में पहले चाचा-भतीजे तय कर लें कि दलित दमदार हैं या मूर्खः चिराग

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लडऩे की तैयारी कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को लखनऊ में कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव लडऩे का फैसला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से लिया गया है।

हालांकि, पार्टी किस गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी या अकेले लड़ेगी, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। फिलहाल संगठन मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने पर जोर है। चिराग ने बताया कि दिसंबर से पार्टी प्रदेश में 'चौखट-चौखट चिराग' कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके तहत अलग-अलग जिलों में रोड शो होंगे और कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी अरुण भारती को दी गई है। हाल ही में प्रयागराज में 'यूथ बोले' कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इसके जरिए युवाओं की समस्याएं और उनकी आवाज सुनने का प्रयास किया जा रहा है। ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन के सवाल पर चिराग ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इसका उत्तर प्रदेश में कोई खास असर पड़ेगा। उनके मुताबिक, जनता स्थिर सरकार चाहती है और उसके सामने एनडीए और इंडिया गठबंधन दो विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि तीसरा मोर्चा अक्सर वोट काटने का काम करता है, लेकिन उसे इसका फायदा नहीं मिलता।

किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिलना चाहिएः प्रभारी मंत्री

रोजा मंडी में धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों से जानी खरीद और भुगतान व्यवस्था की हकीकत

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

रोजा मंडी में मंगलवार को पहुंचे जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीद में किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा लाभ हर हाल में मिलना चाहिए। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जलालाबाद विधायक हरिप्रसाद वर्मा के साथ रोजा मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर धान की तौल करा रहे लेवरों व किसानों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया, तौल व्यवस्था और भुगतान की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। किसानों ने भुगतान और तौल व्यवस्था पर संतोष जताया।

निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय ने प्रभारी मंत्री को बताया कि इस वर्ष किसानों के सत्यापन में कुछ तकनीकी दिक्कतों सहित अन्य समस्याएं सामने आई हैं। इस पर प्रभारी मंत्री ने समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने मंडी प्रशासन और सभी क्रय संस्थाओं के जिला प्रभारियों को निर्देश दिए कि



शासन की प्राथमिकता वाली धान खरीद योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। किसानों को क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही धान खरीद के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। इस दौरान एडीएम रजनीश कुमार मिश्र, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय, मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गणेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राहुल गांधी पर साधा निशानाः सपा, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को लेकर पूछे गए सवालों पर नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, श्राहुल गांधी देश का विरोध विदेशियों से करा रहे हैं। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।श् उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भाजपा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध कर सकते हैं, लेकिन देश का विरोध विदेशियों से नहीं कराना चाहिए। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल से ज्यादा समय तक सरकार चलाई है। राहुल गांधी के पार्टी का नेतृत्व संभालने के बाद से कांग्रेस सत्ता से और दूर होती जा रही है।

अखिलेश के बयान पर बोलेः भाजपा क्यों डरेगी?ः अखिलेश यादव के भाजपा के डरे होने संबंधी बयान पर मंत्री ने कहा कि देश में भाजपा की 12 साल से सरकार है। पार्टी 22 राज्यों में सत्ता में है और उत्तर प्रदेश में साढ़े नौ साल से सरकार चला रही है। उन्होंने कहा, श्क्या भाजपा डरेगी? अखिलेश मजाक करते हैं।

ओवैसी और चंद्रशेखर के गठबंधन का किया स्वागतः ओवैसी और चंद्रशेखर के गठबंधन का स्वागत करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। हालांकि, उन्हें जनता के मुद्दों और अपने वादों पर खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अपने वादे पूरे किए हैं। उन्हें भरोसा है कि 2027 में जनता भाजपा को तीसरी बार आशीर्वाद देगी।

टीनशेड के नीचे फंदे से लटका मिला शव, परिवार में मचा कोहराम

सेहरामऊ दक्षिण, शाहजहांपुर। सेहरामऊ दक्षिणी में घरेलू कलह ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बादशाहनगर गांव में सोमवार देर रात 40 वर्षीय नसीम उर्फ छोटे ने घर की छत पर टीनशेड के नीचे बल्ली से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार तड़के घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी संजू बदहवास हालत में घर पहुंची। बताया जाता है कि नसीम की पत्नी संजू किसी रिश्तेदारी में गई हुई थी। सोमवार देर रात घर की छत पर टीनशेड के नीचे नसीम का शव फंदे से लटका देखकर पड़ोसियों के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना संजू

- घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की आशंका, रिश्तेदारी से लौटी पत्नी ने पुलिस को दी सूचना

को दी। पति के आत्महत्या करने की खबर मिलते ही संजू रात करीब पौने दो बजे घर पहुंची। घर में पति का शव देखकर उसकी चीख निकल गई। कुछ ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। इसके बाद पत्नी ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। मृतक की पत्नी संजू ने पुलिस को बताया कि नसीम शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक तौर पर घरेलू कलह को घटना की वजह माना जा रहा है। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। नसीम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस घर में कुछ घंटे पहले तक जिंदगी की हलचल थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

खबरें एक नजर में

गाय का संरक्षण करना हम सभी का धर्म, विवेकानंद प्रखंड में गोपाष्टमी कार्यक्रम संपन्न



शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद विवेकानंद प्रखंड में निमित्त गोपाष्टमी का कार्यक्रम रेती रोड स्थित रंग फैक्ट्री गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महानगर मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि गाय बचेगी तो देश बचेगा। गाय का संरक्षण करना हम सभी का धर्म है। गोपाष्टमी धर्म और संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प याद दिलाता है। करपात्री महाराज ने कहा संतो पर गोली चलवाना स्वीकार है,गौ माता पर जो गोली चलवाएगा उसका सर्वनाश हो जाएगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र, राहुल कनौजिया, सुरेश राठौर, नीरा श्रीवास्तव, निधि बहल, राधेश्याम, अरविंद कुमार वर्मा, आदर्श श्रीवास्तव, छोटेलाल वर्मा,गौतम श्रीवास्तव, शिवम वर्मा आदि मौजूद रहे।

डिस्ट्रिक्ट लेवल ईएलसी कोर्डिनेटर नामित

शाहजहांपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीआईओएस हरिवंश कुमार को डिस्ट्रिक्ट लेवल ईएलसी कोर्डिनेटर नामित किया है। जिनका मोबाइल नंबर 9450412531 व 9454457303 जारी किया गया है। नामित अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन साक्षारता क्लब संबधी विभिन्न कार्यवाहियां ससमय संपन्न कराएगें।

पार्टी ने अल्पना को सौंपी जिला उपाध्यक्ष की कमान



शाहजहांपुर। पार्टी में सक्रियता व मेहनत, लग्न देखते हुए भाजपा ने नगर निगम की नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव को भाजपा महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया हैं। उनकी नियुक्ति से समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। अल्पना लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। नामित पार्षद के रूप में भी वह जनसमस्याओं के समाधान, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर अपनी सक्रियता रखती हैं। भाजपा महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने विश्वास जताया कि अल्पना श्रीवास्तव संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही महिलाओं को पार्टी से जोड़ने तथा उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

स्व-जनगणना कर पार्षद अन्नू ने की नागरिकों से सहभागिता की अपील



शाहजहांपुर। महानगर के वार्ड नंबर 3 लोधीपुर के पार्षद रूपेश कुमार वर्मा 'अन्नू' ने ऑनलाइन स्व-जनगणना की प्रक्रिया पूरी कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास, भविष्य की योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील की कि वे स्व-जनगणना पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज करें तथा इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि शाहजहांपुर का प्रत्येक परिवार इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

पंजाबी सिख समाज ने मनाया बलिदान दिवस



शाहजहांपुर। महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय जी का बलिदान दिवस पंजाबी सिख समाज समाज सेवा संगठन द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। 17 नवंबर को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सरदार राजू बग्गा ने कहा लाला लाजपत राय जी ने देश की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। साइमन कमीशन के विरोध में अंग्रेजी हुकूमत की लाठियों का सामना करते हुए वे गंभीर रूप से घायल हुए और 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया। उनका त्याग, साहस, संघर्ष और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर प्रखर शर्मा, रोहन यादव, निखिल सागर, राधा पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से नकदी एवं लैपटॉप लूटा

शाम लगभग पौने छह बजे हुई घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल, पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

बड़ागांव चैकी क्षेत्र के अनावा चैराहे से कुछ दूरी बाग मोड़ के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ शाम पौने छह बजे नकाबपोश बदमाशों ने नगदी, लैपटॉप लूट लिया। जिसके बाद सड़क पर तमंचा लहराते हुए भाग गए। पटई गांव के अवनीश कुमार के पुत्र पवन कुमार की महुआ पाठक गांव में दुकान है। जिसमें वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है। पवन के अनुसार वह प्रतिदिन लगभग लाखों का लेनदेन करता है। सोमवार को पवन कुमार ने ग्राहक सेवा केंद्र पर दिनभर काम किया, इसके बाद शाम लगभग 5 बजकर 40 मिनट पर दुकान से एक बैग में रखे रुपए नगद, एक लैपटॉप एक मार्फो बायोमेट्रिक मशीन तथा कुछ जरूरी कागज लेकर दुकान से घर जा रहा था। साथ में दुकान पर काम करने बाला साथी रोहित भी था। रास्ते में अनावा चैराहे के आगे मोड पर पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार दो नकाब पोश दो बदमाशों ने रोक लिया जहां पर लगभग चार बदमाश पहले से ही खड़े थे। बदमाशों के पास डंडे चाकू और तमंचा थे। जिसके बल पर डरा धमका के रुपयों से भरा बैग, लैपटॉप तथा बायोमेट्रिक मशीन लूट ली। जाते वक्त बदमाशों ने तमंचा लहराते हुए भाग गए। घटना के तुरंत बाद पवन ने पुलिस सहायता नंबर 112 डायल किया। लेकिन नंबर व्यस्त बताता रहा। इसके बाद पवन ने घर पर जाकर अपने पिता अवनीश कुमार को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने कोतवाली फोन करके पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और अधिकारियों को सूचना दी। लूट की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस से लेकर अधिकारियों तक हड़कंप मच गया। इधर घटना की जानकारी होते ही भय का माहौल व्याप्त हो गया। लूट के बाद बदमाशों द्वारा किए गए फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोगों को में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण इस तरह की घटना पहली बार हुई है।

गोलमोल दर्ज की गयी एफआईआर

पुवायां पुलिस ने लूट की रिपोर्ट गोलमोल तरीके से दर्ज की है। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है उसमें लूटी गई नगदी का एमाउंट नही खोला गया। जबकि पीड़ित के अनुसार 2 लाख 70 हजार रुपए लूटे गए है। हालांकि एफआईआर तहरीर के आधार पर ही दर्ज की जाती हैं, जो पुलिस को तहरीर मिलती है उसी के आधार पर दर्ज की जाती हैं। पुलिस ने जो रिपोर्ट दर्ज की है उसमें पवन कुमार ने बताया जनसेवा केंद्र महुआ पाठक में है। सोमवार को अपना जनसेवा केंद्र बंद करके घर जा रहा था। 5.40 बजे के दौरान अनावा चैराहे से मोड़ पर पहुंचे तो पीछे से बाइक से कुछ लड़के आए और उन्हें रोक लिया वहां भी कुछ लड़के पहले से खड़े थे। जिन्होंने रूपए और लेपटाप लूट लिया। इसके बाद भाग गए।

> पुलिस की 10 टीमें लगाई गई है साथ ही सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के साथ सर्विलेंस की मदद ली जा रही है। इसके अलावा लोगों से पूछताछ भी की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> -प्रवीण मालिक
> सीओ पुवायां

रोजगार मेला में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़



शाहजहांपुर। रोजगार मिशन के अन्तर्गत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाए जाने के उद्देश्य से जलालाबाद राजकीय आईटीआई परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने रोजगार मेले का उद्घाटन किया। तदोपरान्त जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह तथा प्रभारी प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विधायक ने अभ्यर्थियों को अपने आशीर्वाद वचन देते हुए शुभकानाएं दी। मेले में निजी क्षेत्र की 13 कम्पनियां टाटा मोटर्स, अडानी सोलर एनर्जी, पुखराज हेल्थ केयर, स्वर्णलता मदरसन नोयडा, एलआईसी आफ इन्डिया, दि इन्डिया थर्मिट, एम्मएस अन्नपूर्णा इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में 868 अभ्यर्थियों में से 395 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। हाईस्कूल इन्टर, स्तानक स्नातकोतार, आईटीआई जीटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल है। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह तथा राजीव कुमार सिंह ने अभ्यर्थियों को शुभकामनायें देते हुए विधायक द्वारा अपना अमूल्य समय देने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ए.बी. रिच इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को पढ़ाना ही समाज को मजबूत बनाना है। बेटियाँ पढ़ेंगी तो परिवार और समाज दोनों आगे बढ़ेंगे। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देना, लिंग भेदभाव को खत्म करना और बेटियों को पढ़ाई में आगे बढ़ाना बताया। छात्र-छात्राओं को महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी



दी। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, 112, 1090 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य मिहिर ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में मन लगाने और बेटियों के सम्मान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए हमेशा सहयोग करेगा। इस दौरान बाल विवाह रोकथाम, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। छात्राओं से अपील की गई कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रधानाचार्य मिहिर, लेखाकार अभिषेक कुमार, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बेटियों को पढ़ाने और समाज में बराबरी का सम्मान देने का संकल्प लिया।

स्वगणना अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने की अपील, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कांट, शाहजहांपुर। जनपद में द्वितीय चरण के तहत 16 नवंबर से स्वगणना अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 30 नवंबर 2026 तक चलेगा। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने तहसील सदर के इमलिया तथा नगर पंचायत कांट पहुंचकर सहित कई ग्राम पंचायतों में पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वगणना करने की अपील करते हुए शाहजहांपुर को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक

- सीडीओ व एडीएम ने इमलिया व नगर पंचायत कांट पहुंचकर लोगों को किया जागरूक

संपन्न कराने के लिए जिले में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इसके अलावा चार्ज अधिकारियों के माध्यम से जनगणना कार्य कराया जा रहा है। निगरानी और समीक्षा के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। प्रत्येक नोडल अधिकारी के अधीन सुपरवाइजर और प्रगणक लगाए गए हैं। एक प्रगणक को निर्धारित आबादी की गणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि प्रगणकों पर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। मंगलवार सुबह तक बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार की स्वगणना कर चुके थे।स्वगणना के लिए 16 से 30 नवंबर तक नागरिक स्वयं पोर्टल पर जाकर जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर राज्य, भाषा और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी एवं कैप्चा भरकर लोकेशन का चयन करना होगा। इसके बाद निर्धारित प्रश्नों के माध्यम से परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी भरकर स्वगणना पूरी की जा सकती है। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 की मध्यरात्रि तक जनगणना का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार ऋषि दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी, नगर पंचायत कर्मचारी सभासद गण और ग्राम पंचायतों के प्रधान मौजूद रहे।

एबीवीपी की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी कराएगी पर्यावरण युवा संसद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा पर्यावरण युवा संसद का आयोजन कराया जाएगा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर यूनिवर्सिटी राउंड आयोजित कराने को लेकर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम संबोधित पत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपा गया।विकासार्थ विद्यार्थी के प्रांत सह संयोजक आयुष्मान चैहान ने कहा की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं सतत विकास



जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार रखने का मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला संगठन मंत्री सदीप सागर ने कहा कि विकासार्थ विद्यार्थी का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण केवल चर्चा का विषय नहीं बल्कि वर्तमान पीढ़ी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण युवा संसद के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार, सुझाव और समाधान प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर आयुष श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, आर्यन सिंह, आशुतोष मिश्रा, रीवा वर्मा, सौम्या गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनायेः छाया

रोजा, शाहजहांपुर। भावलखेड़ा क्षेत्र ग्राम पंचायत बिलंदापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचिका पूज्य छाया दीक्षित ने अपने मधुर प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, भक्ति, प्रेम और धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके भावपूर्ण प्रवचनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और राधे-कृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। कथा वाचिका ने श्रद्धालुओं को भगवान



श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा प्रेम, सद्भाव और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से ग्राम पंचायत बिलंदापुर में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है।

चिकित्सक डॉ. निहारिका को किया गया सम्मानित, परिसर में हुआ पौधरोपण

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।

मानव सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ. निहारिका को जय बाबा कालसेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने उन्हें क्षेत्र में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और मरीजों के प्रति उनके समर्पित व उत्कृष्ट कार्य के लिए देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए डॉक्टर निहारिका ने चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण करके पर्यावरण को बढ़ावा देने की पहल भी की। इस अवसर पर औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया



गया। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर निहारिका ने ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के प्रति और अधिक निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद प्रकृति से जुड़ा हुआ है, इसलिए वृक्षारोपण करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जय बाबा कालसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि डॉक्टर की कार्यशैली और मरीजों के प्रति उनका व्यवहार क्षेत्र के लिए मिसाल है। ऐसे कर्मठ चिकित्सकों का सम्मान करना ट्रस्ट के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य संदीप तिवारी संरक्षक भरत सिंह एवं निलय सिंह, रामदेव पाठक, सत्य पाल सिंह, रामदेव शर्मा के अलावा चिकित्सालय का समस्त स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहा।

नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, पति समेत तीन पर मुकदमा

कांट, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पल्हौरा में सोमवार सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।कांट थाना क्षेत्र के ग्राम सरथौली निवासी सुरेश पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी 22 वर्षीय बेटी डॉली की शादी जनवरी 2025 में ग्राम पल्हौरा निवासी शोभित के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर डॉली को प्रताड़ित करते थे। इसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था।पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह डॉली ने अपने कमरे में धोती से फंदा लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर पति शोभित, सास कमला और ननद स्वेता नंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

- दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

एक साथ उठीं मां-बेटे की अर्थियां, तो हर आंख हुई नम

- मां-बेटे की मौत से उजड़ा परिवार, शादी की खुशियां मातम में बदलीं
- चार दिसंबर को होनी थी रवि की शादी, तीन दिसंबर को तिलक की थी तैयारी





समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।

खुदागंज-बीसलपुर मार्ग पर भड़रिया मोड़ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जिस घर में कुछ दिनों बाद शादी की शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब अपनों को खोने का गम है। रविवार 15 नवंबर को रवि कुमार (21) अपनी मां कांता देवी (52) के साथ बाइक से अपनी ननिहाल मूसेपुर कला में शादी की दावत बांटने जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप और भड़रिया मोड़ के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कांता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रवि को बरेली के लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया था। देर रात करीब दो बजे उपचार के दौरान रवि ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक, रवि कुमार की शादी चार दिसंबर को पीलीभीत के उमरिया गांव में तय हुई थी। तीन दिसंबर को तिलक का कार्यक्रम होना था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिवार के लोग खुशियों के इस मौके का इंतजार कर रहे थे। रवि के पिता बसंत लाल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10:30 बजे रवि अपनी मां के साथ ननिहाल मूसेपुर कला में शादी की दावत देने जा रहा था। लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। मां का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन उनके शव को लेकर घर पहुंचे ही थे कि बेटे की मौत की खबर ने परिवार को पूरी तरह झकझोर दिया। सोमवार को मां कांता देवी और बेटे रवि कुमार का देवा नदी के किनारे अलग-अलग दो चिताओं पर अंतिम संस्कार किया गया। जब एक ही घर से मां-बेटे की अर्थियां एक साथ उठीं तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार शामिल हुए। मां और भाई को खोने के बाद छोटी बहन रूबी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के लोग उसे संभालने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह बार-बार मां और भाई को याद कर बिलखती रही। रवि चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। बड़ी बहन लक्ष्मी देवी और भाई सूर्य प्रकाश की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहन रूबी अभी नाबालिग है। एक ही हादसे में मां और बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक की लहर है। जिस घर में कुछ दिनों बाद शादी की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब हर तरफ सन्नाटा और अपनों को खोने का गम दिखाई दे रहा है।

डिप्टी आरएमओ ने रोजा मंडी में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

- किसानों को परेशानी न होने देने के निर्देश, किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय और सहायक आयुक्त एवं सहकारिता निबंधक गणेश गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंचकर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और केंद्र प्रभारियों से अब तक हुई धान खरीद की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों पर आने वाले सभी किसानों का नियमानुसार धान खरीदने के निर्देश दिए। त्योहारों के बाद अब धान की आवक में तेजी आने लगी है। केंद्रों पर किसान अपना धान लेकर पहुंच रहे हैं। केंद्र प्रभारियों ने धान में नमी की जांच करने के बाद नियमानुसार खरीद की। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ ने खरीद रजिस्टर, बोरा रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों की जांच की और व्यवस्थाओं को परखा। डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय ने केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान बेचने के लिए आने वाले किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों के साथ पारदर्शी व्यवहार किया जाए और सभी पात्र किसानों का धान नियमानुसार खरीदा जाए। खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

छाउछ बिजली उपकेंद्र पर सात दिन चलेगा शटडाउन

लखीमपुर खीरी। शहर के छाउछ स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के नवीनीकरण कार्य के चलते सात दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 18 से 26 नवंबर तक अलग-अलग तिथियों में सुबह सात से 11 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। विभाग के अनुसार, 18, 19 और 20 नवंबर को एलआरओ फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं, 21, 23, 25 और 26 नवंबर को फीडर नंबर एक की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सुबह चार घंटे बिजली नहीं मिलेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए पानी सहित अन्य जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें।

बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। युवक को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सीएचसी पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार को ग्राम सलेमाबाद पहरा निवासी 40 वर्षीय आरेंद्र सिंह कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर सड़क किनारे सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उन्हें जिला अस्पताल न ले जाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

बच्ची के अपहरण मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार, भेजी गयी जेल

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। स्थानीय थाना पुलिस ने तीन वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की और आज उसे हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से रिमांड स्वीकृत होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, तीन वर्षीय बच्ची के अपहरण की घटना सामने आने के बाद पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध महिला की पहचान हुई। गिरफ्तार की गई महिला की पहचान रोशनी (पुत्री अभिलख, पत्नी मनोज) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम नौगवां, थाना परशुरामपुरी की रहने वाली है और वर्तमान में अतिवारा में निवास कर रही थी। मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया। अदालत द्वारा न्यायिक रिमांड स्वीकृत किए जाने के पश्चात उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों और पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

स्वगणना आज

शाहजहांपुर। भारत की जनगणना के अंतर्गत मीडियाकर्मियों की स्वगणना आज बुधवार को होगी। जोकि दोपहर 12:30 बजे जिला सूचना कार्यालय टाउनहॉल में होगी। सीडीओ व एडीएम वित्त रहकर स्वगणना कार्यक्रम संपन्न कराएगें।

मलिका क्रय केंद्र पर धान खरीद में बड़ा खेल, दूसरे ब्लॉकों के किसानों के नाम पर चढ़ा दिया खरीद का आंकड़ा



खुटार, शाहजहांपुर। सरकारी धान खरीद में पारदर्शिता के दावों की मलिका क्रय केंद्र पर पोल खुलती नजर आ रही है। यहां खरीद के रिकॉर्ड में दूसरे विकासखंडों के किसानों के नाम सामने आने से पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ गई है। आरोप है कि निगोही, पुवायां और बंडा क्षेत्र के किसानों की धान खरीद भी खुटार के मलिका केंद्र पर दर्ज की गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसानों के नजदीक दूसरे क्रय केंद्र मौजूद हैं तो उन्हें खुटार के मलिका केंद्र पर धान बेचने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या संबंधित किसानों का धान वास्तव में यहां तौला गया या फिर बिना वास्तविक आवक के ही सरकारी रिकॉर्ड में खरीद दर्ज कर दी गई। यदि खरीद नियमानुसार हुई है तो तौल पर्चियां, वाहन आवागमन, स्टॉक और भुगतान का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने में देरी क्यों। मामले में केवल केंद्र प्रभारी ही नहीं, बल्कि निगरानी करने वाले विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। आखिर दूसरे ब्लॉकों के किसानों के नाम पर खरीद दर्ज होने के बावजूद सत्यापन कैसे हुआ? स्थानीय किसानों की खरीद प्रभावित हुई या नहीं, इसकी भी जांच जरूरी है। जिला प्रशासन को मलिका केंद्र के किसानवार खरीद रिकॉर्ड, पंजीकरण, तौल पर्चियों, भुगतान और स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराना चाहिए। जांच में यदि कागजी खरीद या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सवाल यह है कि सरकारी खरीद किसानों के लिए है या फिर आंकड़ों का खेल खेलने वालों के लिए।

बिरियागंज में डिवाइडर निर्माण को रोड की शुरू हुई खोदाई दुकानदारों ने जताया विरोध

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगरीय योजना से हो रहा 26 लाख में निर्माण

तिलहर - शाहजहांपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगरीय योजना के अंतर्गत करीब 26 लाख रुपए कीमत से डिवाइडर व उस पर लाइट लगाए जाने का श्री गणेश होते ही दुकानदारों ने विरोध किया । बाबजूद इसके बिरियागंज बाजार में डिवाइडर निर्माण के लिए मुख्य चौराहा की ओर रोड की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया।

ईओ सुनील कुमार ने बताया कि नगर में अस्पताल रोड पर पुराना तांगा स्टैंड से नगर पालिका के समीप तक तथा पोटर गंज के पश्चिम दक्षिण गेट से आर्य मिष्ठान भंडार के समीप तक डिवाइडर व उसपर लाइटिंग का निर्माण कार्य पंडित दिन डायल नगरीय योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है। मंगलवार को बीड़ियो बाजार में डिवाइडर निर्माण के मद्देनजर रोड की खुदाई शुरू होते ही समीपस्थ दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया । इस पर पालिका निर्माण विभाग के जेई पियूष मिश्रा ने दुकानदारों को काफी समझाया । लेकिन कुछ लोग विरोध पर अड़े रहे । विरोध के बाबजूद भी पालिका प्रशासन ने योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सड़क की जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी।

अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस पर युवा कांग्रेस ने छात्रों को कॉपी-पेन एवं स्नैक्स वितरित कर दी बधाई

- शिक्षा व छात्र हितों के लिए युवा कांग्रेस सदैव छात्रों के साथ खड़ी है: रामजी अवस्थी



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस शाहजहांपुर के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने बड़ागांव स्थित पंचायत इंटर कॉलेज के बाहर छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन एवं स्नैक्स वितरित कर अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विशेष रूप से उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जो दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन साइकिल चलाकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यालय आते हैं। उनकी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए राम जी अवस्थी ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि छात्र देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी ताकत हैं। एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र के निर्माण की नींव शिक्षित युवा ही रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक छात्र-छात्राएं सीमित संसाधनों और तमाम कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनका यह जज्बा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस केवल राजनीतिक संगठन के रूप में ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने वाले संगठन के रूप में भी छात्रों और युवाओं के बीच काम कर रही है। छात्र-छात्राओं को शिक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की आवश्यकता, समस्या या सहयोग की जरूरत पड़ने पर युवा कांग्रेस उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महासचिव शिवओम मिश्रा, जितेंद्र पाल, हसन खान,उमंग त्रिवेदी, अमित कश्यप, सूरज मिश्रा, रवि नंदन, अनुज मिश्रा, मो निहाल, रामजी वर्मा, सुधांशु मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

खेलते समय छात्र हुआ बेहोश, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

कलान, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव जखिया में लाला मथुरा स्कूल में अंकित पुत्र प्रभुदयाल क्लास 7 का छात्र खेल रहा था, अचानक बेहोश हो गया। स्कूल के शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी परिजन।उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान पर लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र का शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा शिक्षकों का कहना है कि सुबह नौ बजे सभी बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। अंकित खेलते समय बेहोश हो गया, जिसकी सूचना उसके परिजनों को दी परिजन। अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया।

ब्राह्मण सम्मेलन में स्वर्ण आयोग बनाने की मांग

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



ब्राह्मण महासभा समन्वय समिति की संगोष्ठी का आयोजन आज रामभूषण दास लधड बाबा अंतर्वेद की अध्यक्षता और पं. शिशिर शुक्ला 7के संचालन में जिला पंचायत गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुयी। यूजीसी, सवर्ण आयोग, दलित एक्ट व वर्तमान आरक्षण व्यवथा पर चर्चा की गयी और ब्राह्मणों पर टीका टिप्पनी पर आक्रोश व्यक्त किया गया। आगे सभी सवर्ण समाज की बैठक जल्द आयोजित की जायेगीद्य इस सभा में विभिन्न संगठनों के लोग उपस्थित रहें सभी लोगो नें अपने विचार भी रखे, जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा के जिला अध्यक्ष पं. धीरज शुक्ला नें अपने विचार रखते हुए उपरोक्त विषय पर वृहद चर्चा की। इसी के साथ प्रगति शील ब्राह्मन महा सभा के अध्यक्ष नन्द कुमार मिश्रा नें समाज को एक जुट होकर समस्याओ से निपटने और राजनीति में अपनी भूमिका पर विचार प्रकट किया। ब्राह्मन परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष अवधेश मिश्र ने भी ब्राह्मणो के लिए हर स्थिति में अपना सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया इस। पूर्व प्रचार्य दयानन्द शुक्ला नें कर्तव्यों और समाज के प्रति जुम्मेदारियों पर बहत चर्चा की द्य बिनोद तिवारी नें हर कदम पर ब्राह्मणो के लिए साथ रहने का वचन दिया गोला से डॉ पियूष मिश्रा नें वर्तमान सरकार की उपरोक्त विषयो को लेकर काफ़ी नाराजगी व्यक्त की। बाबाजी ने अपने आशीष वचनो में पूरे समाज को एकत्रित रहकर ब्राह्मण युक्त कर्मो पर जोर देते हुए प्रत्येक ब्राह्मण को प्रतिदिन 12 माला गायत्री करने का आह्वान किया और पूरे समाज को दहेज जैसी कुप्रथा से दूर रहने का संदेश दिया इसी के साथ अंत में अनूप शुक्ला के द्वारा सभी आँगनतुको का आभार व्यक्त किया और एक जुटता के साथ रहने और अपने को ब्राह्मण समझने का आवहान किया सभा को सम्बोधित करने वालों में आचार्य संजय मिश्रा, आशू मिश्रा, राघव राम तिवारी, मोहन बाजपेई, डॉ अजय अवस्थी पलिया, प्रो. डीएन मालपनी, पंकज मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, विनीता त्रिपाठी, ब्रजबिहारी शुक्ला, शिवकुमार मिश्रा, बब्बन शुक्ला, एड अशोक अवस्थी,एड प्रभात शुक्ला, रमेश त्रिपाठी, रामकिशोर सफ्ल महराज, क्षेल बिहारी पांडे सहित जनपद के और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में अनिल अमल नें बहुत ही सरगर्भित भाषा में हम सभी का मार्गदर्शन किया ।

डीएम ने की फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सफल बनाने की अपील



तिलहर-शाहजहांपुर। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 19 नवंबर से शुरू होने वाले अभियान को सफल बनाने की अपील की गई । डीएम ने ग्राम प्रधानों , कोटेदारों और पंचायत सहायकों से अभियान में सक्रियता पूर्ण सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा वितरित करेंगी। उन्होंने सभी से अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमों का सहयोग करने और अधिक से अधिक लोगों तक दवा पहुंचाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत एवं स्थानीय निकायों की मतदाता सूची में दर्ज ऐसे लोगों को चिह्नित करने को कहा, जिनका नाम विधानसभा मतदाता सूची में शामिल नहीं है। ऐसे लोगों से प्रारूप-6 भरवाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी से जनगणना कार्य में भी सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर सीएमओ विवेक कुमार मिश्रा, एसडीएम /ट्रेनी आईएएस आदित्य कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

फाइलेरिया उन्मूलन को कल से चलेगा अभियान, डीएम बोले- दवा खाने में न बरतें लापरवाही

बेहजम, फूलबेहड़ व पसगवां में 8.71 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य, 873 टीमें घर-घर पहुंचकर कराएंगी सेवन

- ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि भी अभियान में करेंगे प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

फाइलेरिया के संक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाने और इसके उन्मूलन के लिए जिले में 19 नवंबर से विशेष दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू होगा। बेहजम, फूलबेहड़ और पसगवां ब्लॉक में सात दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत एक वर्ष से अधिक आयु के 8,71,813 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने तीनों ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षको को निर्देशित किया कि अभियान का संचालन निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुरूप किया जाए। स्वास्थ्य टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों को दवा सेवन कराएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। तराई क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियान में विशेष सतर्कता और प्रभावी निगरानी जरूरी है।

अधिकारी खुद दवा खाकर देंगे संदेश: अभियान के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ने और भ्रांतियां दूर करने के लिए डीएम ने अभिनव पहल के निर्देश दिए। सभी अधिकारी स्वयं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार दवा का सेवन करेंगे और अपनी फोटो अपलोड करेंगे। ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को भी दवा सेवन कर लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनसहभागिता के बिना अभियान का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है।



873 टीमें संभालेंगी घर-घर दवा सेवन की जिम्मेदारी: सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि तीनों ब्लॉकों के 137 सब-सेंटर्स के अंतर्गत 873 टीमें गठित की गई हैं। इनकी निगरानी के लिए 175 सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। अभियान से जुड़े करीब 98% फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षित किया जा चुका है। बेहजम, फूलबेहड़ और पसगवां में क्रमशः 6,455, 10,000 और 8,000 प्रवासियों को भी अभियान के दायरे में शामिल किया गया है।

तीन दवाओं के संयोजन से होगा बचाव: सीएमओ ने बताया कि अभियान में आईडीए पद्धति के तहत आइवरमेक्टिन, डाईइथाइलकार्बामाजीन (डीईसी) और एल्बेंडाजोल का निर्धारित आयु एवं पात्रता के अनुसार सेवन कराया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने लोगों को दवा खिलाएंगे। दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। गर्भवती महिलाओं और एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

संक्रमण के बाद जटिल हो जाती है बीमारी: डीएम ने कहा कि फाइलेरिया के प्रति जागरूकता और समय रहते बचाव बेहद जरूरी है। तराई क्षेत्र में इस बीमारी के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। संक्रमण के बाद बीमारी लंबे समय तक गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है और इसके कारण होने वाली शारीरिक जटिलताओं का उपचार कठिन होता है।

गेहूं व सरसों के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ लेने को किसान शीघ्र बुकिंग व बीज उठान सुनिश्चित करें

लखीमपुर खीरी। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह द्वारा जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि रबी अभियान के अंतर्गत गेहूँ एवं सरसों के अनुदानित बीज की बुकिंग अभी भी खुली है। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल https://upagriculture.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर गेहूँ एवं सरसों के बीज पर अनुमन्य 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिन कृषकों द्वारा पूर्व में बीज की बुकिंग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज का उठान नहीं किया गया है, वे तत्काल अपने संबंधित बीज भंडार से बीज प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बुकिंग के उपरांत तीन दिवस के भीतर बीज का उठान न किए जाने पर संबंधित बुकिंग निरस्त कर दी जाएगी। अतः कृषक बंधुओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से बीज का उठान कर लें, जिससे अन्य इच्छुक कृषकों को भी योजना का लाभ मिल सके। कृषकों को सलाह दी जाती है कि वे गेहूँ एवं सरसों की सहफसली खेती को भी अपनाएँ। एक एकड़ क्षेत्रफल में 9:1 के अनुपात में लगभग 40 किलोग्राम गेहूँ का बीज एवं 1.5 किलोग्राम सरसों का बीज प्रयोग करना अतिरिक्त फसल उत्पादन एवं आय की दृष्टि से लाभकारी हो सकता है।

खीरी में मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 25.73 लाख मतदाताओं के नाम शामिल

- मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने का लक्ष्य, राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक
- आज से 16 दिसंबर तक दर्ज होंगी दावे-आपत्तियां, नवंबर में चार दिन विशेष अभियान डीएम ने राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनपद की आलेख्य मतदाता सूची-2027 का प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के अनुसार जनपद की आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 25,73,725 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 14,01,921 पुरुष, 11,71,749 महिला और 55 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल 1649 मतदान केंद्र तथा 3287 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं।

16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां: निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 नवंबर को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक पूरा कराया जाएगा। इसके बाद चार जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



चार दिन लगेंगे विशेष कैंप: मतदाताओं की सुविधा और अधिकाधिक पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल कराने के उद्देश्य से 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इन विशेष शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की अपील की, ताकि अभियान की जानकारी प्रत्येक अर्ह नागरिक तक पहुंच सके। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से विधानसभा क्षेत्रवार अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की स्थिति

विधानसभा	कुल मतदाता
पलिया	3,25,456
निघासन	3,29,124
गोला गोकर्णनाथ	3,43,859
श्रीनगर	3,04,197
धौरहरा	3,11,406
लखीमपुर	3,48,070
कस्ता	2,89,832
मोहम्मदी	3,21,781
कुल	25,73,725

वेबसाइट पर देख सकेंगे मतदाता सूची: जनपद की आलेख्य मतदाता सूची-2027 आमजन के अवलोकन के लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। नागरिक https:// kheri.nic.in/deo-portal/ पर जाकर मतदाता सूची देख सकते हैं। पुनरीक्षण अवधि के दौरान पात्र नागरिक अपना नाम सूची में शामिल कराने तथा त्रुटियों के सुधार के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा: मतदाता संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), पदाभिहित अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के ECINET मोबाइल एप और https://voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म-6, 7 और 8 भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। पुनरीक्षण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए जनपद में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर (डीसीसी) के टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र राम लखन को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कार्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **श्रीपाल पुत्र राम भजन नि. ग्रा. इमलिया थाना अल्हागंज तह. जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

समृद्धि का नया केन्द्र बनते गांव



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

देश की आर्थिक खुशहाली को इससे समझा जा सकता है कि आज भारत के गांव समृद्धि के नए केन्द्र बनते जा रहे हैं। यह कोई सरकारी निष्कर्ष नहीं है अपितु देश-दुनिया में आर्थिक हालात का अध्ययन करने वाली एक नहीं अपितु अनेक संस्थाओं का सारांश है। आज ग्रामीण क्षेत्र के रहन-सहन में जिस तरह से तेजी से बदलाव आया है और सामान्य उपभोक्ता उत्पाद ही नहीं अपितु कहने को लक्जेरियश माने जाने वाले उत्पादों का बाजार ग्रामीण क्षेत्र में शहरों की तुलना में अधिक तेजी से विस्तारित हो रहा है। यही कारण है कि एफएमसीजी कंपनियों के साथ ही इलेक्ट्रोनिक और एसयूवी वाहनों का बड़ा बाजार ग्रामीण क्षेत्र में तैयार हो गया है।

आज बड़े शहर खासतौर से मेट्रोपोलिटन सीटीज दिल्ली, कोलकता, मुंबई, बैंगलोर आदि बड़े शहरों को पीछे छोड़ते हुए टियर दो और टियर 3 के शहर और ग्रामीण अधिक तेजी से आर्थिक संषाधनों से संपन्न हो रहे हैं। चाहे ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के सर्वे की रिपोर्ट हो या नाइट वेल्थ रिपोर्ट या फिर पीपुल रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनोमी की रिपोर्ट हो सभी में यही निष्कर्ष सामने आ रहा है कि देश में ग्रामीण क्षेत्र में बाजार अधिक तेजी से ग्रोथ कर रहा है। शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में निजी संपत्ति अधिक बढ़ रही है। सुख-सुविधा के साधनों का बाजार ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। आज एसयूवी वाहनों, दो पहिया वाहनों और ट्रेक्टर गांवों में आम है तो फ्रीज-कूलर की तो छोड़िये एयर कंडीशनर तक गांवों में आसानी से देखने को मिल जाएंगे। इसे देश की इकोनोमी के लिए शुभ संकेत माना जाना चाहिए। दरअसल आज ग्रामीणों की सोच का दायरा भी बदला है। आज का ग्रामीण किसी भी हालात में आम शहरी से पीछे नहीं रहना चाहता। इसका एक बड़ा कारण जहां ग्रामीण क्षेत्र में भी साक्षरता का विस्तार हुआ है तो दूसरी और आवागमन की साधन, सहज वित पोषण या यों कहे कि बैंकिंग सुविधा का ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार, वित पोषण सुविधा की सहजता और खेती किसानी में लगातार सुधार के हालात प्रमुख कारण है। वैसे भी इस साल के मानसून को छोड़ कर पिछले आठ से दस साल के मानसून को देखा जाए तो सकारात्मक ही रहा है। इसके अलावा सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भरता भी कम हुई है तो किसानों को बाजार भी मिला है। एमएसपी को साल-दर-साल व्यावहारिक बनाया जा रहा है। हालांकि आज भी खेती-किसानी को लेकर जो प्रयास किये गये हैं या किये जा रहे हैं वे नाकाफी हैं और आज भी खेती-किसानी कोई लाभ का काम नहीं है पर खेती किसानी में यंत्रीकरण से आज पूरे परिवार को नहीं जुटना पड़ता तो आय के अन्य साधन भी विकसित होने लगे हैं।

देश-दुनिया में 135 से अधिक उद्योगों और 200 से अधिक कंपनियों के डेटा विश्लेषण करने वाली ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस की मानें तो आज ग्रामीण क्षेत्र में निजी संपत्ति का तेजी से विस्तार हो रहा है। देश में 30 मिलियन डॉलर या दूसरे शब्दों में 250 करोड़ से अधिक की संपत्ति वालों की 2023 की तुलना में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार शहरी क्षेत्र में जहां 8 फीसदी की दर से निजी संपत्ति में बढ़ोतरी हो रही है तो ग्रामीण क्षेत्र की यह विकास दर 11 फीसदी की दर से बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में आज बोलेरो व एसयूवी वाहन आसानी से मिल जाएंगे तो आज ट्रेक्टर भी अधिकांश किसानों के पास मिल जाएंगे। देखा जाए तो आज ट्रेक्टरों के बाजार में तो सेचुरेशन वाले हालात आ गए हैं। एण्ड्रायड मोबाइल, एलईडी और फ्रीज तो आम मानकर चलें, सामान्य ग्रामीण के घर में भी एक एसी तो मिल जाना कोई नई या आश्चर्य की बात नहीं होगी। जिस तरह ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव आ रहा है और उत्पादों की मांग बढ़ रही है उससे एक बात साफ हो गई है कि अब कंपनियों को ग्रामीण केन्द्रीत विपणन नीति बनानी पड़ रही है। उत्पादों को ग्रामीण मांग के अनुकूल बनाया जाने लगा है और कंपनियां की मार्केट रिसर्च टीम बड़े शहरों के स्थान पर गांवों को केन्द्र में रखकर विज्ञापन नीति तैयार करने लगी है। अब इनकी यूएसपी मेट्रोपोलिटन युवा नहीं अपितु ठेठ गांव में बैठा युवा होने लगा है। इससे वित्तदायी संस्थाओं खासतौर से बैंकों के सामने जहां एक नया बाजार आया है तो दूसरी और नई चुनौती भी आई है। आज भी वित्तदायी संस्थाओं में 85 फीसदी जिम्मेदारी या हिस्सेदारी 10 बैंकों के पास है तो एसेट मैनेजरों की भी भूमिका में बदलाव आ गया है। इस साल मानसून खरा नहीं उतरा है और औसत से कम बरसात होने से देश के अनेक हिस्सों में सूखे के हालात बने हैं पर जिस तरह की स्थितियां देखी जा रही हैं उससे साफ है कि भले ही आज चुनौती हो पर आर्थिक विकास का केन्द्र आने वाले समय में ही गांव और ग्रामीण इकोनॉमी ही रहने वाली है। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्र में समृद्धि की बयार से सबसे बड़ा फायदा यह होने वाला है कि शहरों की और अनावश्यक पलायन रुकेगा तो गांव आर्थिक विकास का केन्द्र बनेंगे तो ग्रामीण क्षेत्र में संशाधनों के विस्तार से समग्र विकास की परिकल्पना भी साकार हो सकेगी।

विकसित भारत 2047 की राह में राज्यों की आर्थिक ताकत बनेगी निर्णायक



प्रहलाद सबनानी



वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार हो सकेगा, जब देश के सभी राज्य आर्थिक विकास की दौड़ में अपनी भागीदारी बढ़ाएंगे। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की भूमिका निर्णायक होगी। देश की आबादी का बड़ा हिस्सा इन राज्यों में रहता है, ऐसे में इनकी अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि के बिना भारत की समग्र विकास दर को अपेक्षित ऊंचाई तक पहुंचाना कठिन होगा। कृषि पर निर्भरता घटाकर उद्योग और सेवा क्षेत्र का विस्तार, बड़े पैमाने पर निवेश, रोजगार के नए अवसर और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि इन राज्यों की विकास रणनीति के केंद्र में होने चाहिए।

भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प इसी आर्थिक प्रगति को व्यापक आधार देने से पूरा होगा। इसके लिए देश को लंबे समय तक तेज आर्थिक विकास दर बनाए रखनी होगी। इस दिशा में औसतन 10 प्रतिशत वार्षिक विकास दर का लक्ष्य महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है, जब देश के सभी राज्य अपनी आर्थिक क्षमता का पूरा उपयोग करें और राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपना योगदान लगातार बढ़ाएं। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान की आर्थिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जनसंख्या की दृष्टि से ये देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल हैं। वर्ष 1980 के दशक में इन चारों राज्यों को %बीमारू% राज्यों की संज्ञा दी गई थी। उस समय इनकी बड़ी आबादी, कम आर्थिक विकास दर, कमजोर औद्योगिक आधार और निम्न प्रति व्यक्ति आय प्रमुख चुनौतियां थीं। देश के प्रत्येक दस नागरिकों में लगभग चार इन राज्यों में निवास करते थे। ऐसे में इन राज्यों का पिछड़ापन राष्ट्रीय विकास की गति को भी प्रभावित करता था। 25 वर्षों में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी लगभग स्थिरइन चारों राज्यों की आर्थिक प्रगति का आकलन करने के लिए इनके सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आंकड़े महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000-01 में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान का भारत की जीडीपी में सम्मिलित योगदान लगभग 22 प्रतिशत था। वर्ष 2023-24 तक यह घटकर करीब 21 प्रतिशत रह गया। यानी लगभग ढाई दशक के दौरान देश के इन चार बड़े राज्यों की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी में उल्लेखनीय विस्तार दर्ज नहीं हुआ।

यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इन राज्यों के पास विशाल जनसंख्या, बड़ा घरेलू बाजार, कृषि संसाधन, प्राकृतिक संपदा और श्रमशक्ति उपलब्ध है। इसके बावजूद राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में इनकी हिस्सेदारी अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाई। दूसरी ओर, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने उद्योग, सेवा, निर्यात और निवेश के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी, तभी राष्ट्रीय विकास को व्यापक आधार मिलेगा। इन राज्यों की प्रगति का अर्थ करोड़ों लोगों की आय में वृद्धि, उपभोग क्षमता का विस्तार और देश के घरेलू बाजार का मजबूत होना भी है। प्रति व्यक्ति आय में बड़ा अंतर, बिहार सबसे पीछेराज्यों के आर्थिक विकास का वास्तविक आकलन प्रति व्यक्ति आय से भी होता है। वर्ष 2024-25 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,34,859 रुपये वार्षिक थी। इसके मुकाबले बिहार में यह करीब 76,000 रुपये, उत्तर प्रदेश में 1,26,304 रुपये, मध्य प्रदेश में 1,70,320 रुपये और राजस्थान में 2,06,440 रुपये रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बिहार की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के लगभग एक-तिहाई के बराबर है। उत्तर प्रदेश में भी यह राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद दोनों राज्य राष्ट्रीय औसत तक नहीं पहुंच सके हैं।

रोजगार के मोर्चे पर भी चुनौतियां दिखाई देती हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत के आसपास थी, जबकि राजस्थान में यह 7.7 प्रतिशत और बिहार में 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई। रोजगार के पर्याप्त अवसरों का अभाव इन राज्यों से दूसरे प्रदेशों की ओर श्रमिकों के पलायन का एक प्रमुख कारण है। उपलब्ध पलायन संबंधी आंकड़ों में बिहार और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 37 प्रतिशत बताई गई है। इसका अर्थ है कि इन दोनों राज्यों की बड़ी श्रमशक्ति रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेशों का रुख करती है। यह स्थिति एक ओर इन राज्यों में स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने की जरूरत बताती है, वहीं दूसरी ओर देश के औद्योगिक राज्यों के विकास में प्रवासी श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका भी सामने लाती है। कृषि पर अधिक निर्भरता, उद्योग और सेवा क्षेत्र के विस्तार की जरूरतइन चारों राज्यों की अर्थव्यवस्था की संरचना पर नजर डालने से विकास की चुनौतियों का एक महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है। यहां कृषि पर निर्भर आबादी और अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत अधिक है। उद्योग और सेवा क्षेत्र का पर्याप्त विस्तार रोजगार सृजन की दृष्टि से अभी भी महत्वपूर्ण आवश्यकता बना हुआ है। मध्य प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 47 प्रतिशत बताया गया है, जबकि उद्योग क्षेत्र की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 33 प्रतिशत है। राजस्थान में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 31 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का 26 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 43 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र की 28 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 44 प्रतिशत बताई गई है। बिहार में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 25 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का 18 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 57 प्रतिशत है। इसके मुकाबले राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 16 से 18 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र की 18 से 20 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 62 से 64 प्रतिशत के बीच बताई जाती है। इन आंकड़ों की तुलना करते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों की हिस्सेदारी का आकलन किस वर्ष और किस मूल्य आधार पर किया गया है। फिर भी व्यापक तस्वीर यह बताती है कि इन राज्यों में औद्योगिक गतिविधियों और उच्च उत्पादकता वाले रोजगार का विस्तार आर्थिक विकास की प्रमुख जरूरत है। कृषि क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसका आधुनिकीकरण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, कृषि आधारित उद्योग और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। साथ ही कृषि पर निर्भर अतिरिक्त श्रमशक्ति को उद्योग और सेवा क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बदल रही है चारों राज्यों की आर्थिक तस्वीरपिछले कुछ वर्षों में इन राज्यों ने आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने की दिशा में प्रयास किए हैं। इनके परिणाम भी अलग-अलग क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने मोबाइल फोन उत्पादन के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति बनाई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। मोबाइल फोन के साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उनके कलपुर्जों के उत्पादन ने राज्य को विनिर्माण क्षेत्र में नई पहचान दी है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक गलियारा, लॉजिस्टिक्स और बेहतर संपर्क सुविधाओं का विस्तार भी निवेश के लिए आधार तैयार कर रहा है।मध्य प्रदेश में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग का विस्तार आर्थिक बदलाव का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इंदौर, पीथमपुर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में वाहन एवं उनके कलपुर्जों के निर्माण से जुड़ी इकाइयां स्थापित हुई हैं। यहां दस से अधिक चार पहिया वाहन निर्माण से जुड़ी इकाइयों और 200 से अधिक ऑटो कंपोनेंट इकाइयों की मौजूदगी का उल्लेख किया जाता है।

केंद्र की यह एक सार्थक पहल है : छावनियों में बुजुर्गों और बच्चों की व्यवस्था

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

किसी परिवार की वास्तविक खुशी तब पूरी होती है, जब घर के बुजुर्गों को अपनों का साथ मिले और बच्चों का बचपन सुरक्षित हाथों में हो। आज की व्यस्त जीवनशैली में इन दोनों जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना अनेक परिवारों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सैन्य छावनियों में बुजुर्गों के लिए वरिष्ठ नागरिक गृह और बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर स्थापित करने तथा मौजूदा सुविधाओं के विस्तार का जो निर्णय लिया है, वह संवेदनशील सामाजिक सोच का परिचायक है।



वस्तुत- यह पहल अपने भीतर परिवार की तीन पीढ़ियों की चिंता समेटे हुए है। एक ओर कामकाजी माता-पिता को बच्चों की सुरक्षित देखभाल का भरोसा मिलेगा, दूसरी ओर बुजुर्गों को जीवन के इस पड़ाव पर साथ, सम्मान और अपनत्व का वातावरण उपलब्ध होगा। रक्षा प्रतिष्ठानों की व्यवस्थाओं को सामाजिक कल्याण से जोड़ने वाला यह निर्णय निश्चित रूप से सराहनीय है।

इस संबंध में कहना होगा कि भारतीय परिवार व्यवस्था में बुजुर्गों का अनुभव और बच्चों का भविष्य, दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का विस्तार हुआ है। पति-पत्नी दोनों के रोजगार से जुड़े होने के कारण बच्चों की देखभाल के लिए पर्याप्त समय निकालना कठिन होता जा रहा है। दूसरी ओर, उम्रदराज माता-पिता को स्वास्थ्य संबंधी सहयोग, नियमित देखभाल और भावनात्मक संबल की आवश्यकता होती है।

रोजगार, स्थानांतरण और व्यस्त दिनचर्या के बीच परिवारों के सामने इन जिम्मेदारियों को निभाने की चुनौती बढ़ी है। सैन्य परिवारों की परिस्थितियां इससे कुछ अधिक जटिल होती हैं। सेना के अधिकारियों और जवानों की तैनाती तथा स्थानांतरण के कारण परिवारों को बार-बार नई परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालना पड़ता है। ऐसे में छावनियों के भीतर बच्चों और बुजुर्गों के लिए संस्थागत सुविधाओं का विकास एक व्यावहारिक समाधान बन सकता है। इस दिशा में रक्षा मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के बीच अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के अंतर्गत हुआ समझौता महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से इस पहल को प्रशासनिक और वित्तीय आधार मिला है। इसके अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा। छावनी बोर्डों के अपने बजट से संचालित मौजूदा डे-केयर सेंटरों और वरिष्ठ नागरिक गृहों के संचालन एवं रखरखाव में भी सहायता का प्रावधान किया गया है। साथ ही नए केंद्र स्थापित करने और वर्तमान सुविधाओं को बेहतर बनाने की योजना है। इससे छावनी बोर्डों की प्रशासनिक क्षमता और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। बच्चों के लिए डे-केयर सेंटरों की व्यवस्था आज के कामकाजी परिवारों की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। माता-पिता जब अपने कार्यस्थल पर होते हैं, तब बच्चों की सुरक्षा, खानपान और दिनचर्या को लेकर उनकी चिंता स्वाभाविक है। छावनियों में विकसित होने वाले ये केंद्र बच्चों को सुरक्षित वातावरण, नियमित देखभाल, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों के अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। दूसरे बच्चों के साथ संवाद और सामूहिक गतिविधियां उनके सामाजिक एवं मानसिक विकास में भी सहायक होंगी। इससे माता-पिता को मानसिक राहत मिलेगी और वे अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारियों पर बेहतर ढंग से ध्यान दे सकेंगे। सैन्य परिवारों के लिए यह सुविधा विशेष उपयोगी होगी, जहां सेवा संबंधी दायित्वों के कारण पारिवारिक दिनचर्या प्रभावित होती रहती है। इस पहल का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष बुजुर्गों के लिए वरिष्ठ नागरिक गृहों की व्यवस्था है। उम्र के साथ व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं के अतिरिक्त संवाद, सामाजिक मेलजोल और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता बढ़ती है। जीवनभर परिवार और समाज के लिए योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को जीवन के उत्तरार्ध में सम्मान और अपनत्व मिलना चाहिए। ऐसे केंद्रों में उन्हें समान आयु वर्ग के लोगों के साथ समय बिताने, सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने और आवश्यक देखभाल प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे।

यहां यह भी समझना जरूरी है कि बुजुर्गों की जरूरतें दवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित नहीं होतीं। उनकी बात सुनने वाला कोई हो, उनके अनुभवों को महत्व मिले और आसपास अपनेपन का वातावरण हो, यह भी उनके सुखी जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। इन गृहों का संचालन इस भावना के साथ होना चाहिए कि वे परिवारों के सहयोगी बनें और बुजुर्गों के पारिवारिक संबंध निरंतर मजबूत रहें।

समझौते की एक विशेषता बुजुर्गों की देखभाल करने वाले कर्मचारियों को कौशल प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी है। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए संवेदनशील व्यवहार के साथ व्यावहारिक दक्षता आवश्यक है। प्रशिक्षित देखभालकर्ता उनकी दैनिक जरूरतों, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और विशेष आवश्यकताओं को बेहतर समझ सकेंगे। इससे सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी। साथ ही केयरगिविंग क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने और रोजगार के अवसर विकसित करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत रक्षा संपदा महानिदेशालय ने नए डे-केयर सेंटरों की स्थापना के लिए आठ छावनियों की पहचान की है। इनमें बैरकपुर, बेलगाम, झांसी, खड़की, पुणे, सिकंदराबाद, सेंट थॉमस माउंट और दिल्ली शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पांच छावनियों में पहले से संचालित डे-केयर सेंटरों और दो छावनियों में वरिष्ठ नागरिक गृहों को बेहतर बनाने की योजना है। वर्तमान में अंबाला, देवलाली, जबलपुर, रानीखेत और लैंसडाउन में डे-केयर सेंटर संचालित हैं, जबकि अयोध्या और लखनऊ में वरिष्ठ नागरिक गृह उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में पहले से डे-केयर सेंटर का संचालन राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे सैन्य छावनियों की सामाजिक उपयोगिता का एक व्यावहारिक उदाहरण सामने आता है। अटल वयो अभ्युदय योजना के माध्यम से इस पहल को व्यापक सामाजिक आधार मिल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता सुधारना और उनकी देखभाल के लिए संस्थागत सुविधाओं को प्रोत्साहित करना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। रक्षा मंत्रालय की प्रशासनिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय मंत्रालय की वित्तीय सहायता का यह समन्वय सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग का उदाहरण है। वास्तव में किसी राष्ट्र की प्रगति का आकलन उसकी आर्थिक और सामरिक शक्ति के साथ इस आधार पर भी होना चाहिए कि वहां बच्चों को कितना सुरक्षित बचपन और बुजुर्गों को कितना सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। सैन्य छावनियों में इन सुविधाओं का विस्तार इसी व्यापक विकास दृष्टि को आगे बढ़ाता है। ऐसे में कहना यही होगा कि बुजुर्गों को अपनों का साथ और बच्चों को सुरक्षित परिवेश देने वाली यह पहल विकसित भारत की परिकल्पना को मानवीय संवेदना से जोड़ने वाला सार्थक कदम है।

कांग्रेस के घटते चंदे ने उड़ाई पार्टी नेताओं की नींद

सुदेश गौड़

बयानों की राजनीति, हिंदुत्व के सवाल पर असहजता और राष्ट्रवाद को लेकर बार-बार उठते विवादों के बीच कांग्रेस की आर्थिक स्थिति का नया आंकड़ा कई सवाल खड़े करता है। किसी राजनीतिक दल की ताकत उसके सांसदों, विधायकों या चुनावी प्रदर्शन के साथ ही उससे भी मापी जाती कि उसके साथ एक बड़ा वर्ग कितना खड़ा है, कितने लोग अपनी कमाई से उसे आर्थिक सहयोग देना चाहते हैं और उद्योग जगत का कितना भरोसा उसके साथ है या नहीं। यह तथ्य उसकी राजनीतिक स्वीकार्यता का महत्वपूर्ण संकेत होता है। कांग्रेस के चंदे से जुड़ा वित्तीय वर्ष 2025-26 का ताजा आंकड़ा इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है। 1885 में एक विदेशी नागरिक एलन ओक्टेवियन ह्यूम द्वारा ब्रितानी हितों को साधने के लिए तैयार की गई देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के लिए यह महज आर्थिक गिरावट का आंकड़ा नहीं, बल्कि उसके राजनीतिक विमर्श की दिशा पर विचार करने का अवसर भी है।



चुनाव आयोग को सौंपी गई कांग्रेस की योगदान रिपोर्ट के अनुसार, 20 हजार रुपये से अधिक के घोषित चंदे में पिछले एक वर्ष के दौरान भारी गिरावट आई है। वित्तीय 2023-24 में कांग्रेस को घोषित चंदा 241.48 करोड़ रु था जो 2024-25 में बढ़कर 517.39 करोड़ रु हो गया था पर 2025-26 के आंकड़े चौंकाने वाले रहे क्योंकि यह राशि घटकर 130.70 करोड़ रु ही रह गई है। 2025-26 में कांग्रेस को पिछले तीन वर्षों में सबसे कम घोषित चंदा मिला। ये आंकड़े 20 हजार रुपये से अधिक के घोषित योगदान के हैं, न कि पार्टी की कुल आय के। सदस्यता शुल्क, छोटे चंदे, कूपन बिक्री और अन्य आय इसमें शामिल नहीं हैं। कांग्रेसी पैरोकारों का माना है कि कांग्रेस के चंदे में गिरावट का एक बड़ा कारण चुनावी वर्ष और गैर-चुनावी वर्ष के बीच का अंतर हो सकता है। यह सही है कि 2024-25 लोकसभा चुनाव का वर्ष था, इसलिए उस दौरान चंदे में वृद्धि स्वाभाविक थी। लेकिन 2025-26 में भी बिहार विधानसभा चुनाव हुआ और अप्रैल 2026 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही थी। इसके बावजूद घोषित चंदे में इतनी बड़ी गिरावट का होना राजनीतिक रूप से विचारणीय है। इस गिरावट का एक ठोस आर्थिक पहलू भी सामने आया है। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 2024-25 में कांग्रेस को लगभग 216.34 करोड़ रु दिए थे। 2025-26 में यही राशि घटकर 25 करोड़ रु रह गई। यानी इस ट्रस्ट से मिलने वाले योगदान में लगभग 88.5 प्रतिशत की कमी आई। 2025-26 में प्रूडेंट कांग्रेस के घोषित चंदे का लगभग 19 प्रतिशत ही दे पाया, जबकि पिछले साल उसका हिस्सा 41.8 प्रतिशत था। इस कमी का कारण पार्टी की घटती लोकप्रियता माना जा रहा है। हिंदुत्व और सनातन को लेकर कांग्रेस की असहजता अब सवाल है कि क्या कांग्रेस की राजनीतिक भाषा और उसके नेताओं के बयान भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। कांग्रेस के पिछले कुछ वर्षों के राजनीतिक व्यवहार और सार्वजनिक बयानों को देखें तो एक ऐसी छवि जरूर सामने आती है, जिसने उसके एक बड़े संभावित समर्थक वर्ग के बीच असहजता पैदा की है।हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा- दीवाली खुशियों की ईद है, कई दिलों तक चलने वाली ईद है। सनातन से संबद्ध पर्वों और परंपराओं का मखौल उड़ाना कांग्रेस नेताओं की आदत सी बन गई है।क्या वे इस तरह के जुमले किसी अन्य धर्म को लेकर बोल सकते हैं?

राहुल के हिन्दू विरोधी बयान इसी तरह, 1 जुलाई 2024 को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था÷ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा... नफरत, नफरत, नफरत... असत्य, असत्य, असत्य की बात करते हैं।÷ इस बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित सत्ता पक्ष के नेताओं ने आपत्ति जताई। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं ने सफाई दी कि राहुल गांधी पूरे हिंदू समाज की नहीं बल्कि भाजपा नेताओं की बात कर रहे थे। संसद में राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त शब्दों ने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग में नाराजगी पैदा की और कांग्रेस को अपने आशय का बचाव करना पड़ा।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा से दूरी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने शामिल होने से इनकार किया था। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक रुख में इसे भाजपा और आरएसएस का राजनीतिक आयोजन बताते हुए कहा था कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है। कांग्रेस का अपना तर्क था लेकिन देश के करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि सदियों की प्रतीक्षा और धार्मिक आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक अवसर था। इसलिए कांग्रेस के इस निर्णय को लेकर राजनीतिक और सामाजिक बहस हुई। प्रियंका गांधी को बाद में पार्टी के कथित हिंदू विरोधी होने के आरोपों का जवाब देना पड़ा।

हिंदू आतंकवाद जैसे शब्दों पर विवाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के कुछ बयानों ने भी पार्टी को इस मुद्दे पर कठघरे में खड़ा किया है। अगस्त 2025 में महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण की %हिंदू आतंकवादी% अथवा %सनातनी आतंकवादी% शब्दावली को लेकर टिप्पणी पर विवाद हुआ। भाजपा ने इसका विरोध किया। इससे पहले %भगवा आतंकवाद% और %हिंदू आतंकवाद% जैसे शब्द भी भारतीय राजनीति में लंबे समय तक विवाद का विषय रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को यह समझना होगा कि धार्मिक पहचान से जुड़े शब्दों का इस्तेमाल संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए, लापरवाही से नहीं।

कांग्रेस के सामने असली चुनौती राजनीतिक दलों को मिलने वाला चंदा केवल आर्थिक लेनदेन नहीं होता। यह उनके प्रति समर्थकों, कार्यकर्ताओं, उद्योग जगत और आम नागरिकों के विश्वास का एक संकेतक भी होता है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को नजरअंदाज करके वह व्यापक जनसमर्थन की अपेक्षा नहीं कर सकती। राम मंदिर, सनातन परंपरा, हिंदू धार्मिक प्रतीकों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर उसकी राजनीतिक भाषा का मूल्यांकन जनता अपने अनुभव और विश्वास के आधार पर करती है। 517 करोड़ रु से 130 करोड़ रु तक पहुंचा चंदा कांग्रेस के लिए एक गंभीर आर्थिक संकेत जरूर है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या पार्टी अपने राजनीतिक विमर्श और आम भारतीय की सांस्कृतिक भावनाओं के बीच बढ़ती दूरी को समझ पा रही है?

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखन

खबरें एक नजर में

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का 16 दिसंबर तक मिलेगा मौका

हमीरपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। कलेक्ट्रेट स्थित एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर निर्धारित की गई है। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को किया जाएगा। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता बनने के पात्र होंगे। इसके लिए फॉर्म-6 भरकर बीएलओ के पास अथवा voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। 21, 22, 28 और 29 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ सुबह 10 से शाम पांच बजे तक मौजूद रहेंगे। जिले में 991 मतदान केंद्रों पर कुल 7,99,981 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशासन ने महिलाओं और युवाओं से अभियान में भाग लेने की अपील की है।

रिठारी में निकाली मतदाता जागरूकता रैली, सूची पढ़कर सुनाई



कुरारा। विकासखंड क्षेत्र के रिठारी गांव में मंगलवार को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान चंद्रेश सिंह गौर ने रैली को रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गांव में भ्रमण कर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। इस दौरान भाग संख्या 44 और 45 की वर्ष 2027 की आलेख्य मतदाता सूची का ग्रामीणों के सामने प्रकाशन कर पढ़कर सुनाया गया। बीएलओ कमल किशोर और रामकेश ने मतदाता सूची की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व प्रधान बालेंद्र श्रीवास, शिवबालक प्रजापति, कल्याण सिंह, प्रधानाध्यापक अनीता वर्मा, सहायक अध्यापक रचना प्रकाश, संगीता देवी, अंजली श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नशे के सौदागर जेल में बिताई अवधि एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित

झांसी। जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक दीपक तिवारी ने बताया कि थाना लहचूरा पर धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया था। मंगलवार को एडीजे/एनडीपीएस कोर्ट द्वारा चार अभियुक्तों अरविन्द राजपूत पुत्र राजाराम निवासी खंदरका थाना-लहचूरा, जिला-झाँसी, प्रवीन मिश्रा पुत्र मुरलीधर निवासी अयोध्यापुरा गनेश चौराहा थाना-सीपरी बाजार, झाँसी,महादेव राय पुत्र नन्दराम राय निवासी सोनकपुरा थाना-लहचूरा-झाँसी व भारत सिंह यादव पुत्र स्व. प्रताप सिंह निवासी पिछोर मेडिकल थाना-नवाबाद झाँसी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व प्रत्येक अभियुक्त को 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

नगर में आज

झांसी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जयंती की पूर्व संध्या एवं समाजसेविका ज्योत्सना राजपाली की पुण्यतिथि पर आरके मेमोरियल शिक्षा स्मृति प्रसार समिति के तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित संत मदर टेरेसा आश्रम में शाम 5.30 बजे भोजन वितरण किया जाएगा। इस आशय की जानकारी समिति प्रबंधक डॉ राजेश कुमार चौरसिया एड ने दी।

दुकानदार से पटाखा मांगना हेड कांस्टेबल को पड़ा महंगा, एसपी ने किया निलंबित



महोबा। सोशल मीडिया पर एक सिपाही द्वारा पटाखा दुकानदार से पुलिसिया रौब दिखाकर पटाखा मांगना महंगा पड़ गया है वीडियो वायरल होते ही पुलिस अधीक्षक ने हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच सीओ कुपहाड़ को सौंपी है कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बेलाताल चौकी मैं तैनात एक हेड कांस्टेबल शिवप्रताप सिंह द्वारा बेलाताल क्षेत्र में पटाखा दुकानों में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात किया गया था इसी दौरान उक्त सिपाही ने पटाखा दुकानदार से मुक्त में पुलिस का रोक दिखाकर पटाखा मांगे दुकानदार द्वारा पूर्व में चौकी में मुफ्त में पटाखा देने की बात कहने के बावजूद सिपाही लगातार दुकानदार पर दबाव बना रहा था जिसका वीडियो भी दुकानदार द्वारा बनाया गया वीडियो में कहा गया कि पूर्व में दिए गए पटाखे उच्च अधिकारियों की यहां भिजवा दिए गए हैं अब चौकी के लिए पटाखे चाहिए न देने पर धमकाया भी गया जो वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है जिसकी जिलेभर में चर्चा हो रही है और पुलिस कर प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए हेड कांस्टेबल शिव प्रताप सिंह को तत्काल निलंबित करते हुए मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक कुलपहाड़ को सौपी है पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही से जिले भर के पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया है

मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर दिया पंजीकरण का संदेश

- डीएम ने अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के शुभारंभ पर मंगलवार को अंबेडकर पार्क से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।जिलाधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन कराने का अभियान चलेगा। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा तथा अन्य छूटे हुए पात्र नागरिक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। सभी बीएलओ मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। कलेक्ट्रेट और तहसील कार्यालयों में हेल्प डेस्क भी स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और पात्र होने पर पंजीकरण कराने की अपील की।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में राजनीतिक दल भी निभाएं सक्रिय भूमिका



हमीरपुर। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में प्रतिनिधियों को आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध कराते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले का वर्तमान लिंगानुपात 840 है, जिसे बढ़ाकर 860 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए महिला मतदाताओं का पंजीकरण बढ़ाने में राजनीतिक दल सहयोग करें। उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बताया कि 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान के दौरान बीएलओ मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। इन दिनों नाम जोड़ने और संशोधन के आवेदन लिए जाएंगे। इसके अलावा जिले के 10 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

जनगणना स्व-गणना: डीएम ने पत्रकारों, खिलाड़ियों व युवा संगठनों से सहभागिता की अपील की

हमीरपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान में 18 नवंबर को युवा, खेल एवं मीडिया दिवस मनाया जाएगा। डीएम ने जनपद के पत्रकारों, खिलाड़ियों, खेल संगठनों और युवा संगठनों से स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना करने के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की है। विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभागवार नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। मीडिया प्रतिनिधियों की स्व-गणना कराने और जागरूकता की जिम्मेदारी जिला सूचना अधिकारी को सौंपी गई है। वहीं खेल संगठनों और खिलाड़ियों के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी तथा एनसीसी, एनएसएस एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को संबंधित संस्थाओं से समन्वय बनाकर अभियान सफल बनाने के निर्देश दिए।

एसएसआर अभियान में जुटेंगे भाजपा कार्यकर्ता, छूटे मतदाताओं के नाम जुड़वाने का संकल्प

कुरारा। ब्लॉक सभागार में मंगलवार को भाजपा कुरारा मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीदीन प्रजापति, जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी, क्षेत्रीय महामंत्री रामदास सुदर्शन और अन्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तथा बूथ स्तर पर संपर्क करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। कार्यकर्ता ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनका नाम जुड़वाने में सहयोग करें। बैठक में रामविलास श्रीवास, कामता कुशवाहा, विनय भटनागर, शिवम गुप्ता, कामता सविता, दीपक अवस्थी, बालेन्द्र श्रीवास, शंकर सुदर्शन, रमेश शाहू, विराट सोनकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुन एसपी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

- सैनिक सम्मेलन में कार्यकुशलता, अनुशासन और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्मेलन में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस बल की कार्यकुशलता बढ़ाने, अनुशासन बनाए रखने और कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मी आमजन के प्रति अपने व्यवहार को और अधिक संवेदनशील एवं प्रभावी बनाएं। उन्होंने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहायक कोषाधिकारी बने चार लेखाकार समारोह में किया सम्मानित



हमीरपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को सहायक कोषाधिकारी पद पर पदोन्नत हुए चार कार्मिकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पदोन्नति प्राप्त करने वाले प्रेमी प्रजापति, कौशल किशोर मिश्रा, अभिराम तिवारी और पवन कुमार को पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार, लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव तथा इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सरवर आलम सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने पदोन्नत हुए सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी के सेवाकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। यह उसके परिश्रम, अनुभव और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। सभी ने उम्मीद जताई कि नए पद की जिम्मेदारियों को भी सभी कार्मिक पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। समारोह हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

सही जानकारी, व्यक्तिगत स्वच्छता व समय पर चिकित्सकीय परामर्श से गंभीर बीमारी की रोकथाम संभव



झांसी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती कमलेश कच्छल के मार्गदर्शन एवं मुन्नालाल सिविल जज सीनियर डिवीजन / प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में उपस्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा तथा डॉ. अंशिका श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, नियमित जांच एवं समय पर एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, व्यक्तिगत स्वच्छता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श अपनाकर इस गंभीर बीमारी की समय रहते रोकथाम संभव है। वहीं अमोघ फाउंडेशन की ओर से उपस्थित दंत चिकित्सक डॉ. कीर्ति बुंदेला ने छात्राओं को समग्र स्वास्थ्य, मुख स्वास्थ्य, संतुलित पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रतीक समाधिया ने छात्राओं को महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण जीवन जीना प्रत्येक महिला का मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनों, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के हेल्पलाइन नंबर 15100 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मतदाता जागरूकता से लोकतंत्र की मजबूती की ओर एक सार्थक पहल: जिला निर्वाचन अधिकारी

- जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जनपद में स्वीप मतदाता साक्षरता क्लब (इलैक् 2.0) के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में विधानसभा स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड एवं अपर जिलाधिकारी श्रीमती पल्लवी मिश्रा उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन एवं नाम निरस्त कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की सुविधा से अवगत कराया गया। फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता विषय पर अपने विचार साझा किए तथा विधानसभा स्तरीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज स्थित बूथों का किया निरीक्षण: स्वीप कार्यक्रम के पश्चात् विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 223-झाँसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87 एवं 88 का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान समस्त बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ संख्या 79 के बूथ लेवल अधिकारी श्री मुकेश चंद्रा से पूर्व में घोषणा पत्र के कारण माह अप्रैल में निरस्त किए गए फॉर्म-6 के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि नवीन मतदाता पंजीकरण हेतु अब घोषणा पत्र की आवश्यकता नहीं है।

जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान का हुआ आगाज

- मतदाता सूची में छूटे मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे नाम
- 21, 22, 28 और 29 नवंबर को समूचे जिले में चलेगा विशेष अभियान

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



अगले साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची को ठीक करने के लिए मंगलवार से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का आगाज हो गया। जिला स्तर पर चार दिन विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाकर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने व संशोधन कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अमित आसेरी ने बताया कि जिले में ईपी व जेंडर रेशियों मानक के अनुरूप किये जाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 17 नवंबर (मंगलवार) से 16 दिसंबर तक जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों तिंदवारी, बबेरू, नरैनी (सुरक्षित) और बांदा सदर विधान सभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर पदाभिहित अधिकारियों और बीएलओ द्वारा दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अभियान को गति देने के लिए नवंबर में 4 दिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर निर्धारित किए गए हैं। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से मतदाता सूची में अपने नाम व विवरण जांच करने पर जोर दिया। कहा कि नाम मतदाता सूची में न होने की स्थिति में फार्म-6, किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर प्रारूप-4 पर अपना आवेदन संबंधित मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसील कार्यालय में दे सकते है। बताया कि आलेख्य प्रकाशन पर वर्तमान में जनपद में 6,86,366 पुरुष, 5,53,975 महिला, 34 थर्ड जेंडर कुल 12,4,0375 मतदाता हैं। 833 मतदान केंद्र व 1537 मतदेय स्थल हैं। इस अभियान में विशेष रूप से युवा, छूटे हुए मतदाता, प्रथम बार मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले, बेघर मतदाता, दिव्यांग मतदाता तथा महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डीसीसी पर दर्ज करा सकते हैं शिकायतः जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इस अवधि में लोग मतदाता सूची में अपने नाम व विवरण की जांच कर लें। मतदाता सूची में नाम देखने के लिए वेबसाइट पर जाकर अपने विवरण की पुष्टि कर सकते हैं। मतदाता सूची वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत और जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला संपर्क केंद्र (डीसीसी) की स्थापना की गई है। यह 17 नवंबर से चार जनवरी 2027 तक प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेगा। जिसका टोल फ्री नंबर 1950 है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन, 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे एवं आपत्तियां

- डीएम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में आज दिनांक 17 नवंबर 2026 को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 230-महोबा एवं 231-चरखारी की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन आज दिनांक 17 नवंबर 2026 को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों में नाम सम्मिलित कराने, किसी प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज कराने तथा संशोधन कराने के लिए 17 नवंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावलियां संबंधित मतदान केंद्रों, पदाभिहित स्थलों, बूथ लेवल अधिकारियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आमजन के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त निर्वाचक नामावलियां जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिक निर्वाचक नामावली में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो नाम सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म-6, निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि पर आपत्ति के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, विवरण में संशोधन अथवा स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से संबंधित पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

बाइक पुलिया से टकराई, युवक की मौत

नरैनी। कस्बे के गांधी नगर निवासी राजीव उर्फ सोनू (22) पुत्र राजू यादव सोमवार को शाम पड़ोसी दीपू यादव के साथ बाइक से अपनी ननिहाल अतर्रा जा रहा था। नरैनी-अतर्रा मार्ग पर पचोखर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई। गंभीर हालत में उसे सीएचसी से रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि राजीव गुजरात में रहकर मजदूरी करता था। तीन दिन पहले गांव लौटा था।

यातायात व्यवस्था को लेकर चौराहों से हटेंगे बैनर-होर्डिंग: डीएम

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी समीर व पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और आमजन की सुविधा से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों एवं सड़कों पर यातायात बाधित करने वाले बैनर, होर्डिंग और विज्ञापन सामग्री तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौराहों के 50 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का बैनर-होर्डिंग नहीं लगाया जाए और वहां ई-रिक्शा खड़े न होने दिए जाएं। प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल के प्रभावी संचालन के लिए भी समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सड़कों पर अनावश्यक रूप से पड़ी बजरी, ईंट, बालू एवं अन्य निर्माण सामग्री को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए जिलाधिकारी ने इन्हें तत्काल हटवाने तथा जिम्मेदार व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। वहीं राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण करने वाले आवारा गोवंश को तत्काल पकड़कर संबंधित गौशालाओं में संरक्षित कराने को भी कहा। डीआईओएस व बीएसए को विद्यालयों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. एच.एन. प्रसाद, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, एआरटीओ प्रशासन सौम्या पाण्डेय, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एनजीटी के नियम व ग्रामीणों की सुरक्षा दांव पर

- पोकलैंड मशीनों से बन रहे गड्ढे बन सकते हैं जानलेवा

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



जहां एक ओर मौरंग माफिया हैवी पोकलैंड मशीनों से जलधारा रोक कर नदी की गहराई से मौरंग निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एनजीटी के नियमों व आसपास के ग्रामीण की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। खनन विभाग के संरक्षण में चल रहे इस खेल में माफिया पूरी तरह से हावी है। जिसमें कालपी क्षेत्र के ग्राम बसरेही खंड 2 व टीकर खंड 4 शामिल हैं। जहां नदी की बीच जलधारा में पोकलैंड मशीने लगाकर खनन हो रहा है। कालपी क्षेत्र के ग्राम बसरेही में खंड संख्या 2 में खनन के लिए आरजेएचएम मिनरल्स प्रा. लि. निर्देशक अभिषेक कुमार सिंह निवासी सरदार वार्ड पिपरिया, होशंगाबाद को गाटा संख्या 596 16.195 हेक्ट. में 21 अप्रैल 26 से 20 जनवरी 27 तक 6 माह के लिए खनन की अनुमति दी गई है। वहीं टीकर खंड एक में ज्ञान प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. ओमप्रकाश गुप्ता निवासी 128ध्346 एच ब्लॉक किदवई नगर कानपुर को गाटा संख्या 1482 में 20.20 हेक्टेयर के लिए 8 अप्रैल 26 से 7 अप्रैल 31 तक 5 वर्ष के लिए खनन करने की इजाजत मिली है। बताते चलें कि जिले से गुजरने वाली बेतवा नदी पर खनन माफियाओं की नजर हमेशा से रही है। खनन भी होता रहा, लेकिन इस बार तो दोनों घाटों के संचालक खनन माफिया सारी हदें पार कर एनजीटी के नियमों व जन धन की सुरक्षा को ताक पर रखकर खनन कर रहे हैं। जलधारा की गहराई से मौरंग निकलने से बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं, बरसात के मौसम में ये दिखाई भी नहीं पड़ते, जिन में गिरकर जनधन व पशुधन हानि की आशंका बन रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात दिन बेतवा का सीना चीर कर मौरंग खनन करने वाले माफिया अपना वर्चस्व कायम किए हुए हैं। उन्हें न तो कार्रवाई का डर है, और न ही नियम कानून की परवाह है। मौरंग माफिया तो मोटी रकम कमा कर यहां से निकल जाएंगे, लेकिन हम लोगों के लिए यहां जीना दुश्वार होगा। इस मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी सन्नी कौशल से मोबाइल नंबर 8887534825 पर कॉल की लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

एक मिनट की देरी ने छीन ली मासूम की जिंदगी

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। घूरपुर क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत ने शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों में बाल सुरक्षा की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि महज एक मिनट देर से पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने तीसरी कक्षा के छात्र को प्रवेश नहीं दिया। घर लौटते समय रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन की चपेट में आने से उसकी जान चली गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में हंगामा और तोड़फोड़ की। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज स्थित सेंट मैरिज कॉन्वेंट स्कूल से जुड़ी है। मृतक की पहचान मोहम्मद यजदान (9) पुत्र मुस्ताकी आलम निवासी नई बाजार, चक घनश्याम दास, करमा के रूप में हुई है। वह कक्षा तीन का छात्र था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों का आरोप है कि यजदान रोज की तरह स्कूल गया था, लेकिन निर्धारित समय से महज एक मिनट देर होने के कारण उसे विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया गया। आरोप है कि उसे वापस लौटा दिया गया। इसके बाद वह रेलवे ट्रैक के पास से होकर घर जा रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता मुस्ताकी आलम का दर्द इस सवाल में झलकता है कि यदि बच्चे को विद्यालय में प्रवेश मिल जाता अथवा सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाती तो शायद आज उनका बेटा उनके बीच होता। हालांकि, स्कूल प्रबंधन का पक्ष और घटना से जुड़े सभी तथ्य स्वतंत्र जांच के बाद ही स्पष्ट होंगे। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। आक्रोशित परिजन और ग्रामीण स्कूल पहुंचे, जहां हंगामे के साथ तोड़फोड़ हुई। सूचना पर घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया। यह घटना केवल एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि स्कूलों की जिम्मेदारी से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। एक मिनट की देरी पर छोटे बच्चे को वापस भेजने की नीति, अभिभावकों को सूचना देने की व्यवस्था और सुरक्षित वापसी की जिम्मेदारी की जांच जरूरी है। यदि जांच में विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिजनों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मांग किया कि इस घटना की समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज, उपस्थिति रजिस्टर, गेट पर तैनात कर्मचारियों और संबंधित शिक्षकों के बयान लेकर यह स्पष्ट किया जाए कि बच्चे को किस परिस्थिति में वापस भेजा गया। यदि विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही प्रमाणित होती है।

जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार रथ को किया रवाना, दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 16 से 30 नवम्बर तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

समृद्धि न्यूज़



कुशीनगर । प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को रोकने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 से 30 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) पवन कुमार ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश जनहानि यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, लापरवाही तथा सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण होती है।

सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बहुमूल्य जीवन को बचा सकती है।

उन्होंने आमजन से अपील किया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा यातायात संकेतों एवं नियमों का पूरी तरह पालन करें। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दें।

प्रचार रथ के माध्यम से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, परिवहन निगम एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार गुप्त, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी राहुल सोनी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर.डी. कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

बूथ स्तर पर घर-घर जाकर संपर्क कर मतदाता जोड़ें कार्यकर्ताः राकेश त्रिवेदी

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची से जुड़े विषय को लेकर मंगलवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रयागराज महानगर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि इस एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता से लेना है क्योंकि ये अब चुनाव के बिल्कुल नजदीक चलने वाला अभियान है। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर-घर जाकर संपर्क कर मतदाता जोड़ें और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें। छात्र युवा महिला और समाज के हर वर्ग के बीच जाकर नए व छूटे मतदाताओं को जोड़ना है। विधानसभा स्तर से लेकर मंडल स्तर व बूथ स्तर पर टीम बनाकर काम करना है। सिर्फ खानापूर्ति के लिए हमें नहीं निकलना है बल्कि 2027 को ध्यान में रखकर इस अभियान में उतरना होगा। फार्म 6 व 8 का वितरण करना है। लोगों को ऑन लाइन व ऑफ लाइन फॉर्म भरने की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को देनी होगी। प्रति बूथ 100 नए या छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। 22, 23 व 24 नवंबर को मतदाता जोड़ो अभियान के तहत विशेष तौर पर सक्रिय रहना है। जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए और नए पात्र मतदाताओं के नाम भी सूची में शामिल कराए जाएं। महिला मतदाताओं को जोड़ने पर महिला मोर्चा की पूरी टीम को सक्रिय रहना है। आधी आबादी की लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में प्रयागराज महानगर के नवनियुक्त तीनों विधानसभा प्रभारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने शहर उत्तरी विधानसभा प्रभारी प्रभात श्रीवास्तव, शहर पश्चिमी विधानसभा प्रभारी अश्वनी कुमार द्विवेदी व शहर दक्षिणी विधानसभा प्रभारी चन्द्रदत्त शुक्ला का अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, डॉ शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विक्रमजीत भदौरिया, आनंद सोनकर, राजू राय, नीरज त्रिपाठी, अनिल केशरवानी, प्रमोद मोदी, आनंद श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, सचिन जायसवाल, कंचनलता कुशवाहा, दीप द्विवेदी, राजेश गोंड, नवाब खान, मो. शरीफ, चंद्रा अहलुवालिया, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, प्रियंका पराशर, संदीप यादव, सुजीत कुशवाहा, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

डीएम के औचक निरीक्षण में दर्जनों अधिकारी / कर्मचारी गायब मिले, नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज, मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण नवागत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने किया इस दौरान दर्जनों अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीट से गायब मिले ।सरकारी कार्यालयों में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की गैर मौजूदगी देखकर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। और डीएम ने सभी अनुपस्थित सहायक सांख्यिकी अधिकारी भूपेंद्र कुमार गुप्ता ,सीएलटीसी डूडा कृष्ण मुनी व जनार्दन गुप्ता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी ,प्रधान सहायक/ नाजिर सदर वेद प्रकाश मिश्रा, प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल ,वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट राजाराम चौधरी ,व मनोजधर दुबे, घनश्याम शर्मा तथा खनन अधिकारी अजीत कुमार, लेखपाल भूलेख कार्यालय राम आशीष , एवं भूलेख कार्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मी श्रीमती हेमंती देवी को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया ।अब संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को यह बताना होगा कि वे निरीक्षण के दौरान अपने कार्यालय में क्यों मौजूद नहीं थे और उनकी अनुपस्थिति की क्या वजह थी।

निरीक्षण के दौरान कुछ कार्यालयों में विभागाध्यक्ष गायब मिले वहीं तमाम पटल के कर्मचारी अपनी सीट से नदारद मिले।नए डीएम के द्वारा बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण करने से कलेक्ट्रेट कार्यालयों में हड़कंप की स्थिति रही। डीएम के औचक निरीक्षण को कार्यालयों में अधिकारियों /कर्मचारियों की शासन द्वारा निर्धारित समय तक उपस्थिति बनाए रखने के क्रम में देखा जा रहा है।

पनियरा विधानसभा क्षेत्र में आज लगेगा वृहद रोजगार मेला

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 18 नवंबर को पनियरा विधानसभा क्षेत्र में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय, महराजगंज एवं भगवंत पटेल पानमती देवी पीजी कॉलेज, बसहिया परतावल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह मेला कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

रोजगार मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इनके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के 2000 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को उनकी योग्यता एवं पद के अनुसार 10 हजार से 40 हजार रुपये तक प्रतिमाह वेतन दिए जाने का अवसर मिलेगा।मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं बीटेक सहित तकनीकी और गैर तकनीकी योग्यता रखने वाले युवा इसमें शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने और चयन प्रक्रिया के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से योग्य अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है। यह मेला क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

डीएम व एडीएम ने उर्वरक गोदामों एवं धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, किसानों से सीधे लिया फीडबैक

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जिलाधिकारी संजय चौहान एवं अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) पवन कुमार ने आज मंगलवार को जनपद में किसानों को उर्वरक की उपलब्धता एवं धान खरीद व्यवस्था का लाभ सुचारु रूप से सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रेमवलिया कसया क्षेत्र के धनहा में उर्वरक गोदाम/विपणन सहकारी समिति (विपैक्स) गोदाम तथा कसया प्रथम स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। प्रेमवलिया (धनहा) में उर्वरक गोदाम एवं विपैक्स गोदाम के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपलब्ध खाद के स्टॉक, विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित बिक्री दरों एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर खाद की उपलब्धता, वितरण एवं निर्धारित दरों पर उर्वरक मिलने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कालाबाजारी न होने पाए। निरीक्षण के दौरान उर्वरक वितरण मशीन खराब होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मशीन ठीक होने तक किसानों को खाद वितरण में अनावश्यक परेशानी न हो। इसके लिए नियमानुसार मैनुअल वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा वितरित उर्वरक की मात्रा एवं किसान का विवरण निर्धारित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। साथ ही मशीन को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए। इसके उपरांत अधिकारियों ने कसया प्रथम स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहां क्रय केंद्र पर धान खरीद की स्थिति, किसानों के लिए उपलब्ध बोरियों की संख्या, बोरी के स्टॉक, खरीद से संबंधित अभिलेखों एवं किसानों के भुगतान की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी से खरीद व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर उपस्थित किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने धान क्रय के बोर्ड से सम्बन्धित निर्देशित किया कि इसे मेन रोड पर लगाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि क्रय केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरियों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए तथा किसानों से निर्धारित मानकों के अनुरूप धान की खरीद की जाए। किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीद के उपरांत नियमानुसार समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखने तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों को खाद एवं धान खरीद से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुस्तक मेले में पहुंचीं डीएम, बच्चों की प्रतिभा देख की सराहना

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में मंगलवार को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका पहुंचीं। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ बच्चों एवं युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का बेहतर माध्यम हैं।इस दौरान जिलाधिकारी ने कैनवस क्लब के स्टॉल का विशेष रूप से अवलोकन किया। क्लब की ओर से बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग सहित विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा निखारी जा रही है। अभिषेक वर्मा ने डीएम को बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों और प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। बच्चों की रचनात्मकता देखकर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की और उत्साहवर्धन किया।पुस्तक मेले में जिला क्षय रोग विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इसमें लोगों को मानसिक स्वास्थ्य, नशा उन्मूलन, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी और आवश्यक परामर्श दिया गया।इसके अलावा पुस्तक मेला समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उन्होंने टीबी मरीजों के उपचार के साथ पौष्टिक आहार के महत्व और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया।

तेज रफ्तार ट्रक ने दो सगे भाइयों को रौंदा, मौत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हादसा पचखरा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी जान चली गई। मृतकों की पहचान पीपल गांव निवासी राकेश साहू के बेटे प्रियांशु (18) और शिवांशु (3) के रूप में हुई है। बताया गया कि राकेश साहू लाई की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके चार बेटे हैं, जिनमें प्रियांशु सबसे बड़ा और शिवांशु सबसे छोटा था। एक ही परिवार के दो बेटों की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पिता राकेश साहू और मां शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अन्य सदस्य भी गहरे सदमे में हैं।

सड़क किनारे स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे शिक्षक

- प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक होगा नामित, बच्चों को सुरक्षित सड़क पार कराने के दिए निर्देश।

समृद्धि न्यूज़

बछरावां (रायबरेली)। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रताप ने महत्वपूर्ण पहल की है। सड़क किनारे स्थित विद्यालयों में बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड के सभी संबंधित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में एक शिक्षक को नामित करने के निर्देश दिए गए हैं। नामित शिक्षक बच्चों को विद्यालय आते और छुट्टी के बाद घर जाते समय सुरक्षित सड़क पार कराने में सहयोग करेंगे।विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में आया कि विकासखंड के कई विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिदिन व्यस्त सड़कों को पार करके स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच छोटे बच्चों के साथ दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश जारी किए।निर्देशों के अनुसार प्रत्येक संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक अथवा प्रभारी प्रधानाध्यापक एक शिक्षक को इस कार्य के लिए नामित करेंगे। साथ ही नामित शिक्षक का नाम विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना अनिवार्य होगा, जिससे उसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रहे और व्यवस्था का प्रभावी ढंग से पालन हो सके।खंड शिक्षा अधिकारी की इस पहल का विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हनुमान, मंशाराम एवं गीता देवी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक हमेशा चिंतित रहते हैं। शिक्षक की जिम्मेदारी निर्धारित होने से बच्चों को सुरक्षित सड़क पार कराने में मदद मिलेगी और अभिभावकों की चिंता भी कम होगी।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विभाग की यह पहल संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में सराहनीय कदम है।

15वीं बस्ती मैराथन दौड़ का आयोजन 29 नवंबर को

- पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को मिलेंगा आकर्षक नकद पुरस्कार

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ के तत्वावधान में 15वीं बस्ती मैराथन दौड़ का आयोजन आगामी 29 नवंबर को किया जाएगा। मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं खिलाड़ियों में खेल भावना, फिटनेस, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उप क्रीड़ा अधिकारी ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित मैराथन की दूरी 6 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इसमें पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मैराथन में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक प्रतिभागी उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

सभी प्रतिभागियों को 29 नवंबर को प्रातः 6:00 बजे अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम, बस्ती में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने जनपद के समस्त इच्छुक खिलाड़ियों एवं युवाओं से अपील है कि वे इस मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा एवं फिटनेस का प्रदर्शन करें। मैराथन से संबंधित अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर 9935593060 एवं 9451118800 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्वगणना प्रकिया में घर बैठे दर्ज कर सकेंगे विवरणः- तहसीलदार

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज- रायबरेली। सोमवार से जनगणना 2027 के तहत स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में से की बता दे कि देश की पहली डिजिटल जनगणना के दूसरे चरण के तहत प्रदेश में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी इसके माध्यम से लोग घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार और आवास से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

द्वतीय चरण के अभियान के पहले दिन सोमवार को सांसद मंत्री विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने अपना विवरण आनलाइन दर्ज कर शुरुआत की तहसीलदार शालिनी तिवारी की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा विवरण आनलाइन दर्ज कर स्वगणना संपन्न की गई इसके अलावा विधायक ने सभी से ज्यादा से ज्यादा स्वगणना के माध्यम प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील भी की गई।

तहसीलदार शालिनी तिवारी ने बताया कि अभियान के पहले दिन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों सहित अन्य से स्वगणना संपन्न कराई गई।

साउंड बंद कराने पर हुआ विवाद दो युवकों को लाठी-डंडों से पीटा

रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के भैनापुर मजरे सिंसनी भुवालपुर गांव में देर रात साउंड बजाने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने दो युवकों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में दोनों युवक घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 बजे गांव निवासी शिव पूजन के घर बरिक्षा का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में साउंड बजाया जा रहा था। देर रात होने के कारण घर मालिक ने साउंड बंद करवा दिया। इसी बात को लेकर गांव के ही अनुज, अजीत, आकाश और अनुच ने साउंड चालू रखने का दबाव बनाया।साउंड दोबारा न बजाने पर चारों आरोपियों ने शिव पूजन और गोबिंद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद लाठी-डंडों से दोनों की पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अनुदानित उन्नतशील गेहूं बीज बना किसानों की पसंद

महाराजगंज, राजकीय बीज बिक्री केंद्रों पर अनुदान पर मिल रहे गेहूं बीज की खरीद को किसानों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं तमाम किसान निजी क्षेत्र के नामी गिरामी बीज उत्पादक एजेंसियों के गेहूं बीज की खरीद में जुटे हैं ।जनपद में सरकारी बिक्री केंद्रों से बिक्री के लिए लक्ष्य 19345 कुंतल के सापेक्ष अब तक 19315 कुंतल गेहूं बीज आ चुका है, वही निजी क्षेत्र में गेहूं के उपलब्धता लक्ष्य 50906 के सापेक्ष 56000 कुंतल गेहूं बीज बाजार में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि सरकारी बिक्री केंद्रों से अब तक 12000 कुंतल गेहूं बीज बिक्री होने की खबर है ,वहीं निजी बिक्री प्रतिष्ठानों से 26 000 कुंतल बीज बिक्री होने हो चुका है। सरकारी बीज बिक्री केंद्रों पर किसान 40 से 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज प्राप्त कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महराजगंज में 166 पुलिसकर्मियों का तबादला

- 88 उपनिरीक्षक और 78 आरक्षी शामिल

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत महराजगंज पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने जनपद के कुल 166 पुलिसकर्मियों का अंतःजनपदीय स्थानांतरण किया है। स्थानांतरित होने वालों में 88 उपनिरीक्षक और 78 आरक्षी शामिल हैं।

पुलिस विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह स्थानांतरण निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों और मानकों के अनुरूप किया गया है। इसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस बल की तैनाती में आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखना है।पुलिस अधीक्षक के स्तर से की गई इस कार्रवाई को आगामी चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने और चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग अपनी तैयारियों में जुटा है। महराजगंज पुलिस के अनुसार, निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी तैयारियां लगातार जारी रहेंगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का जोरदार स्वागत



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में पूर्वी बाईपास पर शनिवार की रात भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपिन द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की बड़ी माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज एवं जिला प्रभारी रूपेश गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर भारद्वाज ने कहा कि विपिन द्विवेदी के नेतृत्व में भारी संख्या में आप लोग आए और स्वागत किया। इसके लिए आप सभी का आभार। आपकी ऊर्जा व उत्साह से लगता है प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी।

एसडीएम ने कई बूथों का किया निरीक्षण



छिबरामऊ, कन्नौज। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रशासन ने बूथों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ, गोमती देवी इंटर कॉलेज गुरसहायगंज और प्राथमिक विद्यालय खाड़ेदेवर सहित विभिन्न बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी ली और बीएलओ से प्रगति के बारे में पूछा। एसडीएम ने सभी बीएलओ को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समयसीमा में जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करें। साथ ही मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

- किसी भी पात्र का नाम छूटना नहीं चाहिए
- महिलाओं के मतदाता पंजीकरण पर विशेष जोर

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इसमें सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने तथा पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित ऐसे सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल कराया जाए, जिनका नाम किसी कारणवश अभी तक दर्ज नहीं हो सका है। इसके लिए संबंधित पात्र नागरिकों से फॉर्म-6 भरवाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन में मतदाता का नाम, पता, स्पष्ट एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो तथा वर्तमान मोबाइल नंबर सही-सही अंकित किया जाए। यदि किसी आवेदक के पास फोटो उपलब्ध नहीं है, तो बीएलओ अपने मोबाइल फोन से उसकी फोटो लेकर आवेदन में अपलोड कर सकते हैं। साथ ही सामान्य निवास एवं पहचान के सत्यापन के लिए मात्र एक ही दस्तावेज की आवश्यकता है। प्रत्येक आवेदन पर आवेदक के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान लेना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर आवेदन अपूर्ण न रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट एवं कड़े शब्दों में कहा कि मतदाता पंजीकरण का कार्य केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी के रूप में किया जाए। प्रत्येक पात्र नागरिक का वोट बनना चाहिए और कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, अधिक से अधिक पात्र महिलाओं के फॉर्म-6 भरवाए जाएं तथा मतदाता सूची में महिला-पुरुष अनुपात में अपेक्षित सुधार लाया जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि आगामी एक-दो माह अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवधि में सभी कार्मिक पूरी सक्रियता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ क्षेत्र में कार्य करें तथा घर-घर संपर्क कर पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा खानापूर्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सजल संग्रह 'सन्नाटे का कोलाहल' का मथुरा में हुआ लोकार्पण



समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज/ जलालाबाद, कन्नौज। हिंदी साहित्य की नवीन काव्य विधा सजल के आठवें सजल महोत्सव में जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज के शिक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह 'सजल' के काव्य संग्रह 'सन्नाटे का कोलाहल' का भव्य लोकार्पण किया गया। आरसीए महिला डिग्री कॉलेज, मथुरा में आयोजित समारोह में देशभर के कवियों के कुल 38 सजल संग्रहों का विमोचन हुआ। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार सिंह को साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए सजल भूषण सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें प्रतीक चिह्न, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय हिंदी संस्थान के वरिष्ठ आचार्य प्रो. उमापति त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि ब्रज भाषा अकादमी के डॉ. केशव देव शर्मा रहे। समारोह में डॉ. राजीव द्विवेदी, विजय राठौर सहित कई साहित्यकार मौजूद रहे। सात राज्यों के साहित्यकारों ने सहभागिता की।

सजल विधा के प्रवर्तक डॉ. अनिल गहलौत ने कहा कि यह विधा हिंदी भाषा के गौरव को बढ़ाने के साथ रचनाकारों को नई अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करेगी। संचालन संतोष कुमार सिंह और रेखा लोढ़ा ने किया।

गोमती देवी आदर्श इण्टर कॉलेज रामगंज मतदान केन्द्र पर उप जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। गोमती देवी आदर्श इण्टर कॉलेज रामगंज मतदान केन्द्र पर उप जिलाधिकारी छिबरामऊ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक विजय मिश्रा से मुलाकात की और नई मतदाता सूचियों के संबंध में पूछताछ भी की। उप जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र पर व्यवस्थाओं को देखा और नई मतदाता सूची के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सूची में किसी भी मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए और सूची पूरी तरह से सही होनी चाहिए।

हर पीडीए प्रहरी अपने बूथ पर मुस्तैद: आज नई मतदाता सूचियों के प्रकाशन के बाद 196 विधानसभा के नगर गुरसहायगंज के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पीडीए प्रहरी अपने साथियों के साथ पहुंचे और नई मतदाता सूचियों का अध्ययन किया।

इस दौरान प्रहरियों ने अपने-अपने बूथ की सूची को ध्यान से देखा और जांच की कि किसका नाम सूची में है और किसका नाम छूटा है। उन्होंने मतदाताओं से भी बात की और उन्हें सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक किया। प्रहरियों ने कहा कि वे अपने बूथ पर पूरी तरह मुस्तैद हैं और एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर नहीं होने देंगे।

अधिवक्ता हत्याकांड में बेटी की गिरफ्तारी पर भड़के सपाई और कांग्रेसी, पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। जिले के छिबरामऊ में चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड में आरोपी की बेटी की गिरफ्तारी को लेकर सपा और कांग्रेस के नेताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए वर्तमान सरकार से मामले की जांच निष्पक्षता से करने की मांग की है। उपरोक्त राजनैतिक दलों के नेताओं ने बेटी को नाबालिक और बेगुनाह बताते हुए उसे आजाद करने की मांग की है। अन्यथा की स्थित में मामले में उपरोक्त नेताओं ने आगे की रणनीति तय कर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

सपा नेताओं का कहना था कि, बिकरू कांड में आरोपी खुशी दुबे निर्दोष थी, कहीं उपरोक्त मामले में भी कन्नौज में कोई दूसरी खुशी दुबे ना पैदा हो। बताते चलें कि, दीवाली की सायं कहासुनी और विवाद के दौरान एक अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पूर्व कांग्रेस नेता अमोल दीक्षित को मुख्य आरोपी और परिवार के अन्य सदस्यों में पूर्व कांग्रेस नेता के पिता अवध बिहारी दीक्षित, मां मुन्नी देवी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम की विवेचना में नाम आने पर पूर्व कांग्रेस नेता की बेटी का नाम भी पुलिस ने शामिल किया था। विगत दिनों अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस कार्यवाही आगे बढ़ी और घटनाक्रम के मुख्य आरोपी अमोल दीक्षित सहित उनके पिता अवध बिहारी, मां मुन्नी देवी के अलावा कांग्रेस नेता की बेटी को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। इतना ही नहीं आरोपी के घर के कुछ हिस्से पर पुलिस बल की मौजूदगी में नगर पालिका ने बुलडोजर चलाने की कार्यवाही भी की थी। पूरे मामले में राजनैतिक मोड़ तब रंग लेने लगा,जब हत्याकांड के आरोपी कांग्रेस नेता की बेटी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आखिर मामले में राजनैतिक दलों के विरोधी स्वर गूंजने लगे। सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी और उसके बाद मंगलवार को प्रेस वार्ता में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कलीम खान सहित अन्य सपा नेताओं की मौजूदगी में बउअन तिवारी ने उपरोक्त मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया। उन्होंने सरकार से मामले की निष्पक्षता से जांच की भी मांग की। सपा नेता का कहना था कि, अधिवक्ता हत्याकांड मामले में पार्टी की सहानुभूति पीड़ित और दुखी परिजनों के साथ है। आगे कहा कि, पुलिस ने आरोपी नेता की बेटी को आरोपी बनाकर जो जेल भेजा है वह पूरी तरह गलत है। बिकरू कांड की तरह कन्नौज में कोई दूसरी खुशी दुबे ना पैदा हो, इससे पहले सरकार मामले में न्यायपूर्ण कार्यवाही करे। उपरोक्त घटनाक्रम में बेटी को नाबालिक बताते हुए और पुलिस कार्यवाही की आलोचना करते हुए सपा नेताओं का कहना था कि, बेटी की गिरफ्तारी और जेल भेजने की घटना से सबसे अधिक आक्रोश ब्राह्मण समाज में है। घटना के जो दोषी हैं उनको सजा मिले लेकिन मामले में किसी निर्दोष के साथ अन्याय ना हो। सपाइयों ने सरकार से आरोपी की बेटी की रिहाई की मांग की है। अन्यथा की स्थित में आगे की रणनीति तय कर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले के सपाई नेता मौजूद रहे। उपरोक्त मामले में ही जिले के कांग्रेस नेता भी चुप नहीं रहे। घटना में बेटी की गिरफ्तारी को लेकर कलेक्टर मुख्यालय पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने अधिवक्ता हत्याकांड की घटना में अपनी संवेदना जताते हुए आरोपी की बेटी की गिरफ्तारी और उसे जेल भेजने पर पुलिस की कड़ी आलोचना की। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि, पुलिस मामले की जांच करे। स्कूल कॉलेज से बेटी का रिकॉर्ड सहित अन्य साक्ष्य देखे। आरोपी की बेटी को नाबालिक और निर्दोष बताते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोपी की बेटी की रिहाई की मांग सरकार से की है। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर मामले को लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी रही।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में आकाश एजुकेशन सेंटर का शानदार प्रदर्शन

गुरसहायगंज, कन्नौज। 54वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी जिला संसाधन केंद्र, कन्नौज में किया गया। इस प्रदर्शनी में आकाश एजुकेशन सेंटर उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामगंज, गुरसहायगंज, कन्नौज के विद्यार्थियों एवं शिक्षक ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न संवर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण के वरिष्ठ क्रियाकारी संवर्ग में कक्षा 11 के शौर्य कटियार, शौर्य गुप्ता और इमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सफाई के कनिष्ठ क्रियाकारी संवर्ग में कक्षा 9 के आदर्श पटेल, पवनेंद्र और अस्मित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक संवर्ग में जी. पी. प्रसाद ने श्रेष्ठतर जीवन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समधन में पूर्व विधायक ने औषधि भण्डार का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पंचायत समधन में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने एक औषधि भण्डार का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव में जुटने के लिए आह्वान किया और पीडीए पर चर्चा की।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक ने पूर्व विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एकजुट होकर लड़ेंगे तो जीत हमारी होगी - ताहिर हुसैन सिद्दीकी

इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि चुनाव का समय आ गया है। अब हम सभी को एकजुट होकर चुनाव में जुट जाना है। अगर हम बिखरे रहेंगे तो विरोधी ताकतों को फायदा होगा। लेकिन अगर हम एकजुट होकर लड़ेंगे तो जीत समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की होगी।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान और पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के हक की लड़ाई लड़ती रही है। पीडीए ही हमारी ताकत है। पीडीए को मजबूत करना ही हमारा सबसे बड़ा काम है। हर गांव, हर मोहल्ले, हर बूथ पर पीडीए को मजबूत करना होगा।

पूर्व विधायक ने आगे कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि आप अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। घर-घर जाकर लोगों से मिलें। पार्टी की नीतियों को बताएं। लोगों की समस्याओं को सुनें और उन्हें दूर कराने का प्रयास करें। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव केवल एक चुनाव नहीं है, बल्कि यह जनता के हक और सम्मान का चुनाव है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने मतभेद भुलाकर एक साथ काम करें। जो कार्यकर्ता मेहनत करेगा, पार्टी उसका सम्मान करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाएं और हर बूथ पर पार्टी को मजबूत करें।

प्रानपुर पल्यौरा में बदहाल गली को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम प्रानपुर पल्यौरा में एक गली की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि गली पूरी तरह बद से बदतर हो चुकी है, जिससे राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कत होती है।

गली में जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है और कीचड़ फैला है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों से ग्राम में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है, जिसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। मौके पर पहुंची क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदिनी दीक्षित ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही रोड का निर्माण कराया जाएगा और इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी। क्षेत्र पंचायत सदस्य के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में ओमकार, सत्यप्रकाश, अंकित, राजू, हरिचरन, अमन, नेता, पुल्लन, शिवम, सोमेन्द्र, रामबाबू, अतिवल और अनिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने हाथ उठाकर नाराजगी जताई और जल्द से जल्द गली व सड़क निर्माण की मांग की।

विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा था हत्यारोपी अमोल दीक्षित

छिबरामऊ, कन्नौज। हत्यारोपी अमोल दीक्षित विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा था लेकिन कालचक्र ने उसे परिवार सहित जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दीपावली की शाम 8 नवंबर को अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्य आरोपी कांग्रेस जिला महासचिव अमोल दीक्षित सहित उसके पिता अवध बिहारी दीक्षित, मां मुन्नी देवी और बेटी उन्नति दीक्षित को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भिजवा दिया था। अमोल दीक्षित पिछले कई माह से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। इसके लिए उसने 196 छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह वॉल पेंटिंग भी कराई थी। उसने वर्ष 2022 में भी पिछला विधानसभा चुनाव बतौर निर्दलीय प्रत्याशी लड़ा था और केवल 231 वोट प्राप्त किए थे। इतने कम वोट प्राप्त करने के कारण उसकी जमानत भी जप्त हो गई थी।

महिला सुरक्षा और मतदाता जागरूकता का संदेश देंगे सास-बहू सम्मेलन

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। महिला संबंधी अपराधों में कमी लाने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिले की तीनों तहसीलों में सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए महिला सुरक्षा, सम्मान और मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सभी उपजिलाधिकारियों को सम्मेलन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलनों में सास-बहू के बीच आपसी संवाद और पारिवारिक समन्वय बढ़ाने के साथ महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, मताधिकार के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मोहम्मद रज़ा, अपने नाबालिग पुत्र, जिसकी जन्मतिथि 15-07-2014 है, के संबंध में यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र का पूर्व नाम मोहम्मद हसन अबरार ज़ैदी था, जिसे परिवर्तित करके अब मोहम्मद हसन ज़ैदी कर दिया गया है। भविष्य में मेरा पुत्र सभी कार्यों एवं अभिलेखों में मोहम्मद हसन ज़ैदी के नाम से जाना जाएगा। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

पिता का नामः मोहम्मद रज़ा
माता का नामः मर्ज़िया हसन

मदन मोहन मालवीय इण्टर कॉलेज मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाई गई

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। मदन मोहन मालवीय इण्टर कॉलेज मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाई गई और मतदाताओं को सूची दिखाकर जांच कराई गई।

इस मौके पर मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

मतदान केन्द्र पर भाग संख्या 496 के मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी गीतेश कुमार, भाग संख्या 497 के मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी जनादेश मिश्रा तथा भाग संख्या 498 के मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी श्री आदित्य मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने भाग की सूची मतदाताओं को पढ़कर सुनाई और एक-एक नाम की जांच कराई।

इस दौरान मतदाताओं ने अपनी सूची में नाम, पता और अन्य विवरण को ध्यान से देखा। जिन मतदाताओं के नाम में कोई त्रुटि थी, उन्हें सही कराने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की मूल नामावली सभी पूरक सूचियों के साथ एकीकृत कर दी गई है। अर्हता तिथि 01-01-2027 के आधार पर निर्वाचक नामावली 2027 तैयार की जा रही है। मतदाताओं ने सूची पढ़कर सुनाने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह सूची सुनने से उन्हें अपना नाम जांचने में आसानी हुई और किसी का नाम छूटने की आशंका भी खत्म हो गई।

धुलाई केंद्र पर लगे जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। फर्रुखाबाद रोड स्थित एक धुलाई केंद्र पर रखे जनरेटर से किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा अल्टीनेटर चोरी कर लिया गया। दुकान स्वामी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज क्षेत्र के बेटा निवासी बृजेश राजपूत पुत्र सुखवासी लाल ने बताया कि छिबरामऊ के फर्रुखाबाद चौराहे से कुछ दूरी पर स्थित सैनिक कैंटीन के पास उनकी राजपूत धुलाई केंद्र के नाम से दुकान है। बीती रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह आकर देखा तो दुकान में लगे जनरेटर से अल्टरनेटर चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्व. अनुज चतुर्वेदी की पत्नी को मिले पांच लाख रुपये

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अधिवक्ता स्वर्गीय अनुज चतुर्वेदी की पत्नी लक्ष्मी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय के प्रयास पर उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा सहायता राशि का चेक उन्हें सौंपा गया। इस सहायता से पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा।

मालूम हो कि दीपावली यानी रविवार, आठ नवंबर की शाम करीब 6:30 बजे छिबरामऊ की कोयला वाली गली में विवाद हुआ था। पुलिस के मुताबिक, अमोल दीक्षित ने अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी के चचेरे भाई बसंत चतुर्वेदी को थप्पड़ मार दिया था।

जानकारी मिलने पर अनुज अपने साथियों के साथ अमोल से शिकायत करने पहुंचे थे। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर अमोल घर से लाइसेंसी पिस्टल लेकर आया और अनुज पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गंभीर हालत में उन्हें सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।





सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत 13 ओवरसाइज ट्रक सीज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को रोकने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा व्यापक प्रवर्तन कार्रवाई की गई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के नेतृत्व में की गई प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान निर्धारित मानकों से अधिक आकार के 13 ओवरसाइज ट्रकों को सीज किया गया। इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 1.10 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन कर

ओवरस्पीडिंग करने वाले सात वाहनों के चालान

तेज गति से संचालित हो रही 07 कारों के चालान किए गए तथा उन पर कुल 14 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, जांच के दौरान एक स्कूली वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाते हुए पकड़ा गया। उक्त वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग



पकड़ी गयी स्कूली वैन की जानकारी देते अधिकारी

तथा मानकों के विपरीत संचालित वाहनों पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। स्कूली वाहनों की नियमित जांच कर बच्चों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उल्लेखनीय है कि सड़क दुर्घटनाओं तथा दुर्घटनाओं में होने वाली मृतकों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासनए लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं यातायात नियमों का पालन कराने के लिए इस प्रकार की प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। जनपदवासियों से अपील है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

आग लगने से झोपड़ियां जलकर राख

एक लाख के नुकसान का अनुमान

समृद्धि न्यूज, शमशाबाद।

थाना क्षेत्र के पैलानी दक्षिण गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ियों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। अग्निकांड में तीन झोपड़ियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जिससे पीड़ित परिवारों को करीब एक लाख रुपये की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार गांव में अचानक झोपड़ियों से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की तीन झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।


आग के बाद का दृश्य

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टियों और अन्य बर्तनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग को आगे फैलने से रोक लिया, जिससे आसपास की अन्य झोपड़ियां बच गईं। हालांकि, तब तक तीनों झोपड़ियां और उनमें रखा कपड़ा, बिस्तर व गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह चूल्हे से निकली चिंगारी मानी जा रही है, हालांकि अभी वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

कारों की आमने-सामने से भिड़ंत, टला बड़ा हादसा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल के पास बीती रात एक सड़क हादसे में दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं, गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं।


क्षतिग्रस्त कार

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे मोहम्मदाबाद चौराहे की ओर से आ रही स्विफ्ट टैक्सी नंबर 83बीटी/9308 और बबना चौराहे की ओर से आ रही मारुति सुजुकी ब्रेजा कार नंबर एमपी 07एपी/6505 की एक होटल के पास आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद स्विफ्ट टैक्सी के ड्राइवर सानी पुत्र मेघ सिंह निवासी हमीरखेड़ा थाना मेरापुर और उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति अमित पुत्र मेवाराम शाक्य निवासी हमीरखेड़ा थाना मेरापुर ने मौके पर स्थिति की जानकारी दी। वहीं, ब्रेजा कार में सवार लोग हादसे के तुरंत बाद अपने निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल चले गए। हादसे में दोनों गाड़ियों में बैठे किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आई हैं। दोनों क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क किनारे हटवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फिरोजाबाद ने जयपुर को 53 रनों से रौंदा, सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे तीसरे अंतर राज्यीय ज्ञान कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां किड्स कॉर्नर फिरोजाबाद ने एसपी सुपरस्टार जयपुर को 53 रनों से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फिरोजाबाद की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 270 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान अमन यादव ने कप्तानी पारी खेलते हुए 64 गेंदों में 14 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 128 रन ठोक डाले। उनका साथ देते हुए रितिक शर्मा ने भी मैदान के चारों तरफचौकों-छक्कों की बरसात करते हुए



मैच के दौरान मौजूद खिलाड़ी

7 चौकों व 10 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। दोनों की इस ताबड़तोड़ बल्लेबाजी को देखकर दर्शक झूम उठे। 270 रनों के भारी-भरकम लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर की तरफसे ओपनर बल्लेबाज धीरज ने 17 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी इस बैटिंग ने एक समय फिरोजाबाद के खेमे में हलचल मचा दी थी, लेकिन उनके आउट होने के बाद अन्य कोई बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका।

पूरी जयपुर टीम 217 रन पर ढेर हो गई और फिरोजाबाद ने मैच 53 रनों से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि भाजपा नेता रूपेश गुप्ता ने फिरोजाबाद के कप्तान अमन यादव को मैन ऑफद मैच के खिताब से नवाजा। इस दौरान देवेंद्र दुबे, आमोद शर्मा, नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। मैच में सौरभ जायसवाल व हिमांशु यादव अंपायर, राजेश सिंह स्कोरर, मनोज तिवारी रेफरी तथा अनिल वर्मा, गोविंद कौशल व परवेज खान कॉमेंटेटर रहे। लाइव स्ट्रीमिंग मानस वर्मा ने संभाली।

पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज। राजेपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट और बीएनएस की गंभीर धाराओं में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 30 अक्टूबर को वादी द्वारा अपनी नाबालिग बहन के बिना बताए घर से चले जाने के संबंध में थाना राजेपुर में लिखित तहरीर दी गई थी। जिस पर धारा


पुलिस हिरासत में आरोपी

137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने अपहर्ता को सकुशल बरामद किया। पीड़िता के बयान, घटनास्थल के निरीक्षण और साक्ष्य संकलन के आधार पर इस मामले में धारा 87/64 बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त नसीम पुत्र नशीर निवासी मोहल्ला शमशेर खानी थाना मऊदरवाजा का नाम है। धारा 137(2)/87/64 बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट, थाना राजेपुर व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली फर्रुखाबाद मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजब सिंह, उ0नि0 गौरव कुमार शुक्ल, का0 पवन कुमार, का0 शशांक पाण्डेय शामिल रहे।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव स्यानी निवासी बाइक सवार मनोज कुमार उम्र 19 वर्ष पुत्र विजयपाल की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार सुबह समय लगभग 3 बजे नौली बिछौली मार्ग गांव नौली के पास बाइक सवार मनोज कुमार पुत्र विजयपाल को घायल अवस्था में पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन मनोज कुमार को एक चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव अपने घर ले गए। मेरापुर थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और उपनिरीक्षक शेखर सैनी ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

मानसिक तनाव के चलते युवती ने लगाई फांसी, मौत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला सरदार खां निवासी संजीव शाक्य की 24 वर्षीय पुत्री नेहा शाक्य ने मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नेहा ने बीती शाम के समय घर की छत के ऊपरी कमरे के बाहर लगे जाल में एक स्टूल पर खड़े होकर अपनी मां की साड़ी से फंदा बनाया और गले में डालकर झूल गई। रात करीब 8 बजे जब परिजनों ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई और घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत आनन-फानन में नेहा को फंदे से नीचे उतारा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत अवस्था घोषित कर दिया। परिजन शव को वापस घर ले गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मऊदरवाजा के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह और बजरिया चौकी इंचार्ज यतेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि नेहा का रिश्ता तय हो चुका था और इसी साल दिसंबर के पहले सप्ताह में उसकी शादी होनी थी घर में वैवाहिक कार्यक्रमों और साजो-सामान की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं, लेकिन इस अचानक हुए हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया है।

अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, चचेरे भाई की मौत

शादी का कार्ड देकर लौटते समय घटी घटना, एक घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कंपिल थाना क्षेत्र के हथवामा गांव में आने वाली खुशियों की शहनाइयों से पहले घर में मातम पसर गया है। हथवामा गांव निवासी विस्मोद 30 वर्ष के छोटे भाई की 6 दिसंबर को शादी तय है। सोमवार को विस्मोद अपने चचेरे भाई पिंटू पाल (25) वर्ष पुत्र सत्यभान पाल के साथ पिंटू के बड़े भाई गुड्डू की ससुराल कायमगंज के गांव कुआं खेड़ा में शादी का कार्ड बांटने गया था। दोनों ने वहां रिश्तेदारों को सप्रेम कार्ड देकर शादी में शामिल होने का न्योता दिया। कार्ड बांटने के


मृतक का फाइल फोटो

बाद दोनों बाइक से वापस अपने घर हथवामा लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कायमगंज बाईपास मार्ग पर लकी धर्मकांटा के पास पहुँची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से लहूलुहान होकर अचेत हो गए। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया, जिससे दोनों


अस्पताल में भर्ती घायल

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया गया। वहां से हालत बेहद गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचते ही चिकित्सकों ने 25 वर्षीय पिंटू पाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल विस्मोद का उपचार जारी है। पिंटू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक पिंटू तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। पिंटू मजदूरी करता था और अभी अविवाहित था, वहीं घायल विस्मोद ट्रक चालक है। जो पिंटू बड़े भाई की ससुराल में खुशियां बांटने गया था, उसकी अचानक हुई मौत से पूरा परिवार और गांव गहरे सदमे में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

जिलाधिकारी ने कालेजों में बनाए गए मतदाता पंजीकरण बूथों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा बूथ लेवल अधिकारियों के पास फार्म-6, 7 एवं 8 की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लेने हेतु राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ एवं दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में बनाए गए मतदाता पंजीकरण बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बूथ लेवल अधिकारियों से आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन, मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम अपमार्जित कराने तथा मतदाता विवरण में संशोधन से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए, जिससे कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित होने से वंचित न रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ की आलेख्य मतदाता सूची का गहनतापूर्वक अध्ययन करें तथा क्षेत्र में ऐसे अर्ह नागरिकों को चिन्हित करें, जिनकी आयु निर्धारित अर्हता तिथि के अनुसार मतदाता बनने के लिए पात्र है, लेकिन उनका नाम जनपद की किसी भी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है। ऐसे सभी पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए


निरीक्षण करती जिलाधिकारी

नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों से 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक भौतिक रूप से भरे हुए फार्म-6 प्राप्त किए जाएं। फार्म-6 के साथ आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, वर्तमान एवं सक्रिय मोबाइल नंबर, पूर्ण आवासीय पता तथा नियमानुसार अपेक्षित अन्य आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं, ताकि आवेदन पत्रों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क एवं जनजागरूकता के माध्यम से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। युवाओं, महिलाओं तथा ऐसे सभी नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं हो पाया है। मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, नाम, पता अथवा अन्य विवरण में संशोधन के लिए संबंधित नागरिकों को निर्धारित फार्म-8 तथा अपात्र अथवा मृत मतदाताओं के नाम अपमार्जित कराने के लिए नियमानुसार फार्म-7 की प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का अवसर मिलना चाहिए। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी विशेष पुनरीक्षण अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से भी अपील की कि वे प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है अथवा नाम, पता एवं अन्य विवरण में कोई त्रुटि है, तो निर्धारित अवधि में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक फार्म एवं अभिलेख जमा कराएं, जिससे निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित छूटे हुए पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज 17 नवम्बर को आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया गया है।

प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों में यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सम्मिलित होने से छूट गया है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित अवधि में दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर आवश्यक संशोधन कराया जा सकता है। डीएम ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17


कांग्रेस जिलाध्यक्ष को वोटरलिस्ट सौंपती डीएम

नवम्बर से 16 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा। विशेष अभियान दिवस 21, 22, 28 और 29 नवम्बर को सभी 1,605 मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर फार्म-6, 7 और 8 के माध्यम से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। आलेख्य सूची के अनुसार जिले की चारों विधानसभाओं कायमगंज, अमृतपुर, फर्रुखाबाद और भोजपुर में कुल 11,87,068 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 6,55,725 पुरुष, 5,31,320 महिला और 23 अन्य मतदाता शामिल हैं। 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं और छूटे हुए पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण फार्म-6 के जरिए सुनिश्चित कराया जाए।

राशन दुकानों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा व एएनएम के सहयोग से विशेषकर छूटी हुई पात्र महिलाओं का नाम जोड़ा जाए।

राजनैतिक दलों से अपील की गई कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर विशेष अभियान तिथियों में बीएलओ का सहयोग करें। बैठक में सुभाष चंद्र शाक्य समाजवादी पार्टी, आयुष गुप्ता अपना दल एस, राम रतन गौतम बहुजन समाज पार्टी, अचल प्रताप सिंह आम आदमी पार्टी, शकुंतला कांग्रेस पार्टी, सुनील कटियार सीपीआईएम, नागेन्द्र पाल सिंह जाटव बसपा विकास पांडे भारतीय जनता पार्टी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचन विभाग के कर्मचारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गोपाष्टमी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गोपाष्टमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौशाला में सुबह से ही भक्तिमय माहौल छा गया। हर तरफ जय गौमाता के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर गौशाला के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर विधि-विधान से हवन-पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने हवन में आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता विकास शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने गायों की पूजा-अर्चना की। तिलक लगाकर आरती उतारी तथा गौसेवा का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि गौमाता की रक्षा और संरक्षण हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल एवं कुलदीप भारद्वाज सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने गोपाष्टमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौसेवा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।


गौ पूजन करते लोग

28वें मानस सम्मेलन में विवाह संस्कारों पर हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

डीपीबीपी कालेज मदारबाड़ी में चल रहे 28वें मानस सम्मेलन में मानस विद्वानों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में पारिवारिक जीवन में विवाह पर विशेष चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा गया कि समाज में भारतीय संस्कृति के संस्कार समाप्त हो रहे हैं, उनको संरक्षण देने की आवश्यकता है।



कथा का श्रवण कराते आचार्य



पाण्डाल में मौजूद भक्तगण

वद्वानों ने कहा कि श्री राम जैसा विवाह ही आदर्श विवाह है, जिसमें वैदिक संस्कार हैं, देवी-देवता साक्षी हैं, धर्म, कर्म, अर्थ, मोक्ष की भावनाएं होती हैं। उसे जन्म-जन्मान्तर का सम्बन्ध माना जाता है। वर्तमान समय के विवाहों पर पश्चिमी सभ्यता और आधुनिकता का प्रभाव है, जिससे परिवार और समाज का विघटन हो रहा है। तनाव युक्त जीवन मानव जी रहा है। राम कथा-मानस सम्मेलन हमें जीवन जीने का मार्गदर्शन करता है। युवाओं में संस्कार देने के लिए श्री रामचरित मानस हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

मानस शोधकर्ता डॉ0 राम बाबू पाठक ने कहा कि भारतीय संस्कारों में नारी शक्ति, माता का योगदान आवश्यक है। मानस के पात्र माता कौशल्या, सुमित्रा, कैकेई, शबरी जैसी माताओं ने वैदिक सनातन संस्कारों की परम्पराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी तक संरक्षण दिया। मानस ग्रन्थ में परिवार, समाज और राष्ट्र का समाधान मिलता है। सुमन रामायणी ने कहा कि राम कथा चरित्र निर्माण में इन पात्रों से प्रेरणा लें, जो जीवन में सार्थकता प्रदान करती है। परिवार और समाज में बच्चों को अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता है, तभी हमारा देश स्वर्णिम भारत बनेगा। संतोष जी महाराज ने कहा कि श्री राम जी का विवाह तीन प्रकार से हुआ। पुष्प वाटिका में गन्धर्व विवाह, धनुष-यज्ञ में शक्ति प्रदर्शन में विजयी हुए। अरिमर्दन शास्त्री ने भरत-चरित्र, उनके त्यागी और वैरागी जीवन, त्याग-तपस्या पर चर्चा की।

उन्होंने वर्तमान समय में परिवार, समाज में युवा पीढ़ी को संस्कार देने का आह्वान किया। साधना स्वामी, सुमन रामायणी, अम्बरीष रामायणी ने कहा कि श्री रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री राम जी की लीलाओं में प्रत्येक पात्र प्रेरणादायक है, उनसे सीखने की आवश्यकता है।

पं0 सर्वेश शुक्लए अरविन्द चतुर्वेदी ने वैदिक संस्कारों के साथ पूजन-अर्चन, वन्दन की दीक्षा के साथ कार्य सम्पन्न कराया। विवाह प्रसंग में मानस विदुषी साधना, सुमन, रुचि ने विवाह गीत, मंगल-गीत प्रस्तुत किए। तबला पर शिव प्रताप एवं सर्वेश शुक्ल ने संगत दी। महिला मण्डल में गौरांगी दुबे, सिमरन सिन्धी, मंजरी चंचल, पिन्की चंचल, शारदा भदौरिया, उर्मिला सिंह, नीलम सक्सेना ने मंगल-गीत, विवाह गीत प्रस्तुत किए। भारत सिंह ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। राजेश निराला ने मानस विद्वानों, समाजसेवी व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। श्री राम भक्तों ने श्री राम दरबार की आरती उतारी और प्रसाद पाया। ब्रज किशोर सिंह ने सम्मेलन का संचालन किया। राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रशांत सिंह, घनश्याम बाजपेई ने सम्मेलन में विद्वानों का स्वागत किया।

एसपी ने 11 उपनिरीक्षकों के किए तबादले

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। एसपी जिले के विभिन्न थानों और चौकियों में तैनात कुल 11 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। कई चौकी प्रभारियों को बदला गया है तो कुछ को पुलिस लाइन और चुनाव सेल में भेजा गया है।

स्थानांतरित किए गए उपनिरीक्षकों का पूरा विवरण इस प्रकार उ0नि0 शाकिर अली चौकी प्रभारी तिकोना कोतवाली फर्रुखाबाद से स्थानांतरित कर कोतवाली फर्रुखाबाद भेजा गया है। उ0नि0 अभिषेक शुक्ला पुलिस लाइन से प्रभारी यूपी-112 बनाया गया है। उ0नि0 अरुण कुमार चौकी प्रभारी संकिसा थाना मेरापुर से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। उ0नि0 दीपक कुमार चौकी प्रभारी आवास विकास थाना कादरीगेट से चौकी प्रभारी अमृतपुर थाना अमृतपुर बनाए गए हैं। उ0नि0 जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी सेन्ट्रल जेल कोतवाली फतेहगढ़ से स्थानांतरित कर थाना राजेपुर भेजा गया है। उ0नि0 लक्ष्मन सिंह चौकी प्रभारी नीब करौरी थाना मोहम्मदाबाद से चौकी प्रभारी तिकोना थाना फर्रुखाबाद नियुक्त किए गए हैं। उ0नि0 राहुल सिंह चौकी प्रभारी अमृतपुर थाना अमृतपुर से कोतवाली फर्रुखाबाद भेजे गए हैं। उ0नि0 रामकेश चौकी प्रभारी मेडिकल थाना मऊदरवाजा से हटाकर चुनाव सेल भेजा गया है। उ0नि0 शिवकुमार चौकी प्रभारी कुआँखेड़ा थाना कायमगंज से चौकी प्रभारी आवास विकास थाना कादरीगेट बनाए गए हैं। उ0नि0 सुबोध यादव थाना साइबर क्राइम से थाना कायमगंज स्थानांतरित किए गए हैं। उ0नि0 विमल कुमार थाना कादरीगेट से थाना कायमगंज भेजे गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा प्रति किया जागरूक



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 नवम्बर को सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने 10 गोल्डन ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और कहा कि जीवन अनमोल है, इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न संदेश दिए गए। सड़क पर अनुशासन और जागरूकता की आवश्यकता है हमेशा सीट बेल्ट और हेलमेट पहनें, गति सीमा का पालन करें, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग ध्यान भटकाता है और जानलेवा साबित हो सकता है। नशे की हालत में वाहन न चलाएँ। यातायात संकेतों का पालन करने, रेड लाइट जंप करना या सिग्नल तोड़ना दुर्घटनाओं को न्योता देना है।

गलत दिशा में गाड़ी न चलाएँ और धैर्यपूर्वक ट्रैफिक नियमों का पालन करें। दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करें। सड़क पर किसी को घायल अवस्था में देखने पर तुरंत मदद करें और उसे अस्पताल पहुँचाने की कोशिश करें। सड़क पर हुल्लड़बाजी न करें, बारात, धार्मिक जुलूस, या अन्य समारोहों के लिए ट्रैफिक बाधित न करे, हमेशा सतर्क और जागरूक रहें, दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

एसबीआई कम्पिल शाखा द्वारा 10 लाख की दी गई बीमा सहायता चेक



चेक प्राप्त करती स्व. कुलदीप की पत्नी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय स्टेट बैंक की कम्पिल शाखा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक के डिफेंस सैलरी पैकेज के अंतर्गत स्वर्गीय कुलदीप वर्मा की पत्नी स्वीटी वर्मा को बीमा लाभ के रूप में 10 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। यह चेक भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय हरदोई के क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल सिद्धार्थ द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रदान किया गया। भारतीय स्टेट बैंक अपने डिफेंस सैलरी पैकेज के माध्यम से देश की रक्षा सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रहे जवानों और उनके परिवारों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय और बीमा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है। बैंक का मुख्य उद्देश्य विषम व कठिन परिस्थितियों में जवानों के आश्रित परिवारों को आर्थिक सुरक्षा और संबल प्रदान करना है।

गौमाता का पूजन एवं गुड़ भोग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सनातन संस्कृति और जीव सेवा के प्रेरणास्त्रोत के तहत मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ एवं बरगदिया घाट गौशाला समिति के पदाधिकारियों द्वारा हाल ही में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ गोमाता की विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गोमाता का पूजन कर उन्हें अपने हाथों से गुड़ का भोग लगाया।

गोशाला परिसर में गूंजे गोमाता के जयकारों और इस अदभुत सेवा कार्य से सभी उपस्थितजनों के मन को असीम प्रसन्नता और आंतरिक शांति की अनुभूति हुई। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने सभी सनातन प्रेमियों से आह्वान किया कि जिस प्रकार हमारे शास्त्रों और संस्कृति में गोमाता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, उसी प्रकार प्रत्येक सनातनी को अपने जीवन में गोमाता के प्रति सेवा भाव रखते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन और गुड़-चारा कराना चाहिए।



पूजन करते लोग

यह न केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन है, बल्कि समाज में जीव दया का एक उत्कृष्ट संदेश भी है। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन ने क्षेत्र के लोगों में गोसेवा के प्रति और अधिक उत्साह व जागरूकता का संचार किया है।

उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 42 दुकानों की जांच

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

जिलाधिकारी के निर्देश और मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर मंगलवार को जिले के उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। विकासखंडवार गठित अधिकारियों की टीमों ने कुल 42 उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें अनियमितता पाए जाने पर तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच के दौरान मेसर्स पाण्डेय फर्टिलाइजर सलेमपुर में रेटबोर्ड व स्टॉकबोर्ड अपडेट नहीं मिला। मेसर्स श्री बाला जी खाद भण्डार सलेमपुर के अभिलेख अपूर्ण पाए गए, जबकि मेसर्स कुशवाहा बीज भण्डार सलेमपुर के संचालक दुकान बंद कर मौके से फरार हो गए। इन तीनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है। अभियान में उप कृषि निदेशक बढ़पुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी कमालगंज, सहायक आयुक्त सहकारिता नवाबगंज, जिला उद्यान अधिकारी मोहम्मदाबाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी शमशाबाद, जिला कृषि अधिकारी कायमगंज व क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल रहे।

जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में जिले में स्टॉक उपलब्ध है- यूरिया 29,641 मीट्रिक टन, एनपीके 19,951 मीट्रिक टन



छापेमारी करती टीम

, सिंगल सुपर फास्फेट 11,151 मीट्रिक टन, डीएपी 9,363 मीट्रिक टन, पोटाश 6,799 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आरसीएफ कंपनी की रैक से प्राप्त 350 मीट्रिक टन डीएपी और 150 मीट्रिक टन एनपीके सीधे बिक्री केंद्रों पर भेजी जा रही है तथा आगामी दो दिनों में पीपीएल और एचयूआरएल की रैक भी प्राप्त हो जाएगी। किसान खाद लेने के लिए बिक्री केंद्रों पर अपनी खतौनी और आधार कार्ड अवश्य ले जाएं।

खतौनी के आधार पर प्रति हेक्टेयर अधिकतम 5 बोरी डीएपी और 7 बोरी यूरिया अनुमन्य है। यदि कोई विक्रेता खाद के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग करता है या निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूलता है, तो किसान कार्यालय अवधि में कंट्रोल रूम नंबर 05692-297733 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दोषी विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली रैली

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 16 और 17 नवंबर को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ0 कल्पना सिंह एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ0 वीरेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। अभियान के पहले दिन महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करने की सामूहिक शपथ ली। दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और अमूल्य मानव जीवन की रक्षा हो सके।



जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गौ पूजन

पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में 200 से अधिक गोवंशों का हुआ रजिस्ट्रेशन

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सलेमपुर दुनदेमाई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में दो सैकड़ा से अधिक गोवंशों का आधिकारिक पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से गौ पूजन के साथ किया। कार्यकर्ताओं ने गोवंशों को तिलक लगाया, उनकी आरती उतारी और उन्हें गुड़ तथा ताजा हरा चारा खिलाकर उनका आदर-सत्कार किया। कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेंद्र वर्मा, डॉ0 विवेक चतुर्वेदी, डॉ0 गोपाल यादव ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण व रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को संपन्न कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गंगवार, कमल भारद्वाज, बबलू, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के पशुपालकों को गोवंश के संरक्षण, देखभाल और सरकारी योजनाओं के तहत उनके पंजीकरण के प्रति जागरूक भी किया गया।



गौ पूजन करते भाजपा नेता

एसआरएम टीम के भ्रमण से पहले स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- तीन ब्लॉकों में विशेष टीमों ने किया व्यापक निरीक्षण
- 21 से 24 नवंबर तक एसआरएम टीम करेगी स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण

जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आगामी 21 से 24 नवंबर तक लखीमपुर खीरी से एसआरएम टीम का भ्रमण प्रस्तावित है। टीम के आगमन से पहले स्वास्थ्य इकाइयों की तैयारियों को परखने और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। मोहम्मदाबाद, कमालगंज एवं कायमगंज ब्लॉक के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विशेष टीमों द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की क्रियाशीलता, अभिलेखों के रखरखाव और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को एसआरएम चेकलिस्ट के अनुसार तैयारियां पूरी करने और चिह्नित कमियों को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरसी माथुर, डॉ0 शेखर यादव एवं चंदन यादव की टीम ने मोहम्मदाबाद ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। अस्पताल की साफ-सफाई, लेबर रूम, ओटी, ड्रग स्टोर एवं उपलब्ध उपकरणों की स्थिति देखी गई। निरीक्षण में कुछ कर्मचारियों की अनुपस्थिति के साथ साफ-सफाई एवं उपकरणों के रखरखाव में सुधार की आवश्यकता सामने आई। लैरिंगोस्कोप में सेल उपलब्ध नहीं थे, जिन्हें मौके पर ही डलवाया गया। लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम में रखे ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की सफाई कराने तथा ओटी कक्ष की तत्काल सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर गैसिंगपुर एवं अलावलपुर का निरीक्षण किया गया। डीपीएम कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह एवं डीईआईसी मैनेजर अमित कुमार शाक्य की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज का निरीक्षण किया। यहां अधीक्षक डॉ0 अजय कुमार सिंह सहित अन्य स्टाफअपने निर्धारित कक्षों में उपस्थित मिला। कमालगंज ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उबरीखेड़ा के निरीक्षण में सीएचओ सचिन कुमार उपस्थित मिले, जबकि एएनएम वर्तिका अनुपस्थित थीं।खुदागंज केंद्र का निरीक्षण किया गया। कैथा केंद्र पर सीएचओ स्वाति एवं एएनएम शुभि उपस्थित मिलीं। कायमगंज ब्लॉक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सरवर इकबाल एवं डीएमएचसी अतुल गुप्ता ने विभिन्न उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। पितौरा उपकेंद्र पर सीएचओ ज्योति एवं एएनएम तस्मी उपस्थित मिलीं। नरसिंहपुर उपकेंद्र पर सीएचओ प्रीति उपस्थित मिलीं तथा 74 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं। गौटोला उपकेंद्र पर सीएचओ के मातृत्व अवकाश पर होने तथा चाबी उपलब्ध न होने के कारण केंद्र का निरीक्षण नहीं हो सका। चिलौली उपकेंद्र भी बंद मिला। यहां सीएचओ शिवम दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए हुए थे तथा एएनएम का पद रिक्त बताया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय के निर्देशन में किए जा रहे इन निरीक्षणों का उद्देश्य एसआरएम टीम के प्रस्तावित भ्रमण से पहले स्वास्थ्य इकाइयों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना है। आगामी 21 से 24 नवंबर तक लखीमपुर खीरी से आने वाली टीम जनपद की स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण करेगी।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत छात्राओं और प्राध्यापकों ने ली शपथ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

नारायण आर्य कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 नवंबर से 30 नवंबर के अंतर्गत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो0 पारुल मिश्रा के निर्देशन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिल्पी मिश्रा के संयोजन में संपन्न हुए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिल्पी मिश्रा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हमारी लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि हम खुद नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, तो अनगिनत अमूल्य जानें बचाई जा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे इस संदेश को अपने परिवार और मोहल्ले तक पहुँचाएँ।



शपथ लेती छात्रायें व विद्यालय स्टाफ

प्राचार्य प्रो0 पारुल मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शासन या प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में छात्राओं के लिए निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण और जागरूकता रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सके। संचालन डॉ0 शिल्पी मिश्रा ने किया।

मिड-डे मील बनाते समय गैस पाइप लगी आग, रसोइया झुलसी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- शिक्षकों ने झुलसी रसोइया को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लिंजीगंज में भर्ती कराया

लिंजीगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार सुबह मिड-डे मील तैयार करते समय अचानक गैस का पाइप निकलने से भड़की आग की चपेट में आने से रसोइया गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए गजब की सूझबूझ दिखाई और समय रहते गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद कर दिया, जिससे आग आगे नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह विद्यालय में रसोइया मालती बच्चों के लिए गैस भट्ठी पर दाल बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस का पाइप निकल गया और गैस लीक होने से आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से मालती झुलस गईं। घटना के वक्त घबराने के बजाय रसोइया मालती ने तुरंत सूझबूझ का परिचय दिया और तेजी से आगे बढ़कर गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद कर दिया। आग तुरंत नियंत्रण में आ गई और सिलेंडर तक लपटें नहीं पहुंच पाई। घटना के तुरंत बाद शिक्षकों ने झुलसी रसोइया को इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल लिंजीगंज में भर्ती कराया। जहां वह खतरे से बाहर है।



अस्पताल में भर्ती रसोइया

कुंडा क्षेत्र सनातन के रंग में सराबोर, चहुंओर गूंजा जय श्री राम का जयकारा

बाबा बागेश्वर की भी हुई जय-जयकार, श्रीराम कथा के प्रथम दिन दिग्गजों का कथा स्थल पर जमावड़ा

- बाबा रामदेव, बृजभूषण शरण सिंह, निशिकांत दुबे समेत कई हस्तियों ने लिया आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

बहुचर्चित बेंती स्थित राजा भैया के आवास पर मंगलवार से शुरू हुई बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा के साथ पूरा कुंडा भक्तिमय माहौल में नजर आया। क्षेत्र में हर तरफसनातन संस्कृति और बाबा बागेश्वर के जयकारों की गूंज सुनाई दी। कथा के पहले दिन धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। योग गुरु बाबा रामदेव, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष सहित शीर्ष साधु-संत कथा में पहुंचे। इनके अलावा सांसद निशिकांत दुबे, अभय सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, सांसद संजीव कुमार बालियान भी आयोजन में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बागेश्वर महाराज से आशीर्वाद लिया और श्रीराम कथा का श्रवण किया। दिग्गजों की मौजूदगी से कथा स्थल पर श्रद्धालु भक्तगणों का उत्साह सातवें आसमान पर देखने को मिल रहा था।









बागेश्वर कथा पर ड्रोन की नजर, पंडाल से पार्किंग तक निगरानी में जुटी पुलिस

कुंडा-प्रतापगढ़। बेंती में आयोजित कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री की धार्मिक कथा को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं चाहता। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस ड्रोन कैमरे से आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रही है। ड्रोन के जरिए कथा पंडाल, श्रद्धालुओं की भीड़, प्रवेश एवं निकास मार्गों, पार्किंग स्थलों और आसपास के आवागमन पर नजर रखी जा रही है। भीड़ की स्थिति और यातायात व्यवस्था की निगरानी कर आवश्यक सूचनाएं संबंधित पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई जा रही हैं। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

- श्रद्धालुओं की भीड़ प्रवेश-निकास मार्ग और यातायात व्यवस्था पर रखी जा रही पैनी नजर

राजा भैया का दबदबा था, दबदबा रहेगा: बृज भूषण सिंह

कुंडा-प्रतापगढ़। बेंती में आयोजित बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री की कथा के बीच पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का यह बयान चर्चा में है। उन्होंने राजा भैया के राजनीतिक प्रभाव को लेकर कहा कि राजा भैया का दबदबा था, दबदबा रहेगा। बृज भूषण सिंह कि इस गर्जना से पूरा पंडाल श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट वह राजा भैया जिंदाबाद से गूंज उठा।

रिटायर्ड प्रधानाध्यापक मेवालाल का निधन

कुंडा-प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के लरू गोबरा निवासी प्राथमिक विद्यालय के रिटायर्ड प्रधानाध्यापक मेवालाल यादव 85 वर्ष का निधन हो गया। मृदभाषी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी मेवा लाल जी अपने पीछे नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार को अलविदा कहकर दुनिया से चले गए। जानकारी पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके पैतृक आवास पर तांता लग गया। उनका अंतिम दाह संस्कार गांव के पास ही उनकी जमीन पर कर किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र बलवंत यादवन दिया। इस मौके पर मां ज्वाला मुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष केदारनाथ यादव, ऑडिटर राम सुमेर यादव, पूर्व प्रधान रामस्वरूप यादव, सज्जन कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्र की अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। कुडा कोतवाली व नगर क्षेत्र के कबारियागंज निवासिनी बिटोला मिश्रा 61 वर्ष पत्नी बद्री नारायण मिश्रा बाइक से जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर घूम रहा आवारा सांड की टक्कर में घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के महावीर का पुरवा राम राज पाल 40 वर्ष पुत्र राम सजीवन पर बाइक से जाते रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आशिक गांव निवासी मोहम्मद शमीम 18 वर्ष पुत्र मोहम्मद अबसार बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के करेंटी रोड गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पांडेय 70 वर्ष पुत्र द्वारिका प्रसाद पांडेय स्कूटर से जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिकसस्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद शमीम को गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफ़र किया गया है।

प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट-पीटकर हत्या, प्रेमिका समेत दो हिरासत में

प्रतापगढ़। परदहा सुमेर गाँव में अवैध संबंध के संदेह और विरोध के चलते सोमवार रात करीब 2 बजे एक दर्दनाक घटना में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक सिलाजीत उर्फ जिल्लू (35) की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी और उसका कोई बच्चा नहीं था। पुलिस और ग्रामीणों के मुताबिक, सिलाजीत का गांव की ही माला देवी (35) से पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका पति सूरत में नौकरी करता है। सिलाजीत का अक्सर माला के घर आना-जाना था और वह सोमवार रात करीब 2 बजे उससे मिलने उसके घर पहुंचा था, जिसे लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने उसे पकड़कर लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ प्रदीप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। मृतक के पिता राम लवट ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 7 बजे बेटे की हत्या की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमिका माला देवी तिवारी और उसके जेठ उमा प्रकाश तिवारी को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

पूर्व प्रधान के बेटे आरिफहत्याकांड का तीसरे दिन भी खुलासा नहीं, दो युवतियों से पूछताछ की तैयारी

प्रतापगढ़। मानधाता थाना क्षेत्र के शोभीपुर परशुरामपुर गांव में पूर्व ग्राम प्रधान रियाजुद्दीन के 25 वर्षीय बेटे मो. आरिफउर्फशकील की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में तीसरे दिन भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। शनिवार सुबह आरिफका शव उसके घर में बेड पर घुटने के बल तार से लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि तार से गला कसकर हत्या करने के बाद शव को लटकाया गया था। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया था। वारदात के खुलासे के लिए पुलिस ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल और घर के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिली। अब पुलिस आने-जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरों की फुटेज देख रही है। जांच में सामने आया कि आरिफदो युवतियों के संपर्क में था और एक युवती को उसने अपने नाम पर सिमकार्ड खरीदकर दिया था। हत्या वाली रात भी उसकी एक युवती से फोन पर बात हुई थी। सीओ रानीगंज प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि पुलिस दोनों युवतियों से पूछताछ कर और पुरानी रंजिश समेत कई अन्य बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है।

डीएम ने प्रशासनिक फेरबदल कर बदले तीन एसडीएम के कार्यक्षेत्र

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल करते हुए उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसके तहत जयसिंहपुर की न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजुल मयंक को कादीपुर एसडीएम का प्रभार सौंपा गया है। कादीपुर के एसडीएम विनीत कुमार को सदर में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।वहीं, जयसिंहपुर के एसडीएम संदीप यादव को अपर उपजिलाधिकारी सदर बनाया गया है, जबकि अपर उपजिलाधिकारी सदर प्रीति जैन को एसडीएम जयसिंहपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक फेरबदल का आदेश जारी कर दिया गया है।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का धरना आज

सुलतानपुर। शिक्षकों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से 18 नवंबर, बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

मां की चौथी पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे अंगवस्त्र सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या के बाद हुआ महाप्रसाद वितरण

चांदा, सुलतानपुर। क्षेत्र के ईशीपुर गांव में मंगलवार को स्वर्गीय जानकी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उनके पुत्र युवा समाजसेवी विनोद मिश्रा, अनिल मिश्रा, राकेश मिश्रा, धीरेन्द्र मिश्रा और पुत्री नंदनी दूबे के सौजन्य से गरीबों और जरूरतमंदों को अंगवस्त्र वितरित किए गए। महिलाओं को साड़ियां और पुरुषों को वस्त्र दिए गए। कार्यक्रम में ग्वालियर से आए कथावाचक पंडित अंकित शर्मा और उनकी टीम ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा पांडेय, प्रभात कुमार दूबे, प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अंशुमान मिश्रा, पार्थ मिश्रा, संतोष पांडेय, उदयराज मिश्रा, राम आसरे मिश्रा और रामतेज सभापति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नाले में मिला अधनग्न महिला का सड़ा-गला शव, इलाके में सनसनी

- हाथ पर गुदा मिला 'शीतला सिंह' नाम कई दिन पुराना बताया जा रहा शव

समृद्धि न्यूज़, बल्दीराय सुलतानपुर।

बल्दीराय थाना क्षेत्र में कूरेभार-हलियापुर मार्ग पर हैहनाखुर्द और ककरहवा गांव के बीच मंगलवार को नाले में एक अज्ञात महिला का सड़ा-गला और अधनग्न शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की हालत देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय थाना क्षेत्र में हैहनाखुर्द निवासी स्वर्गीय शिवपूजन सिंह के घर के पीछे स्थित नाले में ग्रामीणों ने पानी के बीच महिला का शव उतराता देखा। सूचना पर थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। नायब तहसीलदार गुलाब सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की।प्रथम दृष्टया महिला की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है। शव कई दिन पुराना होने के कारण फूलकर विकृत हो चुका था। महिला के शरीर पर कत्थई रंग का पेटीकोट मिला। उसके बाएं हाथ पर 'शीतला सिंह' नाम गुदा हुआ था, जबकि बाईं कलाई में पीतल का कड़ा था। पुलिस इन्हीं निशानों के आधार पर महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी मौत की वजहः महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव नाले तक कैसे पहुंचा, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। हत्या या अन्य किसी कारण से मौत होने की भी पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

केएनआई में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

सुलतानपुर। कमला नेहरू विधि संस्थान में सोलस्पायर संस्था की ओर से मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशहाली विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र यादव, विधि विभागाध्यक्ष डॉ. सुधाकर शुक्ला और मुख्य वक्ता नबरास मेहंदी जैदी ने संस्थान के संस्थापक बाबू केएन सिंह एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता एवं सोलस्पायर की संस्थापक नबरास मेहंदी जैदी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तिगत विकास के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आत्मजागरूकता और भावनात्मक दृढ़ता के माध्यम से विद्यार्थी अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अब्दुल हफीज खान ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. राम बेलाश चौधरी, डॉ. हरिशंकर गौतम, डॉ. रविशंकर, डॉ. बजरंगी, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह और डॉ. जितेंद्र पाठक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा घर, नहीं हुआ अंतिम संस्कार

- चांदा थाना क्षेत्र के घूरीपुर गांव का मामला

समृद्धि न्यूज़, चांदा सुलतानपुर।

सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर परिजनो ने अंतिम संस्कार नहीं किया।परिजन मामले के खुलासे की मांग पर अड़े है।एसडीएम सीओ सहित कई थाने की पुलिस मान मनौवल में जुटी है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के घुरीपुर गांव से जुड़ा है।गांव निवासी अमन गौतम(18)पुत्र राम चरन का शव गांव के सामुदायिक शौचालय के पास सोमवार को मिला था। पुलिस ने मृतक के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज शव का पोस्टमार्टम कराया।मंगलवार को शव गांव पहुंचने के बाद परिजन मामले के खुलासे की मांग करने लगे। खबर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका।परिजनो को समझाने बुझाने में एसडीएम लम्भुआ ज्वांइट मजिस्ट्रेट अंशुल हिन्दल, सीओ ऋतिक कपूर के साथ कोतवाल धीरज कुमार, धर्मवीर सिंह व चांदा कोतवाल राजकुमार वर्मा मौके पर मौजूद है।सीओ ने बताया कि परिजनो ने अभी अंतिम संस्कार नहीं किया है।उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।





विधानसभा ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

- जिले की 5 विधासभाओं सहित जगदीशपुर आंशिक में कुल 17 लाख 9 हजार 572 मतदाता

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

विधानसभा चुनाव 2027 के लिए ड्राफ्ट मतदाता सूचना का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार जिले के कुल 17 लाख 09 हजार 572 मतदाता है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया।ड्राफ्ट मतदाता सूची में जगदीशपुर आंशिक विधानसभा में 25 हजार 876 पुरुष,20 हजार 789 महिला, 02 तृतीय लिंग के मतदाताओं को मिलाकर कुल 46 हजार 667 मतदाता,इसौली विधानसभा में 01 लाख 72 हजार 670 पुरुष,01 लाख 48 हजार 572 महिला,11 तृतीय लिंग को मिलाकर 03 लाख 21 हजार 253 मतदाता, सुल्तानपुर विधानसभा में 01 लाख 74 हजार 326 पुरुष,01 लाख 54 हजार 623 महिला,10 तृतीय लिंग को मिलाकर कुल 03 लाख 28 हजार 959 मतदाता,सदर विधानसभा में 01 लाख 69 हजार 481 पुरुष, 01 लाख 46 हजार 531 महिला, 02 तृतीय लिंग को मिलाकर कुल 03 लाख 16 हजार 14 मतदाता, लंभुआ विधानसभा में 01 लाख 85 हजार 618 पुरुष,01 लाख 60 हजार 675 व 02 तृतीय लिंग को मिलाकर कुल 03 लाख 46 हजार 295 मतदाता,कादीपुर सुरक्षित सीट पर 01 लाख 88 हजार 555 पुरुष,01 लाख 61 हजार 821 महिला व 08 तृतीय लिंग को मिलाकर कुल 03 लाख 50 हजार 384 मतदाताओं का नाम शामिल है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं है उनके लिए 21 ,22 व 28, 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। इस मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशाशन रत्नप्रिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कूड़ा निस्तारण में लापरवाही पर ईओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें ठोस अपशिष्ट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन की समीक्षा की गई। कूड़ा उठान एवं निस्तारण की व्यवस्था खराब मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिशासी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजने तथा अनुपस्थित ईओ से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े का नियमित उठान, पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा।डीएम ने बायोमेडिकल वेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट मांगी तथा एसटीपी का स्थलीय निरीक्षण कर बीओडी-सीओडी की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वरिष्ठता सूची की विसंगतियां दूर होते ही शुरू होगी शिक्षकों की पदोन्नति

सुलतानपुर। शिक्षकों की पदोन्नति में हो रहे विलंब और वरिष्ठता सूची की विसंगतियों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री डॉ. हृषिकेश भानु सिंह और जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव शामिल रहे।

वार्ता के दौरान बीएसए ने बताया कि वरिष्ठता सूची में भ्रामक सूचनाएं देने और महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत तथ्य देकर वरिष्ठता सूची में अपना क्रम प्रभावित करने वाले शिक्षक तत्काल अपनी प्रविष्टियां दुरुस्त करा लें, अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय एवं विधिक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूची की सभी विसंगतियां दूर कर त्रुटिरहित सूची जारी होते ही पदोन्नति प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों के करीब एक हजार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लगभग 570 पदों पर पदोन्नति होनी है।इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी नामवर सिंह यादव से मुलाकात की। जिला प्रवक्ता निजाम खान ने इसकी जानकारी दी।

विधानसभा चुनाव-2027 के लिए संवेदनशील बूथों की होगी पहचान

- सेक्टर मजिस्ट्रेट तीन दिन में पुलिस अधिकारियों के साथ करेंगे क्षेत्र भ्रमण, बूथों पर सुविधाओं का होगा सत्यापन

सुलतानपुर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदेय स्थलों के चिन्हांकन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व के चुनावी अनुभवों, मतदान में संभावित बाधाओं, मतदाताओं पर दबाव और भय जैसे पहलुओं के आधार पर संवेदनशील बूथों की पहचान करने को कहा। निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित सीओ के साथ तीन दिन में क्षेत्र भ्रमण कर वीएम-2 रिपोर्ट तैयार करें और बूथों का भौतिक सत्यापन करें।डीएम ने प्रत्येक बूथ पर बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप, फर्नीचर और बाउंड्रीवाल सहित न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सीडीओ विनय कुमार सिंह और एडीएम प्रशासन रत्नप्रिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना कार्य में प्रदेश में दूसरा स्थान दिलाने पर एसडीएम गरिमा सोनाकिया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय में पूरा कर जनपद औरैया को प्रदेश में दूसरा स्थान दिलाने पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी गरिमा सोनाकिया को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी सुलतानपुर इन्द्रजीत सिंह ने मंगलवार को उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जनगणना निदेशालय, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में गरिमा सोनाकिया के कुशल नेतृत्व, प्रभावी समन्वय, सुव्यवस्थित कार्ययोजना और समर्पित प्रयासों की सराहना की गई है। जनपद औरैया में 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित अवधि में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराया गया था।जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सम्मान बेहतर प्रशासनिक नेतृत्व, टीम भावना और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है।

